सुप्रभात
रांची, मंगलवार
24.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 192



12 एक-दूजे के हुए अथिया और क्रिकेटर केएल राहुल

## न्यूज डायरी

### चतरा में मुठभेड़, भारी मात्रा में सामान बरामद

**चतरा।** चतरा-पलामू सीमा स्थित कुटिल-जोबिया जंगल में सोमवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच सीधी भिड़ंत हुई। करीब दो घंटे तक चली मुठभेड़ में दोनों ओर से रूक-रूक कर फायरिंग होती रही। इस दौरान सुरक्षा बलों ने कई सामान बरामद किये।

### नेताजी सदा याद किये जाते रहेंगे : मुख्यमंत्री

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने महान स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष और अमूल्य योगदान के लिए नेताजी सदा याद किये जाते रहेंगे।

### स्वामी रामदेव 28 को आयेंगे मधुबन

**रांची।** योग गुरु स्वामी रामदेव 28 को मधुबन पहुंचेंगे। बाबा रामदेव गिरिडीह के सम्मेद शिखर मधुबन के बीस पंथी कोठी में आयोजित आठ दिवसीय महापर्याण महोत्सव में हिस्सा लेंगे। वह बीस पंथी कोठी में एक बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। अन्न प्राशन करने वाले जैन मुनि प्रमाण सागर जी से मिलकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे।

### सीवान में जहरीली शराब से फिर 8 की मौत

**पटना।** सीवान में पिछले 24 घंटों में जहरीली शराब पीने से 8 लोगों की मौत हो गयी। एक मौत गोपालगंज में भी हुई है। 14 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। इनमें 6 लोगों की आंखों की रोशनी चली गयी।

# पराक्रम दिवस पर अलबर्ट एक्का द्वीप मोदी ने देश को सौंपा

## अंडमान निकोबार के 21 बड़े अनाम द्वीप अब परमवीर चक्र विजेताओं के नाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती ,पराक्रम दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखने की घोषणा की। इनमें एक द्वीप झारखंड के लाल परमवीर चक्र विजेता लांस नायक शहीद अल्बर्ट एक्का के नाम पर रखा गया है। 1971 के युद्ध में परमवीर अलबर्ट एक्का ने अपने दम पर 65 पाक सैनिकों को मार गिराया था। इस मौके पर पीएम मोदी ने नेताजी के नाम वाले द्वीप पर बनाये जानेवाले सुभाष चंद्र बोस को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के एक मॉडल का भी अनावरण किया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए और नेताजी की स्मृति का सम्मान करने के लिए, 2018 में द्वीप की यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने रॉस द्वीप का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप कर दिया गया था।




**अकेले 65 पाक सैनिकों को मार गिराया था एक्का ने :** झारखंड के गुमला में जन्मे लांस नायक अलबर्ट एक्का 1971 के भारत-पाक युद्ध में चौदहवीं गाड्र्स की अग्रिम कंपनी में तैनात थे। गंगासागर मे दुश्मन के प्रतिरक्षा ठिकानों पर आक्रमण के दौरान चार दिसंबर 1971 को लांस नायक एक्का ने देखा कि दुश्मन की मशीनगन की गोलीबारी से उनकी कंपनी को बहुत नुकसान हो रहा है। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की पूरी तरह उपेक्षा करते हुए उन्होंने दुश्मन के बंकर पर धावा बोल दिया और दो दुश्मन सैनिकों को ढेर कर दिया। अचानक एक इमारत से मीडियम मशीनगन से गोलीबारी होने लगी। बुरी तरह जख्मी होने के बावजूद वह रेंगते हुए आगे बढ़े और हथगोला फेंककर एक सैनिक को मार डाला। एमएमजी से गोलीबारी जारी थी लेकिन लांस नायक एक्का ने उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी सेना के एक संतरी को गोली मारकर दुश्मन के इलाके में घुस गये। उन्होंने पाक सेना का बंकर उड़ा दिया, और 65 पाक सैनिकों को मार गिराया। इस तरह उन्होंने आक्रमण की सफलता सुनिश्चित की। उनके इस अदम्य साहस को दोखते हुए उन्हें परमवीर चक्र से नवाजा गया। इस मौके पर पीएम ने कहा, समंदर किनारे लहराते तिरंगे को देख कर लोगों में देशभक्ति का रोमांच बढ़ जाता है।

# हजारीबाग में हादसा 3 की झुलस कर मौत

- मिलादुन्नबी के जुलुस वाहन बिजली तार की चपेट में आ गया
- मृतकों के परिजनों को विधायक अंबा ने सौंपा 5-5 लाख का चेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम सिरमा में जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस का वाहन 11 हजार वोल्ट बिजली के तार की चपेट में आ गया। इससे झुलक कर जुलूस में शामिल तीन लोगों की मौत हो गयी। कई लोग जख्मी भी हो गये। 11 हजार वोल्ट बिजली का काफी नीचे झूल रहा था, जिसके कारण ये हादसा हुआ। खबर मिलते ही विधायक अंबा प्रसाद सिरमा छवनिया पहुंची और मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने ऐसी दर्दनाक घटना की पुनरावृत्ति ना हो यह सुनिश्चित किया जायेगा। पूरे क्षेत्र में अभियान चलाकर सभी बिजली उपकरणों और लटके तारों को ठीक कराने का कार्य किया जायेगा।

अंबा प्रसाद ने मृतकों के परिजनों से उनके घर पहुंच कर मुलाकात की। साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने मृतक मोहम्मद सरफराज के पिता मोहम्मद अब्बास, मृतक ओबेदुल्ला की पत्नी नसीमा खातून, मृतक मोहम्मद नियामत की पत्नी तरहारूण खातून को 5-5 लाख का चेक सौंपा। वह दिनभर घायलों के बेहतर इलाज में लगी रहीं।

(शेष पेज 11 पर)

### इडी ने साहिबगंज डीसी को छह को फिर बुलाया

**रांची।** साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ रुपये के खनन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने डीसी रामनिवास यादव से सोमवार को लगभग सात घंटे तक पूछताछ की। डीसी ने सही तथ्य पेश करने के लिए 10 दिनों का अतिरिक्त समय मांगा। इडी ने उन्हें छह फरवरी को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी ने डीसी से पूछा कि क्या आपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से किया। डीसी अधिक्तर सवालों के जवाब नहीं दे पाये। 2015 बैच के आइएएस अधिकारी रामनिवास यादव ने अक्टूबर 2020 में साहिबगंज के उपायुक्त के रूप में ज्वाइन किया था। आरोप है कि सबसे ज्यादा अवैध पत्थर खनन और परिवहन उन्हीं के शासन में हुआ। उन्हें समन जारी कर सोमवार को अपने दफ्तर में उपस्थित होने कहा था।

## आदिवासी हित की बात पर केंद्रीय एजेंसियां पीछे लग जाती हैं : हेमंत

# झारखंडी ही चलायेंगे झारखंड

**बीस साल में झारखंड में सिर्फ मजदूर ही बने**

### सिमडेगा जोहार यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिमडेगा में खतियानी जोहार यात्रा में लोगों को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंडियों ने साबित कर दिया कि यहां के लोग भी सरकार चला सकते हैं। केंद्र पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब हम आदिवासियों के हित की बात करते हैं तो केंद्र सरकार हमारे पीछे जांच एजेंसियां लगा देती है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद आदिवासियों ने अपना मुख्यमंत्री बनाकर साबित कर दिया है कि यहां के लोग सरकार बना भी सकते हैं और चला भी सकते हैं। सीएम ने कहा कि खतियानी यात्रा यह बताने के लिए है कि झारखंड वासियों को बिना संघर्ष किये कुछ नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से गुजराती गुजरात,बंगाली बंगाल, ओड़िशा को ओड़िया चलाते हैं तो झारखंड भी झारखंडी ही चलायेंगे। सिमडेगा के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में खतियानी जोहार यात्रा में सीएम ने कहा कि कुछ लोग राज्य की जनता को दिग्भ्रमित करने में लगे हुए हैं।



(शेष पेज 11 पर)

### बूढ़ापहाड़ जा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे सीएम

सीएम हेमंत सोरेन 27 को बूढ़ापहाड़ जायेंगे और ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। बूढ़ापहाड़ को नक्सलमुक्त कराये जाने के बाद वहां सीएम की यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। हेमंत सोरेन राज्य के पहले सीएम हैं जो बूढ़ापहाड़ के इलाके में पहुंचेंगे। वह हेलीकॉप्टर से वहां पहुंचेंगे और कई घंटे तक इलाके में रहेंगे। लोगों से बातचीत करेंगे। वहीं बूढ़ापहाड़ इलाके में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। सीएम के साथ मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और सीआरपीएफ के टॉप अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसकी तैयारियों जोरों से चल रही है।



### जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री पहुंचे पश्चिमी सिंहभूम

# गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ सुविधाएं दें पदाधिकारी : सीएम

**सीएम ने अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, मुफस्सिल थाना और महिला थाना का किया निरीक्षण, आवासीय विद्यालय में सौर ऊर्जा की व्यवस्था और थाना परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था और हाजत में बंद कैदियों को मूलभूत सुविधाएं देने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता





**चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय के पुनर्निमाण कार्य में किसी तरह की खामी न रहे। बच्चे राज्य के भविष्य हैं। इन्हें गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ सरकार की योजनाओं और सुविधाएं मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चाईबासा में अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय के चल रहे पुनर्निर्माण कार्य का कल निरीक्षण करने के क्रम में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने स्कूल की बच्चियों के साथ मुलाकात कर उनकी पढ़ाई- लिखाई की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में यहां उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा। उन्होंने इस क्रम में शौचालय, कैंटीन, बिजली, सभाकक्ष, क्लासरूम आदि का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य में शौचालय की व्यवस्था को बेहतर करने का निर्देश दिया। वहीं, बिजली बिजली आपूर्ति के वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल करने का भी निर्देश दिया।

**मुफासिल थाना एवं महिला थाना का निरीक्षण :** मुख्यमंत्री ने चाईबासा के मुफासिल थाना एवं महिला थाना का भी निरीक्षण किया। थाने की साफ-सफाई को देख कर उन्होंने नाराजगी जताई।

उन्होंने थाना परिसर की स्वच्छता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हाजत का निरीक्षण के क्रम में कहा कि यहां जो भी कैदी रखे जाएं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि थाना में जब्त किए गए गाड़ियों का उचित प्रबंधन करें।

### मौके पर ये नेता-मंत्री रहे मौजूद

इस अवसर पर मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्रीमती जोबा मांझी, चक्रधरपुर विधायक श्री सुखराम उरांव, चाईबासा विधायक श्री दीपक बिरुआ, मझगांव विधायक श्री निरल पूर्ति, जगन्नाथपुर विधायक श्री सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे, आयुक्त कोल्हान श्री मनोज कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक, उपायुक्त, पश्चिम सिंहभूम श्री अनन्य मित्तल, पुलिस अधीक्षक पश्चिम सिंहभूम श्री आशुतोष शेखर एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हीराबेन समेत अन्य दिवंगत आत्माओं को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति की बैठक में हेमन्त दास द्वारा शोक प्रकाश रखा गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्म देनेवाली पूजनीया माता स्व हीरा बेन के साथ साथ स्व समरेश सिंह, हेमेन्द्र प्रताप देहाती, स्व शारदा प्रसाद मिश्र, स्व प्रशांत कुमार, स्व संजय तुरी, स्व राहुल पासवान, स्व दामोदर सिंह चौधरी, स्व. सुमीत केशरी, स्व शिवनारायण गुप्ता, स्व सुखपाल, स्व रामजीलाल सिंघानिया, स्व वाल्मिकी सिंह, स्व गणेश साह, अधीर मंडल, स्व बलराम राय, स्व सुनील नाथ के आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण किया गया।

### देवघर स्थित मैहर गार्डन में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

# घुसपैठियों के कारण बदल रही संथाल परगना की डेमोग्राफी : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सोमवार को देवघर स्थित मैहर गार्डन में हुई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने सुभाष जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का संबंध झारखंड के रामगढ़ एवं गोमो से रहा है। बोस जी को अंतिम बार गोमो में देखा गया था। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार के कारण लूट, झूठ और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी बदलाव हो रहा है। इसके कारण रोजगार और कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। इससे पूर्व दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्प्रात मंचासीन पदाधिकारियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया।

मंच पर विराजमान दीपक प्रकाश, बाबुलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, संगठन क्षेत्रीय महामंत्री नागेन्द्रनाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा, केंद्र सरकार की शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी को नारायण दास, जेपी पटेल, नीलकंठ सिंह मुंडा, विनोद शर्मा, गंगोत्री कुजूर, अपर्णा सेन गुप्ता के द्वारा बाबा बैधनाथ की स्मृति चिन्ह, शाल तथा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश तथा संचालन प्रदेश के मंत्री मिस्त्री सोरेन ने किया। राज्य संपोषित तथा परिवार संपोषित भ्रष्टाचार व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार आदिवासी विरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी, पिछड़ा विरोधी, किसान विरोधी है। एक साल में 5 लाख नौकरी देने का वादा करके सत्ता में आयी सरकार तीन साल में मात्र 357 नौकरी देने में सफल हुई है। राज्य में आज बहन बेटियां सुरिक्षत नहीं है। सबसे ज्यादा आदिवासी बहनों के साथ अत्याचार हो रहा है।

सांसद सुनील सोरेन ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा तथा समर्थन विधायक अनंत ओझा एवं केदार हाजरा ने किया। राजनीतिक प्रस्ताव पर सांसद निशिकान्त दुबे तथा सूरज मंडल ने भी अपने विचार रखे।

# आज से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर अनुबंधित चिकित्सा कर्मी

### एक हफ्ते से हड़ताल पर हैं अनुबंधित चिकित्सा कर्मी

### आंदोलन के दौरान किया रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम संघ मंगलवार से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर जायेंगे। यह जानकारी संघ की प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी सिंह और प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले एक हफ्ते से अनुबंधित चिकित्सा कर्मी हड़ताल पर हैं। परंतु सरकार उनकी बातों को नजरअंदाज कर रही है। मंगलवार से संघ ने आमरण अनशन की घोषणा की है। यह न सिर्फ राजधानी मुख्यालय में बल्कि सभी जिलों के मुख्यालय में आयोजित होगा।

**एजेंसी के कर्मियों को सरकार देती है 28 हजार रुपये :** प्रदेश के नेताओं ने बताया कि उन्हें उनका हक देने की बजाये एजेंसी के कर्मचारियों से गुपचुप तरीके से काम ले रही है। उन्होंने कहा कि वह अपना हक और अधिकारी लेकर रहेंगे। वीणा सिंह ने कहा कि सरकार एक ओर एजेंसी को कर्मचारियों के भुगतान के लिए 28 हजार रुपये दे रही है। वहीं दूसरी ओर से पिछले 16 साल की सेवा के बाद भी उन्हें 15 हजार रुपये दिया जा रहा है। उन्होंने अनुबंध कर्मियों को 2014 नियमावली के आधार नियमित करने की मांग की।

**हड़ताल के मौके पर किया रक्तदान :** हड़ताल पर बैठे संघ के सदस्यों ने सोमवार को धरना स्थल रांची और धनबाद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 34 यूनिट रक्त संग्रह किये गये। कर्मियों ने कहा कि भले ही हड़ताल के दौरान सरकार की ओर उनकी सउध लेने कोई नहीं आ रहा हो। परंतु वह राज्य की जनता के प्रति समर्पित हैं। उनी सेवा को सदैव तैयार हैं। यही कारण है कि हड़ताल के दौरान उन्होंने रक्तदान किया।

### सीपीआइ राज्य कार्यालय में सेमिनार का आयोजन

# मोदी सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति से रोजगार मिलना संभव नहीं : बनर्जी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन व ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के संयुक्त बैनर तले सीपीआई राज्य कार्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसकी शुरूआत भारतीय कम्युनिस्ट के प्रदेश सचिव पाठक ने की। सेमिनार में रोजगार विहीन नई शिक्षा नीति एवं युवाओं की चुनौतियां पर चर्चा की गयी। सेमिनार में मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री शिव कुमार बनर्जी, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर त्रिमलाई, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखविंदर महेश्वरी, राष्ट्रीय सचिव रोशन कुमार, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अफताब आलम मौजूद थे। पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री श्रीकुमार बनर्जी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 से लोगों को रोजगार मिलना संभव नहीं है। इससे देश के छात्र एवं नौजवानों को कोई फायदा नहीं होने वाला है। इसलिए छात्रों को एक बड़ी लड़ाई लड़नी चाहिए। ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर त्रिमिलाई रमन ने कहा कि देश के युवाओं के पास रोजगार की कोई साधन नहीं है। छात्र नौजवान दोनों हासिए पर है, केंद्र की मोदी सरकार युवाओं को ठगती रही है। देश के छात्र नौजवानों को मोदी सरकार के विरोध में सड़क पर उतरना चाहिए। सेमिनार में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखविंदर महेश्वरी, रोशन कुमार, अजय कुमार सिंह, रुचिर कुमार तिवारी, विष्णु कुमार, आफताब आलम खान, सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्य संचालन समिति का निर्माण किया गया। जिसके संयोजक रुचिर कुमार तीवारी, विष्णु कुमार, प्रकाश रजक, अंबुज ठाकुर, अजय कुमार सिंह सहित 15 सदस्य कमेटी का निर्माण किया गया। सेमिनार में पीके पांडे, अजय कुमार सिंह, आफताब आलम खान, मनोज महतो, विष्णु कुमार, प्रिया प्रवीण, फरजान फारुकी, मिहिर चौधरी, आफाक, अमानत खान, सरफत इमरान अंसारी, अनिल कुमार साहू, चंद्रशेखर तिवारी आदि थे।

### तत्कालीन उप परिवहन आयुक्त मनोज कुमार भ्रष्टाचार के आरोप से मुक्त

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची के तत्कालीन उप परिवहन आयुक्त मनोज कुमार को विभाग ने भ्रष्टाचार के आरोप से मुक्त कर दिया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर बाकायदा अधिसूचना जारी की गई है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनोज कुमार पर 2017 में कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने, परमिट आवेदनों की जानबूझकर लंबित रखने व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। इसके अलावा जाली परमिट निर्गत करने, स्वेच्छारिता, कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का भी आरोप लगा था। पूरे मामले पर परिवहन विभाग ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया और कार्मिक विभाग के पास जांच की अनुशंसा की गयी। एक जुलाई 2017 को उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। मनोज कुमार ने इस पर जवाब दिया।

विभागीय जांच पदाधिकारी की रिपोर्ट और स्पष्टीकरण की समीक्षा के बाद यह बात सामने आयी है कि जो आरोप लगाये गये हैं वह प्रमाणित नहीं हुए। ऐसे में कार्मिक विभाग ने उन्हें आरोपों से मुक्त करने का फैसला लिया है।

# अपनी मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष चौकीदार-दफादार संघ का धरना शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सोमवार को झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा राजभवन के सामने 6 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन घेरा डालो, डेरा डालो आंदोलन शुरू किया गया। इसकी अध्यक्षता राज्याध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने की। इसका संचालन संजीव कुमार ने किया । उन्होंने कहा कि 6 सूत्री मांगों में चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालकर नियुक्ति करने पर रोक लगाना, झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर सृजित करना, सेवा विमुक्त सभी चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार दफादारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16, 4 की भावना के आलोक में तत्काल अध्यादेश जारी करना, वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये देना, स्वैछिक सेवनिवृती का लाभ देना, ड्यूटी पर अपराधियों द्वारा मारे जाने या सड़क दुर्घटना में निधन होने पर 25 लाख रुपया अनुदान देना प्रमुख है। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार और सेवा विमुक्त चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालने पर तत्काल झारखंड सरकार रोक लगावें। उन्होंने कहा कि झारखंड चौकीदार सेवक नियमावली 2015 की कंडिका 2, 9 के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर नया बीट सृजित कर नए बीटों पर विज्ञापन निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि चौकीदार दफादारों के पुराने बीटों पर विज्ञापन निकाला गया तो सेवानिवृत्त चौकीदार और सेवा विमुक्त चौकीदार बहाल नहीं हो पाएंगे।

श्री सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16, 4 की भावना के आलोक सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार घटवार दिगवार और सरदारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु तत्काल अध्यादेश जारी करें। सुरेश राम, धीरेन माल, एतवा उरांव, संजीव कुमार, शमशुल अंसारी, नेमानी पासवान, रामकिशुन गोप, सिद्धेश्वर मिर्धा, तौहीद आलम ने भी संबोधित किया।

### रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव : भाजपा और आजसू मिलकर तय करेंगे उम्मीदवार

# रामगढ़ में एनडीए को बढ़त हासिल करने की जद्दोजहद

**पिछली बार आजसू की सुनीता चौधरी को भाजपा ने नहीं दिया था समर्थन, कांग्रेस की ममता देवी ने आजसू पार्टी की प्रत्याशी को हराया था**

उदय चौहान

**रांची।** रामगढ़ में इस बार अलग राजनीतिक जद्दोजहद शुरू हो गया है। रामगढ़ उपचुनाव को लेकर एनडीए में खास उत्साह देखा जा रहा है। आजसू पार्टी ने भाजपा को साथ लेकर चुनावी ब्यूह रचना तैयार की है।

मालूम हो कि भाजपा 2019 के बाद से राज्य में हुए चार उपचुनाव हार चुकी है। इस बार भाजपा किसी भी हाल में यह सीट नहीं गंवाना चाहेगी। हालांकि, इस सीट पर आजसू पार्टी का मजबूत दावा है। इसलिए उम्मीद है कि आजसू और भाजपा का साझा प्रत्याशी उपचुनाव में खड़ा होगा। मधुपुर उपचुनाव की तरह आजसू के नेता को भाजपा में लाकर चुनाव लड़वाने का रिस्क लिया गया था, जो फेल हो गया। अपुष्ट खबरों के अनुसार भाजपा और आजसू मिलकर उम्मीदवार तय करेंगे। हालांकि अभी तक उपचुनाव को लेकर दोनों दलों की बैठक नहीं हुई है।

उल्लेखनीय है कि नये साल में भाजपा कुछ नये नेताओं को संगठन में शामिल कराने की रणनीति बना रही है। इनमें विपक्षी पार्टियों के नेता तो होंगे ही। साथ ही,वे नेता भी होंगे जो 2019 में रघुवर दास की वजह से भाजपा छोड़कर दूसरे दलों में चले गये थे। इनमें विधायक सरयू राय, विधायक अमित यादव और दुष्यंत पटेल जैसे नेता शामिल हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी और शशिभूषण सामड जैसे नेता पहले ही घर वापसी कर चुके हैं। निष्क्रिय नेताओं को सक्रिय बनाने की कवायद की जा रही है।

### 28 एसटी सीटों पर एनडीए को मजबूत करने की होगी चुनौती

2023 में भाजपा के सामने संथाल, कोल्हान और 28 एसटी सीटों पर खुद को मजबूत करने की चुनौती है। लेकिन, बड़ी चुनौती 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने की होगी। पार्टी ने अभी ही सभी 14 लोकसभा सीटों और दो तिहाई विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने का दावा कर दिया है। संथाल, कोल्हान और राज्य की 28 आदिवासी सुरक्षित विधानसभा सीटों में संगठन को मजबूत करने के लिए अभी तक संगठन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई है। हालांकि, संगठन को मजबूती देने के लिये रणनीति तैयार करने की बात कही गयी है। सारी स्थितियों की समीक्षा के बाद इन प्रमंडलों में संगठन को मजबूत करने के लिए भाजपा ने बड़े बदलाव के संकेत दिये हैं। आदिवासी क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ को मजबूत बनाने के लिये बाबूलाल मरांडी को विशेष टास्क दिया गया है। इस निमित्त श्री मरांडी लगातार प्रवास भी कर रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह इन प्रमंडलों की सांगठन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रवास कर रहे हैं।

# अफगानिस्तान और राजस्थान में आये साइक्लोन का राज्य पर असर, 26 जनवरी तक रहेगा कोहरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अफगानिस्तान में पश्चिमी विक्षोभ साइक्लोन में तब्दील हो गया है। राजस्थान में भी एक साइक्लोन तैयार हुआ है। इसकी वजह से झारखंड में मौसम लगातार बदल रहा है। रांची स्थित मौसम केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि आने वाले दिनों में झारखंड में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया है कि अगले चार-पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। राज्य के पूर्वी हिस्से में अगले तीन दिनों तक यानी 25-26 जनवरी तक कहीं-कहीं सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा जा सकता है। झारखंड के उत्तरी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। अन्य हिस्सों में आसमान साफ रहेगा।

### रांची के तापमान में हो रही है वृद्धि

राजधानी रांची में तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि दर्ज की जायेगी। मौसम केंद्र ने जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसमें बताया गया है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कम से कम एक-एक सेंटीग्रेड की वृद्धि हो सकती है। 24 जनवरी को अधिकतम तापमान 28 डिग्री से बढ़कर 29 डिग्री हो जायेगा, जबकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दौरान सुबह में धुंध छाये रहेंगे। बाद में आसमान साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### 30 डिग्री हो जायेगा रांची का तापमान

मौसम केंद्र के मुताबिक, 25 जनवरी को रांची का अधिकतम तापमान बढ़कर 30 डिग्री सेल्सियस हो जायेगा, जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस हो जाने का अनुमान है। इसके बाद 26 और 27 जनवरी को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 30 और 16 डिग्री रहने का अनुमान है।

### जमशेदपुर का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा

रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा। जमशेदपुर का तापमान सबसे अधिक 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि खूंटी का तापमान सबसे कम 11 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची का अधिकतम तापमान 28 .5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 14 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 .3 डिग्री अधिक है।

# कंट्री फर्स्ट के महान पैरोकार थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस : शेखर डे

■ नेताजी सुभाष के बताये रास्ते पर चल कर ही देश को मिलेगी आर्थिक आजादी

■ श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने नेताजी की जयंती पर हुए विभिन्न समारोहों में लिया भाग

■ मिलानी परिसर में लोग कदम-कदम बढ़ाये जा ... ये जिंदगी है कौम की.. कौम पे लूटाये जा

■ आ श्चे, से आश्चे...सुभाष आश्छे... सुभाष आश्छे






1. श्रीलेदर्स शो रूम के सामने नेताजी की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित करते शेखर डे व सहयोगी। 2. मिलानी में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते शेखर दा। 3. मिलानी में क्रांतिगीत प्रस्तुत करतीं महिला प्रकोष्ठ की सदस्या। 4. बंगाल क्लब में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते समाजसेवी शेखर डे।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वी जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी सुरेश चंद्र डे द्वारा स्थापित झारखंड की पहली फुटवियर कंपनी श्री लेदर्स परिवार की ओर से बिष्टुपुर स्थित शोरूम के सामने भव्य तरीके से नेताजी जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

श्रीलेदर्स के पार्टनर एवं समाजसेवी शेखर डे ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अगुवाई में जब स्वतंत्रत संग्राम की लड़ाई लड़ी जा रही थी तो आजाद भारत को लेकर उनकी दृष्टि स्पष्ट थी। वे अंग्रेजों के हर बंधन से देश को आजाद कराना चाहते थे। नेताजी जानते थे कि अंग्रेज दुनिया के सबसे शैतान शासक हैं जिन्होंने एशिया से लेकर अफ्रीकी महादेश तक में देशों को अपना गुलाम बनाया , वहां के संसाधनों को लूटा और जाते-जाते वहां जाति एवं धर्म का आग लगा कर गए।

शेखर डे ने आगे कहा कि जहां तक भारतवर्ष की बात है तो देश ने राजनैतक आजादी तो हासिल कर ली किंतु आर्थिक आजादी हासिल करने के लिए हमें एक और संघर्ष करने की जरूरत है। देश को आर्थिक एवं सांस्कृतिक आजादी दिलाने के लिए हमें अमर शहीद नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताए मार्ग पर चलना होगा । वह जाति और धर्म से पहले देश को रखते थे । उन्होंने कहा कि देश से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और सभी भारतवासी भाई -भाई हैं। हम लोगों को मिलकर रहना है और देश को सशक्त करना है। हम देशवासियों को अगर देश को दुनिया में सिरमौर बनाना है तो हमें डॉक्टर की छूरी और हत्यारे की छूरी में फर्क करना सीखना होगा।

### और क्या बोले शेखर डे

शेखर डे ने आगे कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ महान नेता,दार्शनिक और करिश्माई व भविष्य द्रष्टा नेतृत्वकर्ता थे। आज हमें नेता जी के बताए मार्ग पर चलने और उनके विचारों का देश के कोने कोने में प्रचार प्रसार करने की जरूरत है। यही हम सब का उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शेखर डे ने श्रीलेदर्स के पश्चात मिलानी,बिष्टुपुर, दी बंगाल क्लब-साकची, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान, साकची में स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। मिलानी में महासचिव राजू दत्ता और समाजसेवी श्रीमती प्रीति लेखा रॉय ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## स्पीड न्यूज



### झामुमो ने आम बगान में मनायी नेताजी की जयंती

**जमशेदपुर।** सोमवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जमशेदपुर पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में साकची के आमबागान में स्थित वीर शहीद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 125वा जन्म जयंती मनाया गया सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा उनके प्रतिमा पर पुष्पमाला देकर श्रद्धांजलि दिया गया। झामुमो नेता गोपाल महतो ने कहा वीर शहीद नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाया था। इस श्रद्धांजलि में झामुमो ने गोपाल महतो के साथ अंकित सिंह,परमजीत सिंह,पाल सिंह, गोविंदा चालक, इंदरपाल सिंह,सविता सिंह,चंदन महतो के साथ कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वीमेंस यूनिवर्सिटी में चला प्लेसमेंट ड्राइव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में बीएससी (पीसीएम) की उत्तीर्ण छात्राओं के लिए एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया और 15 को अंतिम दौर के लिए चुना गया। चयनित छात्राओं को उड़ीसा में वेदांता ग्रुप से नौकरी के लिए अफर लेटर दिया जाएगा। यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट कोआर्डिनेटर ड. रत्ना मित्रा और उनकी टीम ने पूरी प्रक्रिया का संयोजन वेदांता ग्रुप के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार और शनिवार को किया। आज जब प्रत्येक क्षेत्र में महिला इम्प्लाईज की मांग बढ़ी है, तो हमारी यह योजना है कि पढ़ाई के दौरान ही छात्राओं के बेहतर प्लेसमेंट की संभावनाएं तलाश की जाएं।

### 25 को जाकिरनगर में होगा एक शाम गणतंत्र दिवस के नाम मुशायरा

**जमशेदपुर।** साहित्यिक संस्था अदबी मंच के तत्वावधान मे गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी को संध्या 4 बजे जाकिरनगर मदर्स होम पब्लिक स्कूल प्रांगण मे ''एक शाम गणतंत्र दिवस के नाम'' मुशायरा का आयोजन किया गया है जिस की अध्यक्षता प्रोसैयद शमीम अहमद मदनी करेंगे। अल-कबीर पलिटेक्निक कालेज के प्राचार्य प्रोवारिस सरवर इमाम मुख्य अतिथि होंगे जबकि मुशायरे का संचालन प्रोजावेद अख्तर अंसारी करेंगे। उपरोक्तजानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष मुमताज शारिक ने बताया कि इस मुशायरे मे प्रोअहमद बद्र , बद्र आलम खलिश, महशर हबीबी, रिजवान औरंगाबादी, मुश्ताक अहजन, असर भागलपुरी, साबिर नवादवी , सैफुल्लाह सफी , खुर्शीद अजहर , नजीर अहमद नजीर , संजय सोलेमन , अजय महताब , चंद्रकांत ,एन प्रभात , उदय प्रताप हयात , सिंध्या सूफी , शोभना किरण प्रीत , ष्णा आजमगढ़ी , संतोष चौबे , अजय नारायण सिंह , सूरज सिंह रातपुत आदि कविगण शामिल होंगे।

### 26 को पान (तांती) समाज कल्याण समिति का चुनाव



जमशेदपुर। कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति द्वारा, अपने आगामी 26 फरवरी को प्रस्तावित सामाजिक चुनाव कार्यक्रम के तहत, 22 जनवरी 2023 को सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल क्षेत्र के आसपास गांवो में अपने स्वजातियों के बीच जनसंपर्क सह सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान समाज के संगठन की जरूरत के साथ-साथ सामाजिक एकता की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में हमारे मुख्य सलाहकार श्री हरीश चंद्र भंज, मुख्य संरक्षक श्री दिनेश कुमार दंडपाट, संस्थापक श्री उमाकांत दास, नगर अध्यक्ष श्री गुरुदेव पात्रो, सह सचिव राजेश कुमार दास, कोषाध्यक्ष सह प्रवक्ता जगदीश दास, प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक पात्रो के साथ-साथ करमु स्वासी, विश्वपति खूंटीया, मनसा दास, अजय दास आदि भी थे।

# मानगो एफओबी के लिए आरसीडी करेगा ज्वाइंट सर्वे : बन्ना गुप्ता

■ मंत्री बान्ना गुप्ता की अध्यक्षता में मानगो फ्लाई ओवर कार्य की प्रगति की हुई समीक्षा

■ बैठक में टाटा स्टील, आरसी डी और जिला प्रशासन के अधिकारी थे उपस्थित



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा, एडीएम लॉ एंड आर्डर एवं अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को स्थानीय परिसदन में मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में आरसीडी के वरीय अधिकारियों, टाटा स्टील, जुस्को और जिला प्रशासन के साथ मानगो फ्लाई ओवर निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में डिजाइन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें सभी पक्ष ने सैधान्तिक रूप से सहमति दी लेकिन कुछ प्वाइंट्स पर जो कमी पाई गई उसे लेकर तय किया गया कि टाटा स्टील , जिला प्रशासन और आरसीडी की टीम संयुक्त रूप से 15 दिनों में ज्वाइंट रूप से सर्वे का काम पूरा कर जो रिपोर्ट देगा उसके अनुसार जरूरत हुआ तो डिजाइन में आंशिक रूप से बदलाव किया जायेगा। नहीं जरूरत हुआ तो उसे आगे कार्ययोजना के लिए अग्रसरित किया जायेगा। बैठक के दौरान चर्चा हुई कि फ्लाई ओवर निर्माण के लिए कुछ नए स्थानों पर भी सोईल टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। साथ ही विभिन्न स्थानों पर टू लेन सर्विस, फोरलेन सर्विस के वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विस्तृत विचार किया गया।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि किसी भी बड़े कार्य को धरातल पर उतरने के लिए थोड़ा समय लगता है, लेकिन इस समय का सदुपयोग हो इसके लिए लगातार हम समीक्षा कर रहे है। हर बाधा विघ्न को पार करते हुए 3 महीने के भीतर फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य शुरू होगा, ऐसा हमें विश्वास है। लेकिन जनता की सुविधा के लिए हम सभी पुरे संवेदनशीलता के साथ इस कार्य को पूर्ण करने में लगे हुए है।

इस बैठक में आरसीडी के सीडीओ, टाटा स्टील के प्रणय सिन्हा, टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा, टाटा स्टील कारपोरेट सर्विसेज के प्रणय सिन्हा, टाटा स्टील यूआइएसएल के कैप्टन धनंजय मिश्रा, अमित सिंह,एडीएम लॉ एंड आ र्डर एनके लाल,जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार और मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव के साथ आरसीडी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस : गोपाल मैदान में फुल ड्रेस परेड रिहर्सल आज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह को लेकर परेड पूर्वाभ्यास के तीसरे दिन गोपाल मैदान में सभी 7 टुकड़ियों ने पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास में अर्द्ध सैनिक एवं पुलिस बल की टुकड़ियों में 1 टुकड़ी जैप-6, 2 टुकड़ी जिला पुलिस बल, 1 टुकड़ी होम गार्ड, 1 टुकड़ी सहायक पुलिस तथा 1-1 टुकड़ी बालकध बालिका एनसीसी शामिल थे । बैंड पार्टी के रूप में संत मेरी स्कूल की टीम शामिल हुई। सार्जेंट मेजर रंजीत कुमार के निर्देशन में परेड पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। 24 जनवरी को परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल गोपाल मैदान में किया जाएगा जिसका निरीक्षण उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा में नेताजी को किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नेता जी विचार मंच कदमा के तत्वाधान में नेता जी सुभाष चंद्र बोस् जयंती का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी जैसे देश के महान सपूत पूरे विश्व में बिरले ही देखने को मिलते हैं, उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण और त्याग की भावना सदैव अनुकरणीय है। उन्होंने हमेशा राष्ट्र को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया । आज के प्रत्येक नागरिक और खासकर युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए एवं सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका अदा करना चाहिए।

## अरका जैन विवि में याद किये गये नेताजी सुभाषचंद्र बोस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक प्रमुख नेता सुभाष चंद्र बोस जी के जन्मदिन के अवसर पर आज 23 जनवरी 2023 को, अरका जैन विश्वविद्यालय मे 'पराक्रम दिवस-नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती' मनाई गयी इस उपलक्ष्य मे कई कार्यक्रम आयोजित किये जिसके तहत विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा नृत्य, भाषण, गायन और स्किट जैसी विभिन्न गतिविधियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारो पर मंथन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर सभी ने पुष्प अर्घ्य देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कुलपति प्रो (डा) एस एस रजी, निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (परिसर) ड अंगद तिवारी, कुलसचिव जसबीर सिंह धंजल, कन्वेनर ड बोधिसत्व आचार्य, इवेंट कोअर्डिनेटर श्रीमती शशि बेरा समेत सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और प्रतियोगी विद्यार्थीगण की उपस्थिति से आयोजन सफल रहा।

## भीष्म पितामह जयंती पखवाड़ा मनाया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भीष्म पितामह सेवा समिति के प्रमुख सदस्यों ने अपने एक एकत्रिकरण पर देवव्रत भीष्म पितामह की जयंती पखवाड़ा धूमधाम के साथ समारोह पूर्वक संपन्न किया। बारीडीह बस्ती स्थित आलोक साईकिल मार्ट परिसर हाल में आहूत उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष श्री अमरनाथ सिंह ने कहा कि यह एक स्वयं सेवी संस्था है। भीष्म पितामह के प्रति पूर्ण श्रद्धा एवं देवताओं के सदृश पूज्यनीय आस्था रखने वाले लोग ,चाहें तो उन्हें, संस्था का सदस्य बनाया जा सकता है। यहां ज्ञातव्य है कि पितामह वसु थे। देवताओं के विभीन्न रूपों में वसु भी एक है। यह समिति धर्म ,जाति एवं पंथ से उपर उठकर जनसेवा एवं राष्ट्हीत में कार्य करेगी। महासचिव श्री राम प्रकाश सिंह '' अशोक जी '' ने कहा कि भीष्म पितामह मानव रुप में एक योग्य शासक के साथ कुशल योद्धा भी थे , गांधार से प्राग्ज्योतिषपुर तक विस्तृत आर्यावर्त की सिमाएं सुरक्षित थी , राष्ट्र न बंटा , न सिमाएं सिमटी। भीष्म की यह कर्त्तव्य परायणता एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण, अक्षुण्ण एकता एवं अखंडता तथा सुरक्षित सिमाएं हेतु सतत् ईमानदारी के साथ सजग रहना सिखाती है।

## राष्ट्र के प्रति नेताजी के योगदान पर हर भारतीय को गर्व है : काले

■ सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 'नमन' ने कृतज्ञतापूर्वक उन्हें किया याद

खबर मन्त्र ब्यूरो



बाइक रैली की अगुवाई करते समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले।

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर साकची स्थित आमबगान मैदान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धां सुमन अर्पित किया।

इस मौके पर नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने नेताजी के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी के आदर्श और बलिदान हर भारतीय को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे.स्वतंत्र भारत के विचार के प्रति अपनी उग्र प्रतिबद्धता दिखाने के लिए उन्होंने- आजाद हिंद के गठन जैसे साहसी कदम उठाए. ये उन्हें राष्ट्रीय प्रतीक बनाते हैं. राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर हर भारतीय को गर्व है. उन्होंने अपने असाधारण देशप्रेम, अदम्य साहस व तेजस्वी वाणी से युवाओं को संगठित कर विदेशी शासन की नींव हिला दी। मातृभूमि के लिए उनका अद्वितीय त्याग, तप व संघर्ष सदैव देश का मार्गदर्शन करता रहेगा।

इस मौके पर जितेन्द्र चावला, सुखविंदर सिंह निक्कू, रामकेवल मिश्रा, महेंद्र सिंह, बिपिन झा, छोटे, शिरे, अमरपाल सिंह, पंकज वर्मा, मनोज मिश्रा, सरजू राम, मिष्टु सोना, प्रमिला शर्मा, संध्या रानी महतो, रंजीता राय, काकोली मुखर्जी, बंदना नामता, ममता पुष्टि, डी मनी, आरती मुखी, कल्याणी पाठक, रेखा सिंह, पूनम गुप्ता, अखिलेश पांडे, पप्पू राव, जूगुन पांडे, अमर सिंह, विभास मजूमदार, प्रिंस सिंह, मनीष सिंह, विक्रम ठाकुर, संतोष यादव, सरबजीत सिंह टबी, सौरव चटर्जी, बिनोद भिरभरिया, सोनू खान, धीरज चौधरी, विकास गुप्ता, सुमन कुमार, अमित पाठक,शुभम लाला, विकी तारवे, कार्तिक जुमानी, राजू कुमार, सूरज चौबे, सागर, सनोज चंद्रा, कमलेश पाठक, मनू ढोके, संजय सिंह, मनोज हलदर, सूरज यादव, शुरू पात्रों, रामा राव, राहुल पाल, सूरज साह, हिमांशु सिंह, प्रशनजीत एवं अन्य सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## एक नजर में

### आजसू ने जय हिंद... के नारों के बीच नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जमशेदपुर।** सोमवार को आजसू की पूर्वी सिंहभूम जिला समिति द्वारा नेता सुभाष चंद्र बोस के 126 वी जयंती समारोह पर साकची सुभाष मैदान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। साथ ही उनके पद चिह्नों पर चलने का संदेश लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। उक्त अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा की जय हिंद के सपनो को लेकर जन्म लेने वाले नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी जितनी सरल है मृत्यु उतनी ही दु:खद है जिसका आज तक कोई सही जानकारी सांझा नही कर पाया है और नाही किसी सरकार ने अबतक इसपर गंभीरता से विचार किया है। आज भी कुछ लोग इस उम्मीद में जीते है की नेता जी के मृत्यु से संबंधित सुखद खबर आयेगी। फिर भी आजसू परिवार उनके बताए मार्ग को आत्मशात करें।

### टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टीट्यूट ने मनायी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 126वीं जयंती



**जमशेदपुर।** नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा राज्य मे हुआ था। उनके द्वारा भारत की स्वाधीनता की लड़ाई और उनके पराक्रम को हम भारत के लोग हमेशा-हमेशा याद रखेंगे। इसी क्रम मे एनटीटीएफ के टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टिट्यूट, बर्मामाइन्स के युवा छात्रों और सभी प्रशिक्षकों ने नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसी संस्थान के छात्रों ने जिसमें स्वराज, काजल, महेन, दुर्गेशवरि, शेफाली, ज्योति आदि छात्रों ने बहुत ही ओजस्वी व्याख्यान से सभी छात्रों को नेताजी के देश की आजादी के प्रति उनके अमूल्य योगदान से परिचित कराया। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद के घोषवाक्य आज भी सभी युवाओं के दिलों में देश भक्ति का जोश भरते हैं। संस्थान के सभी लोगों ने नेताजी के चित्र पर अपने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मंच का संचालन संस्थान के अभय सिंह और अशोक बाजपेयी ने किया। संस्थान के इंचार्ज दीपक कुमार सिंह ने बच्चों को नेताजी से प्रेरणा लेते हुए भारत की आजादी को अक्षुण्ण रखने के संकल्प दिलाया।

### श्रीनाथ विवि में नेताजी जयंती मनायी गयी



**जमशेदपुर।** सोमवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में नेताजी जयंती मनाया गया। समारोह का आरंभ दीप प्रज्वलन तथा नेताजी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा नेताजी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया और छात्राओं के द्वारा कविता वाचन भी हुआ। इस अवसर पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डा गोविंद महतो ने कहा कि हमारा देश सोने की चिड़िया रहा है और यही वजह है की बार-बार इसे आक्रमणकारियों के द्वारा लूटा गया है । हमारे देश पर आक्रमण की एक लंबी श्रृंखला रही है। हमारे देश में कई सपूत हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन को देश के लिए समर्पित कर दिया। उन्हीं देशभक्तों में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का नाम अग्रणी है । अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए ड गोविंद महतो ने कहा कि नेताजी में अद्भुत नेतृत्व क्षमता थी जिनके पीछे प्रत्येक भारतीय चल पड़ा था। सहायक प्राध्यापक रचना रश्मि ने अपने संबोधन में कहा कि आज युवाओं का नेताजी के पद चिन्हों पर चलना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि आज देश का कुछ युवा कहीं न कहीं अपने अपने लक्ष्य से भटक गया है और वह कुछ गलत आदतों के गिरफ्त में चला गया है। कार्यक्रम का संचालन छात्र पूर्णेंदु पुष्कर ने किया तथा धन्यवादज्ञापन छात्रा इशिता ने किया।

### सम्मान यात्रा निकाल नेताजी सुभाष की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी शुभाष चंद्र बोस जी की 126 वी जयंती के उपलक्ष्य पर जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के द्वारा एक शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा गोलमुरी स्थित जगर्स पार्क से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए साकची स्थित आमबगन मैदान में समाप्त हुई। विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नेताजी सुभाष एवं भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं सामूहिक राष्ट्रगान कर यात्रा प्रारंभ की गई। उनके पराक्रम के आगे नतमस्तक होकर व उनके द्वारा गठित की गई आजाद हिंद फौज के बढ़ते दबदबे के चलते ही ब्रिटिश को भारत छोड़ने पर विवश होना पड़ा और देश आजाद हुआ। उनके अदम्य साहस त्याग आज के युवाओ केलिए प्रेरणा हैं। उनकी जयंती पर शौर्य सम्मान यात्रा निकल कर हम उन्हें नमन करते हैं।

### भाजपा ने पराक्रम दिवस के रूप में मनायी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आजाद हिंद के संस्थापक, महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। सोमवार को भाजपा महानगर जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने साकची नेताजी सुभाष मैदान (आम बागान) स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान भाजपाइयों ने 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिंदाबाद', 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर नेताजी को स्मरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश सिंह ने कहा कि तज्ञ राष्ट्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखेगा।

## स्पीड न्यूज

### मिशन समृद्धि ने किया भोजन वितरण



मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान के तहत अंबेडकर पार्क (पलामू) के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच भोजन बांटा। संस्था पांकी रोड जनकपुरी मुहल्ले से प्राप्त भोजन के लिए धीरेंद्र पाण्डेय बेबी एवं श्वेता पांडेय का आभार व्यक्त किया। मौके पर अहिल्या गिरि, वंदना श्रीवास्तव, बैजंती गुप्ता, ऋषि कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान किया।

### सकल मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजित



सतबरवा पलामू। पुराना बाजार स्थित सकल मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सोमवार को तीसरे दिन भगवान शिव की मूर्ति के साथ सतबरवा में नगर भ्रमण सह शोभा यात्रा निकली, जिसमें बाजे गाजे के साथ महिला, पुरुष तथा बच्चे हजारों की संख्या में शामिल हुए। इस दौरान अबीर गुलाल खूब उड़े। वहीं जय घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा सकल मंदिर से प्रारंभ होकर रामघाट, बस स्टैंड, मेलाटांड़, मस्जिद मोहल्ला, मेन बाजार होते हुए मूर्ति के साथ पुनः सकल मंदिर पहुंची। मंदिर निर्माण में राम प्रसाद, श्याम प्रसाद, लल्लू प्रसाद, पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद के अलावे निर्दोष कुमार, संदीप प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, अर्पण गुप्ता, गुड्डू प्रसाद, जय किशोर प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद ,कुंदन जायसवाल, चंदन कुमार, नीलकमल दीवाना, संतोष दीवाना समेत हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### संगठन महामंत्री याज्ञवल्क्य का स्वागत



छतरपुर पलामू। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला का छतरपुर में गर्मजोशी के साथ स्वागत छतरपुर जपला मोड़ पर किया गया। मौके पर परषद और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बताते चलें कि वह पटना से मेदिनीनगर में छात्र सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे इसी क्रम में उन्हें छतरपुर जपला मोड़ के पास कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अभाविप के कार्यकर्ता अपने जिम्मेवारी को समझकर कार्य करें। मौके पर अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता मित्तल सिंह, पूर्व विभाग संयोजक जितेंद्र कुमार, नगर मंत्री अंकित ठाकुर, मुन्ना प्रजापति, मोनू गुप्ता, सोनू सिंह, चंदन यादव, राहुल चंद्रा, चंदन कुमार, आलोक कुमार मिश्रा, गोलू रंजन, संतोष, चंदन कुमार ने स्वागत किया।

### अर्जुन बनवायें हनुमान मंदिर का गुंबज



चैनपुर (पलामू)। कश्यप मुहल्ला सत्संगी चौक स्थित मनोकामना सिद्धपीठ हनुमान मंदिर के गुंबज का निर्माण परशुराम सेना के संगरक्षक सह समाजसेवी अर्जुन पांडेय ऊर्फ गुरू पाण्डेय करायेंगे। इसकी घोषणा उन्होंने रविवार को मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के तहत मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आनेवाले दो चार दिनों में ही मंदिर के गुंबज निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। मौके पर मुख्य आचार्य मारुती नंदन जी महाराज, बनारस से आये विद्वान आचार्य मारुतीनन्दन जी, दीपलाल कश्यप, प्रमोद कश्यप, दीपक कश्यप सपन्निक, परशुराम सेना युवा वाहिनी के नवीन तिवारी, सोनू मिश्रा, सतोष तिवारी, ललू पांडेय, रवि ओझा व दिलीप पांडेय उपस्थित थे।

### जपला एके सिंह कॉलेज में मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



हुसैनाबाद पलामू। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ए के सिंह कॉलेज जपला के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 126 वीं जयंती को महाविद्यालय में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में भषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता की। भाषण प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी प्रथम, सुप्रिया कुमारी द्वितीय,तथा दिनेश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किए। निबंध प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी प्रथम,किरण कुमारी द्वितीय तथा शुभम प्रकाश तृतीय स्थान प्राप्त किए। पेंटिंग प्रतियोगिता में आलोक कुमार प्रथम, दिव्या कुमारी द्वितीय एवं रिंकी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। प्रो राहुल कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी साबित होते हैं।

### अनुष्ठान में प्रसाद वितरण धर्म कार्य : सूर्या



हैदरनगर पलामू। देवी धाम परिसर में प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को विधी विधान के साथ बैठकर पंडाल में महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यज्ञ में पहुंचे एनसीपी के प्रदेश युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने पहुंच कर मां भगवती की आराधना कर यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। यज्ञ समिति द्वारा महा प्रसाद की व्यवस्था पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म व समाज का काम में महाप्रसाद का वितरण करना काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यज्ञ व अनुष्ठान से ही क्षेत्र में अमन चैन कायम रहता है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर देवी धाम का सतचंडी महायज्ञ हुसैनाबाद सहित पलामू प्रमंडल के लिए एतिहासिक है। जहां चहुओर वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञ क्षेत्र भक्ति रस में डूबो गया है। सूर्या सोनल सिंह सहित उनकी टीम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने हाथों महाप्रसाद का वितरण कर श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया। मौके पर काफी संख्या में यज्ञ समिति के सदस्यों के साथ साथ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुभाषचंद्र बोस सच्चे देशभक्त और क्रांतिकारी थे : प्राचार्य

■ ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनी सुभाषचंद्र बोस की 126वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सुभाष चन्द्र बोस का 126वां जन्म दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह द्वारा बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस ने पहले भारतीय सशस्त्र बल की स्थापना की थी जिसका नाम आजाद हिंद फौज रखा गया था। उनका प्रमुख नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा से भारतीयों के दिलों में देश भक्ति की भावना बलवती हुई थी। आज भी उनके इस नारे से सभी को प्रेरणा मिलती है। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उन्हें इस कदर विचलित कर दिया कि वे आजादी की लड़ाई में कूद पड़े।

# शिरडी के तर्ज पर बनेगा साईं मंदिर : महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता




मेदिनीनगर की महापौर अरुणा शंकर के आवास में स्थापित साईं जी की तस्वीर व उपस्थित लोग।

मेदिनीनगर। महापौर अरुणा शंकर के आवास में स्थापित साईं जी के मूर्ति पर रांची से चलकर शिर्डी तक की पैदल यात्रा करने वाले साईं भक्त साईं मनीष अग्रवाल ने रांची जाने के क्रम में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, महापौर अरुणा शंकर एवं उनकी पुत्रवधू शिवानी आनंद तथा शहर के कई गणमान्य लोगों ने साईं भक्त मनीष अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया। महापौर ने कहा कि यह साईं की महिमा है साईं मनीष अग्रवाल ने रांची से शिर्डी तक की दूरी पैदल चलकर पूरी की और इन्हें देखने से महसूस होता यह कठिन काम साक्षात साईं इनके साथ सबको आशीर्वाद देते चल रहे हैं। मौके पर महापौर ने प्रमोद अग्रवाल, कंचन अग्रवाल की भी तारीफ की जो हमेशा ऐसे नेक कार्यों में तन मन धन से समाज की सेवा में तत्पर रहते हैं। महापौर ने इस अवसर पर शहर में शिरडी के तर्ज पर जल्द साईं मंदिर बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित होकर साईं मनीष अग्रवाल से टीका लगाकर आशीर्वाद लिया।

# धार्मिक कार्यों से समाज में आती है समरसता : बिट्टू

खबर मन्त्र संवाददाता



कलश यात्रा में शामिल पांकी के पूर्व विधायक व अन्य।

पांकी पलामू। पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से समाज में धार्मिक चेतना जगती है और समरसता आती है। वे रविवार को रतनपुर में आयोजित रूद्र महायज्ञ की कलश यात्रा में उपस्थित लोगों के बीच बोल रहे थे। उन्होंने कलश उठाकर और पूजा अर्चना कर भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए कमेटी को साधुवाद दिया। कलश यात्रा में हजारों की भीड़ जुटी थी। श्री सिंह ने यज्ञ कमेटी को आर्थिक सहयोग भी किया।

**मौके पर उपस्थित :** प्रमुख पंचम प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सूर्यमल यादव, माड़न मुखिया पति सह युवा समाजसेवी रफीक अंसारी उर्फ गांधी, सकलदीपा मुखिया पति सह समाजसेवी हफीजुल अंसारी, सचिव रवींद्र नाथ ठाकुर कोषाध्यक्ष निर्मल यादव, उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, शक्ति पासवान, अशोक राम, मुन्ना पासवान, पंकज साव, नागेंद्र कुमार पांडेय गज्जु सिंह, विवेक साव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

**कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ :** पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत रतनपुर में शिव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, श्री रूद्रमहायज्ञ के कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, रत्नपुर मुखिया लालती देवी ने वधिवत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। मौके पर अध्यक्ष सूर्यमल यादव, सचिव रविंद्र नाथ ठाकुर, कोषाध्यक्ष निर्मल यादव, उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, उप कोषाध्यक्ष शक्ति पासवान, सलाहकार गणेश्वर पासवान, सदस्य अशोक राम, राजू पासवान, मुन्ना पासवान, लालू यादव, विवेक साव जेड सुधीर यादव, पंकज साव, जन वितरण प्रणाली रुपेश प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष हफिजूल अंसारी, गजू सिंह आदि थे।

# विश्रामपुर : प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी का 36वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मना

➲ सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बांधा समां

खबर मन्त्र संवाददाता



स्थापना दिवस समारोह में शामिल अतिथि।

बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला के प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी का 36 वा स्थापना दिवस सोमवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी जयंती मनायी गयी। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन द्वारा संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एलसीएम की प्राचार्या नूतन रानी, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी मुन्ना यादव व शिक्षाविद अरुण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक अनिल सिंह व संचालन वरीय शिक्षक चंद्रमणि दीक्षित ने किया।

**कार्यक्रम की खास बातें :** नूतन रानी ने कहा कि प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी बच्चों को संस्कार व अनुशासन पूर्ण शिक्षा के लिए रेहला क्षेत्र में जाना जाता है। निदेशक अनिल सिंह ने स्कूल स्थापना से लेकर अब तक के 36 वर्षो का सफल सफरनामा प्रस्तुत किया। स्कूल के संस्थापक शारदानंद सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास होता है कि कम शुल्क में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर समाजसेवी संजू सिंह, अनिल सिंह, रविशंकर चौबे, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, सुनील सिंह, बिश्रामपुर मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक राहुल जेकब, प्राचार्य दिगंबर दीक्षित, सुरेंद्र कुमार दीक्षित, राजेश सिन्हा, जयराम सिंह, अन्नू चौबे, पिंकी सिंह, ज्योति सिंह, ममता सिंह, उपासना सिंह, मैथिली सिंह, स्वीटी उपाध्याय, सोनी चौबे, तन्नू सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्रीनारायण सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में राजू आर्य का हुआ सफल ऑपरेशन

>> स्वस्थ्य होने पर चिकित्सकों की टीम ने गुलदस्ता भेंटकर दी विदाई

>> राजू आर्य के सिर में लगी थी गोली

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी राजू आर्य को सिर में अपराधियों ने 13 जनवरी की शाम में गोली मारकर जख्मी कर दिया था। जिसे इलाज हेतु मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद राजू को रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया लेकिन राजू आर्य की स्थिति गंभीर होती जा रही थी। इसे देखते हुए इसके परिजनों ने श्रीनारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉ राहुल अग्रवाल, डॉ गौरव अग्रवाल, डॉ साकेत कुमार सोनी एवं डा पंकज प्रसाद की टीम ने जोखिम उठाते हुए राजू के सिर का ऑपरेशन कर खोपड़ी में फंसी गोली को निकाला। इस संबंध में डा राहुल अग्रवाल ने बताया कि मरीज की जो गंभीर स्थिति थी उसे देखने से प्रतीत होता था कि इसे बचने का उम्मीद कम है। लेकिन डॉक्टरों की टीम ने इसका सफल ऑपरेशन कर बचा लिया। उन्होंने बताया कि मरीज के सिर में 315 बोर की गोली सिर के अंदर तीन सेमी तक चली गई थी।

## पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के तहत श्राद्ध में मृतक के नाम किया पौधरोपण

>> श्राद्ध में पौधरोपण से पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता



छतरपुर पलामू। छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के फगुनी टोला में स्वर्गीय झगर यादव के श्राद्ध कर्म में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक कीआत्मा को शांति मिलती है। श्राद्ध कर्म में पौधारोपण से पितरों के साथ देवता भी प्रसन्न होते हैं। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि मृतक के पिता स्व फागुनी महतो ने 40 वर्ष पूर्व मृत्यु से छह घंटा पहले उन्हें बुलाकर मृतक झगर और उनके छोटे भाई महेजर यादव को हाथ मुझे थमाया था।

### जिप सदस्य ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



मनातू पलामू। प्रखंड के जिप सदस्य प्रदीप चावला ने नये थाना प्रभारी कमलेश कुमार से औपचारिक मुलाकात कर बुके देकर स्वागत किया। श्री चावला ने कहा कि मनातू थाना क्षेत्र में अनपढ़, गरीबी असहायों का स्थान है आये दिन घरेलू विवाद होते रहती है। कहा कि भुक्तभोगियों को न्यायिक व्यवहार कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करने की कृपा करेंगे। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि अपराधियों पर नकेल कसना, क्षेत्र में शांति स्थापित करना व आम जनता को न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी।

### पासवान समाज ने भीम बराज में की सामाजिक परिचर्चा



हुसैनाबाद पलामू। अनुमंडल के पर्यटक स्थल भीम बराज मोहम्मदगंज परिसर में पासवान समाज जिला शाखा ने सामाजिक विकास पर परिचर्चा सह वनभोज कार्यक्रम किया, जिसमें पासवान समाज के कई वरिष्ठ नेता व गणमान्य शामिल हुए। अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान और संचालन पंकज पासवान ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा केंद्रीय सलाहकार सदस्य ने कहा कि समाज को संगठित करना एवं शिक्षा और चिकित्सा पर बल देना होगा। मौके पर शंकर पासवान, जितेंद्र पासवान, कामेश्वर पासवान, अजय पासवान, अरुण पासवान, सुदर्शन पासवान आदि कई लोग मौजूद थे।

### नेताजी ने किया सर्वस्व न्योछावर : बिट्टू पाठक



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक और बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस ने स्वतंत्रा संग्राम की अग्रणी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। कांग्रेस जनों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माला अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि नेता जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग में उन्होंने कुशल नेतृत्व और अद्भुत पराक्रम से देशवासियों को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई थी। आजाद हिंद फौज का गठन और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का ओजस्वी नारा देकर अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष में शामिल होने के लिए देशवासियों में जोश भरा था। नेताजी ने आजादी की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया। नेताजी भारतवर्ष की भावी पीढ़ी के लिए सर्वे प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश पाठक, सत्यानंद दुबे, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नसीम खान, जितेंद्र कमलापुरी, राजेंद्र अग्रवाल, ईश्वरी प्रसाद सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश चौरसिया, अजय साहू, हर्ष साहनी, मुकेश सिंह, अनवर अहमद, प्रभात अग्रवाल, साकेत सिंह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुन्ना खान अजय पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ के आदेश के छह माह बाद भी नहीं हुआ जमीन का सीमांकन

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द स्थित नया खाता संख्या 208 प्लौट संख्या 245,324 के 76 डिसमिल जमीन का सीमांकन एसडीओ छतरपुर के आदेश मिलने के 6 माह बाद भी जमीन का सीमांकन नहीं हो सका है। इस संबंध में शहर निवासी रविंद्र प्रसाद ने बताया कि अररुआ खुर्द में उक्त भूमि का रजिस्ट्रेशन मेरी मां दुखन देवी के नाम है। एसडीओ छतरपुर द्वारा ज्ञापांक 1651 दिनांक 22.12 .2021 को उक्त जमीन का सीमांकन कराने का आदेश दिया गया था। इस बीच भोला सिंह, सुनेश्वर पासवान, अनिल पासवान सहित अन्य लोगों ने बगैर किसी वैध कागजात के उक्त जमीन पर अपना दावा किया। इसकी सुनवाई भूमि सुधार उप समाहर्ता के न्यायालय में चली। एसडीओ ने दुखन देवी के पक्ष में पारित नामांतरण आदेश को सही करार देते हुए पुनः ज्ञापांक 738 दिनांक 15. 7.2022 को जमीन का सीमांकन कराने का आदेश हरिहरगंज सीओ को दिया है।

### आजादी और क्रांति के अग्रदूत थे नेताजी



मेदिनीनगर। रजवाडीह मध्य विद्यालय में सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। मौके पर विद्यालय परिवार ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके क्रांतिकारी कदमों की चर्चा की। मौके पर प्राचार्य परशुराम तिवारी ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस आजादी व क्रांति के अग्रदूत थे। वे अपने विचारों से आज भी जिंदा हैं। इतिहास के पन्ने बताते हैं कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के उनके आह्वान पर अंग्रेजी हुकूमत के खून सूख जाते थे।

## शैक्षणिक परिसरों में सकारात्मक शैक्षिक माहौल स्थापित होगा : याज्ञवल्क्य

■ पलामू के वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य और पलामू के वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर प्रस्ताव पारित

■ अभाविप का जिला सम्मेलन और छात्र हुंकार कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में पलामू जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभय वर्मा एवं संचालन विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला शामिल थे। कार्यक्रम के पूर्व परिषद के कार्यकताओं के द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। परिषद् के कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए उन्हें रैली से विसपूटा पूल, पुलिस लाइन होते हुए छहमुहान चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल तक अगवानी की।

# ईश्वरीय कृपा से मिलता है पुण्य कार्य में भागीदारी का अवसर : मनोज सिंह

■ मेयर प्रत्याशी ने पूजा अर्चना कर की शिव दुर्गा मंदिर के दूसरे तल्ले के निर्माण कार्य की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता




शिव दुर्गा मंदिर के दूसरे तल्ले के निर्माण कार्य की शुरुआत करते मनोज सिंह व अन्य।

चैनपुर पलामू। पुण्य कार्य में भागीदारी का अवसर भी ईश्वरीय कृपा से ही मिलती है। जो लोग धार्मिक माहौल बनाने में जुटे है वे बधाई के पात्र है। धर्म हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देने के साथ भाईचारा और मानवता की सेवा का भी संदेश देता है। धर्म के असली मर्म को समझने की जरूरत है। यह बातें मेदिनीनगर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही।

**खास बातें :** श्री सिंह ने निगम के चैनपुर के गुरहा शास्त्रीनगर में श्री शिव दुर्गा मंदिर के दूसरे तल्ले के निर्माण कार्य की शुरूआत पूजा अर्चना के साथ की। मनोज सिंह ने मशीन एवं छत की पूजा करते हुए ढलाई कार्य की भी शुरुआत करायी। मौके पर मनोज सिंह ने मंदिर कमिटी के आग्रह पर कमेटी के लोगों को आश्वस्त किया कि वह मंदिर के दूसरे तल्ले का निर्माण अपने दिवंगत पिता स्व बिहारी सिंह के स्मृति में करायेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर कमिटी ने उन्हें यह अवसर दिया इसके दिए वह मंदिर कमेटी के प्रति आभारी है। पूजा अर्चना समारोह में कमिटी के रामलाल प्रसाद सोनी, अमरनाथ पाठक, सतेंद्र प्रजापति, कमेश कुमार, कमलकांत मिश्र, प्रदीप अग्रवाल, जगन्नाथ सिंह, पिंटू कश्यप, अनिल कश्यप, काशी प्रसाद, गोलू सिंह, राजू सोनी, डब्लू खान, अखिलेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। कमेटी ने भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कमेटी के लोगों ने कहा कि धर्म के कार्य के प्रति मनोज सिंह ने जो रूचि दिखायी वह काबिले तारीफ है। धार्मिक कार्यों में इस तरह का सहयोग मिलने के बाद कार्य में जुटे लोगों का मनोबल बढ़ता है इससे धार्मिक वातावरण भी तैयार होता है।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनी नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाते विद्यालय के बच्चे व अन्य।

सतबरवा पलामू। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में सोमवार को राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा नेता आशीष सिन्हा ने किया। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि जब हमारा देश गुलाम था उस वक्त आजादी की लड़ाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत वासियों से आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। सुभाषचंद्र शुरू से ही क्रांतिकारी विचारधारा के थे। आजादी की लड़ाई में इनका अहम योगदान है। वे भारत को आजादी दिलाने के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ रहे थे। उसी समय नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रांतिकारी नेता के रूप में उभरे थे। इन्होंने पूरे भारत में आजादी की लड़ाई के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। सभी को इनके बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर मुखिया रिंकी यादव, जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह, पप्पू सिंह, रीमा कुमारी, गुड्डू कुमार रवि, ज्योत्सना कुमारी, सरिता कुमारी, ममता कुमारी, राजन कुमार, प्रिंस कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सार्वजनिक अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम बना है तिरंगा : अशीम कोहली

**बासल (रामगढ़)।** हमारी पृथ्वी अब 8 अरब लोगों का घर है। इस वर्ष भारत चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। उक्त बातें मेजर जनरल अशीम कोहली ने प्रेस बयान जारी कर कहा है। उन्होंने कहा कि विश्व आर्थिक मंच से एक बुरी खबर आई है कि इसी साल पूरी दुनिया में मंदी अपना पांव पसार लेगी। प्राइसवाटर कूपरमैन की रिपोर्ट के अनुसार अगला एक साल बेहद कठिन रहेगा। इसके मुख्य कारणों में चीन समेत अनेक देशों में कोविड-19 महामारी नियंत्रित न हो पाना और रूस-यूक्रेन युद्ध है। इस मंदी का असर भारत पर भी पड़ेगा। लगभग 140 करोड़ लोगों की रोजी-रोटी बचाने और विकास दर आगे बढ़ाने की चुनौती रहेगी तो देशवासियों की एकजुटता ही समाधान देगी, जो राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं आपसी प्रेम और विश्वास से संभव है। उन्होंने कहा कि 90 के दशक के बाद दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी का आगमन हुआ, आवासीय भवन निर्माण में तेजी आई, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर देश बढ़ा और आज डिजिटल करेंसी के दौर में हम पहुंच गए हैं। भारत अब अक्षय ऊर्जा एवं बैटरी से चलने वाली गाड़ियों को मुख्यधारा में लाने के लिए गंभीर पहल कर रहा है। समय, काल और परिस्थितियां किसी भी राष्ट्र के विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। उन्होंने कहा कि हाथों में हाथ डालकर तिरंगे की प्रेरणा से राष्ट्रीय एकता को अपनी ढाल बनाने की आवश्यकता है। तिरंगा ही एकमात्र माध्यम है जो जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, बोली और राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठकर एक-एक देशवासी को आपस में जोड़ता है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक देशवासी यह समझें कि भारत सबसे पहले है और हमें इसे मजबूत बनाना है। हम चाहे जिस भी जगह पर हों और जो भी काम कर रहे हों।

## सरस्वती पूजा व गणतंत्र दिवस को लेकर कुजू ओपी में हुआ शांति समिति की बैठक

कुजू। सरस्वती पूजा व गणतंत्र दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक कुजू ओपी परिसर में सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ओपी प्रभारी बलवंत दूबे ने सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। साथ ही बताया कि रामगढ़ में उप चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। जिसे लेकर पूजा के दौरान डीजे को धीमी आवाज में बजाने, झांकी में नशा करके नहीं शामिल होने, अभद्र गाने नहीं बजाने, फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी ना करने, मूर्ति विसर्जित 10 बजे रात से पहले करने की बात कही. बैठक के दौरान शांति समिति के लोगों ने ओपी प्रभारी से मुरपा फोरलेन किनारे के होटलों में अवैध रूप से बेचे जा रहे शराब पर अंकुश लगाने की मांग की। बैठक में कमलेश सिंह, कुमुद बागे, अमर सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, शिव कुमार साहू, धर्मराज राम, बुच ओझा, राकेश कुमार मेहता, हेमनी देवी, प्रेम प्रसाद, रतन साहू, मोहसिन खान, अफजल अंसारी, शंभूलाल ठाकुर, गणेश सोनी, इंदर गुप्ता, अली हुसैन, नरेश पटेल, प्रभूदयाल महतो, रामाकांत पटेल, पवन कुमार, निर्मल करमाली, दिवाकर चंद्र पटेल आदि मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा को ले भदानीनगर ओपी में शांति निगरानी समिति की हुई बैठक

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी प्रांगण में सरस्वती पूजा व गणतंत्र दिवस को ले सोमवार को शांति निगरानी समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने की। बैठक में सरस्वती पूजा एकता व भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही गई। ओपी प्रभारी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को ले जिले में आचार संहिता लगा हुआ। इसके तहत पूजा के दौरान डीजे पर मनाही होगी। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान हुडदंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, इमामुल अंसारी, टिकेश्वर महतो, विजय राम, रामफल बेदिया, मुनेश बेदिया, प्रेम बेदिया, गोविंद राम, हरिलाल बेदिया, महादेव बेदिया, आजाद अंसारी, रईस अलाम, विजय प्रसाद केसरी व अन्य मौजूद थें।

# प्लास्टिक बैन पर श्री अग्रसेन स्कूल में डिबेट का हुआ आयोजन

## प्लास्टिक के बजाय अन्य विकल्पों को तलाशने पर दिया गया जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



डिबेट में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को अंग्रेजी में डिबेट का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 5 से 8 तक के प्रतिभागी शामिल थे। डिबेट का विषय था प्लास्टिक की थैलियों और पैकेजिंग को बैन करना। इस टपिक पर टीम-ए और टीम-बी में जोरदार बहस हुई। प्लास्टिक बैन करने पर अपना पक्ष रखते हुए टीम-ए ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। प्लास्टिक का उपयोग प्रदूषण का बड़ा कारण बनता है। यह पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं और जलीय जीवों के लिए भी घातक है। जलस्त्रोत भी प्रदूषित होता है। फेंक दिया गया प्लास्टिक कभी भी नष्ट नहीं होता है। जिसे भूमि भी बंजर होती जाती है। प्लास्टिक को जलाने से अत्यधिक प्रदूषित गैस निकलती है, जो हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है। इसलिए इसके स्थान पर पेपर और कपड़े के बैग का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक पर बैन नहीं लगा तो पृथ्वी पर गंभीर संकट उत्पन्न होगा। पृथ्वी पर रह पाना भी करीब-करीब नामुमकिन हो जाएगा। विपक्ष में डिबेट करते हुए टीम-बी ने कहा कि प्लास्टिक के इस्तेमाल को बैन करने के बजाय हमारा जोर इसके इस्तेमाल को कम करने और वैकल्पिक उपायों की तलाश करने पर होना चाहिए। प्लास्टिक की थैलियों को रीसायकल किया जा सकता है। रीसायकल करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार की जरूरत है। यदि हम प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग पूरी तरह बैन कर देते हैं, अन्य संसाधनों जैसे कागज के थैले पर निर्भरता बढ़ जाएगी। लेकिन वास्तविकता है कि कागज के थैले आज की दुनिया की आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकते हैं। प्लास्टिक पर बैन लगाने के बजाय इसपर टैक्स को अधिक बढ़ाना चाहिए, जिससे इसका उपयोग कम किया जा सके। जहां तक बात रही पर्यावरण के नुकसान की तो, पर्यावरण को होने वाले नुकसान में प्लास्टिक का हिस्सा काफी कम है। प्लास्टिक बैग का उपयोग पसंद का अधिकार का भी मामला है। इसके उत्पादन को बंद कर दें, तो रोजगार का बड़ा क्षेत्र प्रभावित होगा। डिबेट का संचालन राहुल सिंह, कुमुल कुमार, मार्कण्डेय मिश्रा, मो शमशाद, विजय राणा ने किया। टीम-ए में अनुष्का कुमारी, समृद्धि कुमारी, अध्या गौरी, रोहिणी कौशल, रिशु गुप्ता, सक्षम सिन्हा, तेजस झा, गौरव सिंह, वारिश मेहविश, आयुष कुमार, टीम-बी में अनन्या कुमारी, माही कुमारी, अतिया इस्लाम, आयेशा अंबरीन, आनंदी सिंह, आयुष सोनी, ख्याति चौहान, कुमारी ओनम, उन्नति सिंह, हूरिया सना शामिल थे।

## नेताजी के जीवनी से देश भक्ति की भावना उत्पन्न होती है : अजय पांडेय



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी

### ओपी जिंदल कम्युनिटी कलेज में फ्लैग फाउंडेशन दिवस व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनी जयंती

**बासल (रामगढ़)।** उच्चरिंगा स्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कलेज में सोमवार को फ्लैग फाउंडेशन दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर संस्थान के प्राचार्य अजय पांडेय ने बताया कि फ्लैग फाउंडेशन अफ इंडिया ने देशभर में तिरंगे का मान बढ़ाने का सफल प्रयास किया है। हमारे लिए यह गौरव का विषय है जिससे हमें देश के प्रति समर्पित होकर काम करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने फ्लैग फाउंडेशन अफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिंदल द्वारा किए गए अथक प्रयास एवं हर भारतीय को हर दिन झंडा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। पराक्रम दिवस पर नेता जी के जीवनी व देश के प्रति उनके अतुल्य योगदान को याद किया गया। अजय पांडेय ने कहा नेताजी के जीवनी से युवाओं को विपत्ति का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही देश भक्ति और साहस की भावना समाहित होती है। कार्यक्रम में कम्युनिटी कलेज में ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे प्रशिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## नेताजी जी ने भारतवर्ष की आजादी के लिए किया था सफल प्रयास : विजयंत

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों की सभा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव ड. गजाधर महतो प्रभाकर व प्राचार्य विजयंत कुमार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने नेताजी के जीवन वृत्त को हिंदी में लोगों के सम्मुख रखा। साथ ही स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तियों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने नेताजी को अदम्य साहस और देशभक्ति का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि नेताजी जी संघर्षों को जीते हुए भारतवर्ष की आजादी का सफल प्रयास किया। सचिव ड. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत हम आज आजाद भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने प्राचार्य व शिक्षकों के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण से प्रभातफेरी निकाली।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान**

कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार केजी की प्राचार्य अंजू पटेल, धर्मेश कुमार सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, सूरज देव सिंह, कुमार विश्वकसेन, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, सिद्धार्थ कुमार मासूम, गौरव कुमार साहू, ष्ण कुमार, सुनीत एक्का, जलेश्वर महतो, पूजा कुमारी मुर्मू, ललिता देवी, बबीता सिंह, सरिता कुमारी, काजल बनर्जी, सीमा मुंडा, नीतू सिंह, पूनम कुमारी, कविता कुमारी, शीला बेदिया, शबाना खातुन, ब्रीजीट एक्का, मोहनलाल बेदिया, वर्षा टेटे, शीला देवी सपना मिंज, गीता प्रसाद आदि का विशेष योगदान रहा।

## देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : डॉ.आरके दास

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में एनएसएस ईकाई 1 एवं 2 के तत्वावधान में सोमवार को नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने सुभाष चन्द्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्राचार्य डॉ.आरके दास ने छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों से सुभाष चन्द्र के जीवन दर्शन को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत माता के ऐसे सपुत जिन्होंने राष्ट्र धर्म को सरोपरि और देश सेवा के लिए आईसीएस जैसे उच्च नौकरी को छोड़ दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा व संचालन डॉ.बी रविदास ने किया। मौके पर कुमकुम, अजय, तारा शंकर महतो, खुशबू, निशा, राजन, आनंद, शिवानी, रूबी, रोशनी, माइकल, नीलम, जूही, संध्या, मौली सोनी, मानसी, जागृति, वैष्णवी, आरती, महक, प्राची, कोमल, अंजली सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थें।

## बोस एक वीर योद्धा थे, त्याग को भूलाया नहीं जा सकता है: सुनीता चौधरी



**रजरप्पा।** दोहाकातू पंचायत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर सुनीता चौधरी समेत कई नेताओं और कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर आजसू रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी ने कहा कि वे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक में हुआ था। नेताजी ने देश की आजादी के लिए आजाद हिद फौज का गठन किया था। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद करने वाले सुभाष चंद्र बोस आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। बोस एक वीर योद्धा थे, उनके बलिदान, त्याग को भूलाया नहीं जा सकता है। आजादी दिलाने में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई। ऐसी आत्मा को नमन है। वही उपचुनाव को लेकर लोगो से केला छाप पर वोट देने की अपील की। मौके पर धनेश्वर महतो डीएम जिला परिषद सदस्य रामगढ़, पूर्व प्रमुख नारायण करमाली, पिंकी देवी आजसू जिला उपाध्यक्ष रामगढ़ व अन्य मौजूद थें।

## सडक दुघर्टना में मारे गये अर्जुन की पत्नी को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा का चेक सौंपा




खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार को बनो और बनाओं मंच के तत्वावधान में नामकुम के सदाबहार चैक पर नेताजी सुभास चन्द्र बोस की 126 वीं जयंती मनायी गयी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सूबेदार मेजर अनील यादव ने कहा कि नेताजी ने देश की आजादी के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया हम आज भी नेताजी के बताए मार्ग पर चल कर ही देष की रक्षा कर सकते हैं। वहीं मंचके अध्यक्ष रामाधार सिंह और सचिव अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी ने ईष्वर और रास्ट्र दोनो की सेवा एक साथ करने की प्ररणा दी थी। मौके पर रमेश पाण्डेय, रामकिशुन महतो, अजय यादव, सोहन गोप, नीरज कुमार, श्रीकांत सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर अनंत नारायण सिंह आदि मौजूद थे। वहीं रामपुर बाजारटांड़ में आजाद हिंद फौज में लेफ्टिनेंट स्व बनेश्वर राय के आवास पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस दौरान नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने नेता जी के जीवनी और उनके कार्यो को विस्तार पूर्वक बताया। वहीं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने कहा नेता जी एक सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रमुख समाजसेवी गोरखनाथ सिंह ने किया। मौके पर आजाद हिंद फौज के लेफ्टिनेंट रहे बानेश्वर राय के पुत्र रंजन राय, पौत्र समीर राय, पुत्रवधू ज्योति राय, विक्रम राय, तुलसी गोप, राजू लकड़ा, शंकर सिंह मुंडा, जलेश्वर गंझ, रोहित गंझू, मदन करण एवं अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## सार्वजनिक अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम बना है हमारा तिरंगा : अशीम कोहली

**बासल (रामगढ़)।** हमारी पृथ्वी अब 8 अरब लोगों का घर है। इस वर्ष भारत चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। उक्त बातें मेजर जनरल (रि) अशीम कोहली ने प्रेस बयान जारी कर कहा है। उन्होंने कहा कि विश्व आर्थिक मंच से एक बुरी खबर आई है कि इसी साल पूरी दुनिया में मंदी अपना पांव पसार लेगी। प्राइसवाटर कूपरमैन की रिपोर्ट के अनुसार अगला एक साल बेहद कठिन रहेगा। इसके मुख्य कारणों में चीन समेत अनेक देशों में कोविड-19 महामारी नियंत्रित न हो पाना और रूस-यूक्रेन युद्ध है। इस मंदी का असर भारत पर भी पड़ेगा। लगभग 140 करोड़ लोगों की रोजी-रोटी बचाने और विकास दर आगे बढ़ाने की चुनौती रहेगी तो देशवासियों की एकजुटता ही समाधान देगी, जो राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं आपसी प्रेम और विश्वास से संभव है। उन्होंने कहा कि 90 के दशक के बाद दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी का आगमन हुआ, आवासीय भवन निर्माण में तेजी आई, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर देश बढ़ा और आज डिजिटल करेंसी के दौर में हम पहुंच गए हैं। भारत अब अक्षय ऊर्जा एवं बैटरी से चलने वाली गाड़ियों को मुख्यधारा में लाने के लिए गंभीर पहल कर रहा है। समय, काल और परिस्थितियां किसी भी राष्ट्र के विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। उन्होंने कहा कि हाथों में हाथ डालकर तिरंगे की प्रेरणा से राष्ट्रीय एकता को अपनी ढाल बनाने की आवश्यकता है। तिरंगा ही एकमात्र माध्यम है जो जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, बोली और राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठकर एक-एक देशवासी को आपस में जोड़ता है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक देशवासी यह समझें कि भारत सबसे पहले है और हमें इसे मजबूत बनाना है। हम चाहे जिस भी जगह पर हों और जो भी काम कर रहे हों, हमें अपने व्यक्तिगत दायित्व को राष्ट्र के प्रति दायित्वों से जोड़कर अपने सपनों के भारत का निर्माण करना है।

## कोयला व्यवसाई गजानंद प्रसाद पर हुआ जानलेवा हमला

### कार के एक पार से दूसरे पर निकली गोली



कार पर लगे गोली का निशान

खबर मन्त्र संवाददाता



कोयला व्यवसाई गजानन प्रसाद की फाइल फोटो

**भुरकुंडा रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के मेन रोड भुरकुंडा में सोमवार की शाम कोयला व्यवसाई गजानन प्रसाद पर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया। हालांकि घटना में गजानंद प्रसाद बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने छह राउंड फायरिंग की है। बताया जाता है कि गजानंद प्रसाद अपने कार फॉक्स वैगन जेएच 01 ईडब्लू 4526 नंबर कार से रामगढ़ से अपने घर सौंदा बस्ती लौट रहे थे। इसी बीच लगभग 7:15 बजे भुरकुंडा बाजार स्थित क्षीर सागर के समीप अपराधियों ने गजानन प्रसाद को निशाना बनाते हुए कार्य पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली कार के हिस्से को चीरते हुए आरपार निकल गई। वहीं दूसरी गोली दरवाजे पर एक साइड के दरवाजे पर लगी। इसके बाद गजानन प्रसाद के चालक तब्बू बहुत चालाकी से कार्य को तेज गति से भगाते हुए भुरकुंडा ओपी ले आया। इधर सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी। बताया जाता है कि अपराधियों की संख्या 3 थी। अपराधियों ने हवाई फायरिंग करते हुए जवाहर नगर जाने वाली रास्ते से भाग खड़े हुए। इधर घटना के बाद पूरे बाजार में दहशत का माहौल कायम हो गया। दुकानों के शटर गिरने लगे। मालूम हो कि गजानन प्रसाद पतरातू रेलवे साइडिंग के संचालक के साथ साथ क्षेत्र के जाने-माने कोयला व्यवसाई भी हैं। पूर्व में भी गजानन प्रसाद के भाई महेश प्रसाद पर भी अपराधियों ने बस्ती में गोली चलाई थी घटना में भी महेश प्रसाद बच गए थे पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही गजानन प्रसाद के दर्जनों समर्थक भुरकुंडा ओपी पहुंच मामले की जानकारी ले रहें। अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस जगह जगह ब्रैकेटिंग लगाकर छापामारी अभियान चला रही है। इधर कयास लगाया जा रहा है कि अपराधियों ने रंगदारी और लेवी को ले घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना के बाद पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस छापामारी अभियान में जुटी है। बीरेंद्र चौधरी ने कहा कि जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस पर माल्यार्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद एम एस हरी विजय, अपर समाहर्ता नेल्सम एयोन बागे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## भदानीनगर पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर पुलिस ने लपंगा निवासी वारंटी इलियास अंसारी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने बताया कि इलियास पर धारा 406 व 420 भादवि के तहत मामला दर्ज था। वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## जुबिली कॉलेज में रोजगार मेला आज : प्राचार्य

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड सरकार के तत्वावधान में कौशल विकास योजना के तहत मंगलवार को जुबिली कॉलेज में आरएसडब्लूएम लिमिटेड द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आरके दास ने बताया कि इसमें 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक-युवतियों सहित इंटर व डिग्री के विद्यार्थियों को रोजगार मेला के तहत मैकेनिकल, नर्सिंग व सिलाई के क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेला सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

## कांके: झामुमो के मिलन समारोह में दर्जनों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

**कांके।** झामुमो प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में रविवार को रिंग रोड रेंडो पतरातू स्थित पतरा में कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर दर्जनों नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य महुआ माजी पूर्व विधायक नेजामुद्दीन अंसारी, जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, समनुर मंसुरी, जनक नायक, हेमलाल मेहता, पवन जेडिया, जुल्फिकार खान ने माला पहनाकर नए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने पार्टी में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी संविधान और नियमों की जानकारी दिया। मौके पर सबीबुल रहमान, हनीफ अंसारी, सोनू मुंडा, बिनोद मुंडा, शेख सहाबुद्दीन, रविन्द्र पहान, खुर्शीद आलम, लाखो उरांव, लक्ष्मी देवी, सज्जाद अंसारी, मोहम्मद चांद, रीना तिर्की सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिपरवार डाटा प्रबंधन टीम ने लिया प्रशिक्षण

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के आदेशानुसार मंडल सह संयोजक संजय कुमार गंझू के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता डाटा प्रबंधन एवं उपयोग प्रयोगशाला टीम की बैठक में हुए शामिल। जिसमें बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं संचालन महामंत्री मृत्युंजय शर्मा ने की। इस बीच कार्यकर्ताओं ने बताया कि भाजपा के द्वारा एक सरल एप का लॉन्च किया गया है जिसमें भाजपा के जितने भी कार्यकर्ता जुड़े हैं उनको उस सरल ऐप के माध्यम से रजिस्टर्ड करना है और केंद्र सरकार के हाथों को मजबूत करने का काम करना है। प्रशिक्षण लेने वालों मे शक्तिकेंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता संयोजक विक्रम कुमार, सह संयोजक संजय कुमार गंझू, आईटी सेल आदित्य केशरी, मिडिया प्रभारी कनवेनर अरविंद सिंह ने प्रशिक्षण लेने के लिए उपस्थित हुए।

## इटकी: कांग्रेस की प्रखंड स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**इटकी।** स्थानीय कुंदी मैदान में सोमवार को कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की व मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुए। मौके पर बंधु तिर्की ने इटकी प्रखंड कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

# कंगाल होता पाकिस्तान

**ऐ**से वक्त में जब पाकिस्तान आर्थिक रूप से दिवालिया होने के कगार पर है और जनता आटे-चावल जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, पाक हुक्मरानों को आटे-दाल का भाव पता चल गया है। यहां तक कि उसके खैरख्वाह मित्र देश भी उसकी मदद के लिये आगे आने से कतरा रहे हैं। ऐसे वक्त में पाक के अवाम में यह विमर्श जोर पकड़ रहा है कि अपने पड़ोसी भारत से मदद क्यों न ली जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और अंतर्राष्ट्रीय राजनय में विशिष्ट पहचाने बनाने की खूब चर्चा पाकिस्तान व वहां के सोशल मीडिया में होती रहती है। जहां दुबई स्थित अल अरबिया समाचार चैनल को दिये साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी सामने आई, वहीं अगले दिन पाक प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से बयान आ गया कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल किये बिना भारत से बातचीत नहीं होगी। बहुत संभव है यह बयान सेना के दबाव में आया होगा, जो नहीं चाहती कि दोनों देशों के रिश्ते सामान्य बनें। हमने विगत में देखा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जब लाहौर यात्रा के जरिये दोनों देशों को करीब लाने का प्रयास कर रहे थे, सेना पीछे से कारगिल का खंजर भारत की पीठ पर भोंक रही थी। यह एक टकसाली सत्य है कि अब चाहे मुंबई हमला हो या देश की संसद पर हुआ अटैक, यह बिना सैन्य प्रतिष्ठानों के प्रशिक्षण के संभव नहीं था। दरअसल, पाकिस्तानी जनता की आम राय है कि भारतीय सीमा से शुरू होने वाला कारोबार पाक के लोगों के लिये सस्ता खाद्यान्न व फल-सब्जी उपलब्ध कराने का अंतिम विकल्प है। लेकिन पाकिस्तान को न तो अपने आवाम की चिंता है और न ही विकास। वह खैरात पर टिका देश बना आज खैरात का इंतजाम पर ही चल रहा है।

# शातिर मक्की पर अंकुश

**भा**रत ने संयुक्त राष्ट्र में बड़ी कूटनीतिक सफलता तब हासिल की जब संगठन की आईएस-अलकायदा प्रतिबंध समिति ने दुर्दांत आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी घोषित किया। जिससे पाक फिर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने बेनकाब हुआ। भारत ने पश्चिमी देशों को विश्वास में लेकर साबित कर दिया कि पाकिस्तान अब भी आतंकवाद की पाठशाला बना हुआ है। भारत इस दिशा में लगातार प्रयासरत था चीनी राष्ट्रपति अपनी घरेलू समस्याओं में उलझे हुए हैं और देश की आर्थिक हालत खस्ता हो रही है। संयुक्त राष्ट्र के इस कदम से साबित हो गया कि पाक में सत्ता प्रतिष्ठानों द्वारा पोषित लश्कर-ए-तैयबा और जमात उद दावा के गुर्गे लगातार भारत विरोधी अभियानों में भूमिका निभाते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की समिति ने हमारे इस तर्क को स्वीकार किया कि इन संगठनों के हथियार प्रशिक्षण और आर्थिक मदद से जम्मू-कश्मीर में भारत विरोधी गतिविधियां चलाई जा रही हैं। युवाओं को गुमराह करके आतंकवादी बनाया जा रहा है। निस्संदेह, पहले से ही आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाक के लिये यह बड़ा झटका है और उसकी पूरी दुनिया में बदनामी होगी। अब विदेशी निवेशक पाक आने से पहले कई बार सोचेंगे। वैसे खुद चीन भी ब्लूचिस्तान में चीन-पाक आर्थिक गलियारे की सुरक्षा में लगे चीनियों पर होने वाले हमलों से आजिज आ चुका है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों का मनोबल भी संयुक्त राष्ट्र के इस फैसले के बाद गिरेगा। बहरहाल, पाक के हुक्मरानों को एक बात तो समझ में आ गई है कि उसकी गुरबत और खस्ता माली हालात में भारत ही मददगार हो सकता है। मगर जरूरी यह है कि पाक की तरफ से ईमानदार पहल हो। बात और घात का खेल अब न चलेगा।

# लंका विजय की तैयारी

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**रावण** की सभा में अंगद ने जिस प्रकार पांव मारा उससे रावण का मुकुट उड़कर शिविर में गिरी। लोगों को अचंभा हुआ कि लंका की ओर से कौन सी चमकती वस्तु आ रही है लेकिन वह आकर श्रीराम के पास उनकी सेवा में हाजिर हो गयी थी। जब उनके पास आ गयी तो लोगों ने समझा वह दिव्य और दैवी शक्ति थी जो श्रीराम के लिये थी। अंगद वापस हो गये और रास्ते में वे यह विचार करते आ गये कि अब युद्ध के सिवाए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। सेना की छावनी में लौटकर लंका का सारा वर्णन रावण की सभा में जो कुछ हुआ श्रीरामजी को बताया और कह दिया प्रभु आक्रमण की तैयारी कीजिए इसके सिवा हमलोगों के पास अब दूसरा रास्ता नहीं है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

श्रीराम जो कुछ नीति है उसका सहारा ले रहे थे। साम, दाम, दंड भेद यही नीति होती है। इसलिये जो नीति लेकर चलते हैं वे महान माने जाते हैं। यद्यपि राम जानते थे कि रावण सीता को वापस नहीं करेगा फिर भी संसार में आर्दशउपस्थित करने के लिये उन्होंने संधि का प्रस्ताव भेजा। हर कीमत पर सीता को प्राप्त करना है।

वह उनकी अपनी शक्ति थी। जैसे परमात्मा की शक्ति परा शक्ति होती है वैसे ही राम की शक्ति सीता थी। सीता राम दोनों मिलकर परमात्मास्वरूप होता है। यह जीव की जो परा शक्ति है जब वह लुप्त हो जाती है तो यह जीव कहा जाता है। अब वह शिव नहीं रहता है। परमात्मस्वरूप इसका समाप्त हो जाता है अहंकार के कारण। अहंकार रूपी रावण ही इसका हरण करता है। परा का मतलब प्रेम होता है और जब प्रेम का हरण हो जाता है उसके जगह पर द्वेष पैदा हो जाता है और द्वेष अशांति देता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




# सरस्वती पुत्र महाप्राण निराला की साहित्य यात्रा





**-एनके मुरलीधर**

> जब पहले महायुद्ध के बाद फैली महामारी में उनकी पत्नी मनोहरा देवी का भी निधन हो गया। इस महामारी में उनके चाचा, भाई और भाभी का भी देहांत हो गया। इसके बाद की उनकी जीवन-स्थिति को उनकी काव्य-में देखें : धन्ये, मैं पिता निरर्थक का, कुछ भी तेरे हित न कर सका! जाना तो अर्थागमोपाय, पर रहा सदा संकुचित-काय, कर अनर्थ आर्थिक पथ पर। हारता रहा मैं स्वार्थ-समर।

**सूर्यकांत** त्रिपाठी निराला का जन्म 21 फरवरी 1896 को बंगाल की महिषादल रियासत (जिला मेदिनीपुर) में हुआ। इस जन्मतिथि को लेकर अनेक मत हैं, लेकिन इस पर विद्वतजन एकमत हैं कि 1930 से निराला वसंत पंचमी के दिन अपना जन्मदिन मनाया करते थे। महाप्राण नाम से विख्यात निराला छायावादी दौर के चार स्तंभों में से एक हैं। उनकी कीर्ति का आधार ह्यसरोज-स्मृतिह्ल, ह्यराम की शक्ति-पूजाह्ल और ह्यकुकुरमुत्ताह्ल सरीखी लंबी कविताएँ हैं; जो उनके प्रसिद्ध गीतों और प्रयोगशील कवि-कर्म के साथ-साथ रची जाती रहीं। उन्होंने पर्याप्त कथा और कथेतर-लेखन भी किया। बतौर अनुवादक भी वह सक्रिय रहे। वह हिंदी में मुक्तछंद के प्रवर्तक भी माने जाते हैं। वह मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति के पक्षधर हैं। वर्ष 1930 में प्रकाशित अपने कविता-संग्रह परिमल की भूमिका में उन्होंने लिखा : मनुष्यों की मुक्ति कर्म के बंधन से छुटकारा पाना है और कविता की मुक्ति छंदों के शासन से अलग हो जाना है।

निराला के बचपन में उनका नाम सुर्जकुमार रखा गया। उनके पिता पंडित रामसहाय तिवारी उन्नाव (बैसवाड़ा) जिले गढ़ाकोला गाँव के रहने वाले थे। वह महिषादल में सिपाही की नौकरी करते थे। निराला की शिक्षा हाई स्कूल तक हुई। हिंदी, संस्कृत और बांग्ला भाषा और साहित्य का ज्ञान उन्होंने स्वाध्याय से अर्जित किया। उनका जीवन उनके ही शब्दों में कहें तो दुःख की कथा-सा है। तीन वर्ष की आयु में उनकी माँ का और बीस वर्ष के होते-होते उनके पिता का देहांत हो गया। बेहद अभावों में संयुक्त परिवार की जिम्मेदारी उठाते हुए निराला पर एक और आघात तब हुआ, जब पहले महायुद्ध के बाद फैली महामारी में उनकी पत्नी मनोहरा देवी का भी निधन हो गया। इस महामारी में उनके चाचा, भाई और भाभी का भी देहांत हो गया। इसके बाद की उनकी जीवन-स्थिति को उनकी काव्य-पंक्तियों से समझा जा सकता है :

धन्ये, मैं पिता निरर्थक का,
कुछ भी तेरे हित न कर सका!
जाना तो अर्थागमोपाय,
पर रहा सदा संकुचित-काय
लख कर अनर्थ आर्थिक पथ पर
हारता रहा मैं स्वार्थ-समर।

ये पंक्तियाँ निराला की कालजयी कविता सरोज-स्मृति से हैं। यह कविता उन्होंने मात्र उन्नीस वर्ष आयु में मृत्यु को प्राप्त हुई अपनी बेटी सरोज की स्मृति में लिखी।

निराला का व्यक्तित्व घनघोर सिद्धांतवादी और साहसी था। वह सतत संघर्ष-पथ के पथिक थे। यह रास्ता उन्हें विक्षिप्तता तक भी ले गया। उन्होंने जीवन और रचना अनेक संस्तरों पर जिया, इसका ही निष्कर्ष है कि उनका रचना-संसार इतनी विविधता और समृद्धता लिए हुए है। हिंदी साहित्य संसार में उनके आक्रोश और विद्रोह, उनकी करुणा और प्रतिबद्धता की कई मिसालें और कहानियाँ प्रचलित हैं। उनके जीवन का उत्तरार्द्ध इलाहाबाद में बीता। वहीं दारागंज नाम के मुहल्ले में 15 अक्टूबर 1961 को उनका देहावसान हुआ। अनामिका (1923), परिमल (1930), गीतिका (1936), तुलसीदास (1939), कुकुरमुत्ता (1942), अणिमा (1943), बेला (1946), नए पत्ते (1946), अर्चना (1950), आराधना (1953), गीत कुंज (1954), सांध्य काकली और अपरा निराला की प्रमुख काव्य-कृतियाँ हैं। लिली, सखी, सुकुल की बीवी उनके प्रमुख कहानी-संग्रह और ह्यकुल्ली भाट, बिल्लेसुर बकरिहा उनके चर्चित उपन्यास हैं। चाबुक शीर्षक से उनके निबंधों की एक पुस्तक भी प्रसिद्ध है।

निराला की रचना है साहित्य पर। हिंदी में भाषा और भावों के बाग में, अभी पतझड़ का ही समय है। जिन डालियों में नए पल्लव, नवीन बसंत की सूचना के रूप में निकले भी हैं, उन्हें सत्समालोचन के अभाव में कुहरे ने अंधकार में डाल रक्खा है और यह भी निस्संदेह है कि अभी साहित्य की पृथ्वी पर उषा की अस्पष्ट छाया ही पड़ी है, प्रभात का स्नेहप्रकाश नहीं फैला अर्थात यह अभी हिंदी के उपन्यास साहित्य का बाल्यकाल है, जहाँ असंयत प्रलाप ही श्रृंखलित परिचय तथा अलाप की जगह सुन पड़ता है। बाल-हाथों की अधूरी रचनाएँ ही हैं जो रचयिता की मानसिक स्थिति का बयान करती हैं। अभी प्रकृति के विशाल बाग के खुले हुए विविध रंगों के पुष्पों की तरह समाज तथा परिस्थिति के अम्लान, कला-कांति की परकाष्ठा तक पहुँचे हुए, अपने समय तथा ऋतु के गौरव के रूप से दिगंत को सुरभित करने वाले प्रसून नहीं खिले, उन चित्रों में बाल्य की अस्पष्टता ही अधिक है, सफलता का प्रकाश कम।

सृष्टि का सबसे बड़ा कारण परिस्थितियों का रूपांतरण है अथवा युग का प्रवर्तन। हिंदी के युग में प्रवर्तन को अपनी तमाम शक्तियों से इष्टमंत्र की तरह जपकर बुलानेवाले, उसकी प्रतिष्ठा करने वाले उपन्यासकार हैं ही नहीं। उपन्यास की पृथ्वी पर पतझड़ के पश्चात जो बसंत की हवा बहती है, उसका स्पर्श ही अभी नहीं मिल रहा है, फिर नए रंग, नए चित्र, नई भरी-पूरी पुष्प पल्लवमयी शोभा तो बड़ी दूर की बात है। समाज जिस धारा में पहले से बहता हुआ आ रहा था, उपन्यासकार उसी धारा में बहते हुए समाज की अवस्था का अपने अधूरे प्रयत्नों से, अधूरी भाषा से चित्रण करते आए। फल यह हुआ कि हर जगह चित्रकारों से उनके चित्रों की ही शक्ति महान रही है, अतः डरे हुए दुर्बल चित्रकारों के प्रयत्न प्रायः असफल ही रहे हैं; कारण, पूर्व आदर्श की महत्ता तक न वर्तमान समाज ही पहुँचा हुआ है और न ही उसके चित्रित करने वाले चित्रकार। स्वप्न की अस्पष्ट रेखा की तरह उसके खींचे हुए प्राचीन बड़े आदर्श के चित्र वर्तमान जागृति के प्रकाश में छाया-मूर्तियों में ही रह गए हैं, जिनके साहित्यिक अस्तित्व से अस्तित्व ही प्रबल है।

जब तक किसी बहते प्रवाह के प्रतिकूल किसी सत्य की बुनियाद पर ठहरकर कोई उपन्यास नई-नई रचनाओं के चित्र नहीं दिखलाता, तब तक न तो उसे साहित्यिक-शक्ति ही प्राप्त होती है और न समाज को नवीन प्रवहमान जीवन; तभी रचना विशेष शक्ति तथा सौंदर्य से पुष्ट होकर नवीनता का आवाहन करती है, कला भी साहित्य को नवीन ऐश्वर्य से अलंकृत करती है।

## खास बात

# अंधविश्वास

**अन्नू रंजन**

**इससे** बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दिन विज्ञान की दुनिया में चंद्रयान-2 के कामयाब प्रक्षेपण के रूप में देश ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, उसी दौरान झारखंड से अंधविश्वास की वजह से चार लोगों को बर्बरता से मार डालने की परेशान करने वाली खबर आई। राज्य में गुमला जिले के सिसकारी गांव में दो महिलाओं सहित चार बुजुर्ग आदिवासियों को लोगों ने इसलिए पीट-पीट कर मार डाला कि किसी तांत्रिक या ओझा ने उन्हें ह्यडायनह्ल बता दिया। इसके अलावा, पिछले हफ्ते झारखंड के ही गिरिडीह में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को मानव मल खाने पर मजबूर किया गया। दोनों ही घटनाओं के सामने आने के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। ऐसे मामलों के तूल पकड़ने के बाद इस तरह की कार्रवाइयां पहले भी होती रही हैं। सवाल है कि उनका हासिल क्या है? आमतौर पर ऐसी हर घटना के बाद कानून अपना काम करता है और आरोपियों को गिरफ्तार करके कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाती है। मुश्किल यह है कि सोच-समझ और मानसिकता में गहरे पैठी जड़ताओं से जुड़ी इस समस्या की मूल वजहों को दूर करने की कोशिश नहीं की जाती है।

झारखंड में हुई ये घटनाएं कोई नई नहीं हैं। डायन होने के अंधविश्वास की वजह से इस तरह किसी को मार डाले जाने या मानव मल खिलाने के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। इस पर काबू पाने के मकसद से सख्त कानूनी प्रावधान भी किए गए, लेकिन आज भी अगर यह अंधविश्वास बदस्तूर कायम है तो यह न केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों की नाकामी है, बल्कि इससे यह भी साबित होता है कि विकास की चमकती तस्वीर में सामाजिक जड़ताओं की जंजीरों को तोड़ने के मुद्दे किस तरह दरकिनार हैं। सिसकारी गांव में कुछ लोगों की बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। लोगों को लगा कि गांव को किसी की बुरी नजर लग गई है और इस मुद्दे पर बाकायदा एक सभा या पंचायत की बैठक की गई और ओझा की सलाह के बाद चार लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी।

**उत्तर प्रदेश** में गाजीपुर स्थित आत्म-ज्ञानी संत पवहारी बाबा जी के आश्रम में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

हमारी मातृभूमि संतों से सदैव समृद्ध रही है जिन्होंने समाज को सत्य, धर्म व मानवता के मार्ग दिखाए हैं।

**-योगी आदित्यनाथ**

## आपके ट्वीट

**पुलिस** बल के लिए अलग से स्वास्थ्य व्यवस्था तैयार करने के लिए चीजों को आगे बढ़ाया है। पुलिसकर्मियों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी तैयारी की जा रही है। हमारे पुलिस जवानों के लिए विकसित राज्यों से बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास करेंगे : **- हेमंत सोरेन, सीएम**





**जब** भी भारत और उसके आदर्शों की रक्षा की बात होती है, बाना सिंह जैसे देश के वीर सपूतों का नाम लिया जाता है। सियाचिन की बफीली ऊंचाइयों पर तिरंगा लहराने वाले परमवीर चक्र विजेता, कप्तान बाना सिंह जी प्रेरणा हैं। **- राहुल गांधी**

# भाजपा की बारी दक्षिण जीतने की तैयारी

**डॉ. विपिन कुमार**

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बीते दिनों कर्नाटक दौरे पर थे। राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उनका यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि यहां भारतीय जनता पार्टी मैदान में अकेले उतरेगी और उनका इरादा दो तिहाई बहुमत हासिल करना है। गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि यहां भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। हालांकि यह माना जा रहा था जनता दल (सेक्युलर से भाजपा का गठजोड़ हो सकता है। मगर अब साफ है कि भाजपा अपने बूते जनता की अदालत में जाएगी।

अमित शाह ने भाजपा के लिए कर्नाटक को दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार घोषित किया है। उनके इस कथन के बाद दक्षिण भारत में भाजपा के दायरे को लेकर एक बार फिर से नया विमर्श शुरू हो गया है। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों में अपना पैर जमाने के लिए कई अनुभवी कार्यकताओं को तैनात करने का फैसला किया है। इन राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या 50 से भी अधिक है। इस कड़ी में बीते दिनों हैदराबाद में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।

यह एक ऐसी योजना है, जिससे भाजपा को विधानसभा के अलावा 2024 के लोकसभा चुनाव में सीधा फायदा मिलेगा और यदि पार्टी वास्तव में इस चुनाव में एक नया कीर्तिमान स्थापित करना चाहती है तो उसे दक्षिण भारतीय राज्यों में उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह यह भली भांति समझते हैं कि यदि उन्हें दक्षिण भारतीय दिलों में अपनी एक चिर स्थायी जगह बनानी है, तो उत्तर भारत से सांस्कृतिक और भाषायी रूप से जोड़ना ही होगा।

## राजनीति

एक दौर ऐसा था, जब दक्षिण भारत खुद को कटा हुआ महसूस करता था। लेकिन बीते 8 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अथक प्रयासों से पूरे राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोया है और आज लोगों के दिलों में उप-राष्ट्रवाद के स्थान पर राष्ट्रवाद ने अपना घर बना लिया है। इसके हमने कई उदाहरण देखे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दक्षिण भारतीय राज्यों में अपने दायरे को एक नया आयाम देने के लिए ह्यट्रिपल सीह्ल की रणनीति अपनाई है, जिसकी व्यापक परिभाषा - सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीकों को पुनर्जीवित करना, विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय हस्तियों को पार्टी में शामिल कर जनमानस के बीच अपनी विश्वसनीयता स्थापित करना और जमीनी स्तर पर अपनी सांगठनिक क्षमता को सुदृढ़ करना है। आंकड़े बताते हैं कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों में कुल 130 लोकसभा सीटें हैं। यहां भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटों पर, जबकि बीते लोकसभा चुनाव में 29 सीटों पर जीत हासिल की थी। इससे साफ है कि इस क्षेत्र में भाजपा की स्वीकार्यता दिनों-दिन बढ़ रही है और पार्टी यह धारणा भी तोड़ने में सफल हो रही है, ह्लभाजपा एक उत्तर भारतीय पार्टी हैह्ल।

वास्तव में, दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा के सामने एक खुला मैदान है। उसके सामने संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। पार्टी मोदी-योगी मॉडल के सहारे इन राज्यों में एक नई ऊंचाई हासिल कर सकती है और अपनी जन-कल्याणकारी नीतियों से कांग्रेस और वाम दलों का अंत कर सकती है। इसके फलस्वरूप देश में परिवारवाद, जातिवाद और ध्रुवीकरण की राजनीति का भी अंत होगा।

## लेटर टू एडिटर

### सुरक्षा को प्राथमिकता

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर खतरनाक होती जा रही है। लोगों की लापरवाही खतरे की घंटी से कम नहीं है। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथों को साबुन से धोना, नियम पालना हेतु मीडिया का सहारा लेना पड़ेगा। लोगों को अविलंब वैक्सीन लगवानी होगी। अर्थव्यवस्था की चिंता छोड़ जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी नाजुक दौर का मुकाबला करने में सक्षम हो सकें। **-प्रकाश, रांची**

### सख्ती से पालना

**कोरोना** वायरस की रोकथाम के लिए टीकाकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। वायरस के दहशत के साये में जी लेने और टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद लोगों के मन से कोरोना का डर निकल गया। लोग कोरोना से बचाव के सारे नियम व सावधानियां भूल गये। अन्यथा इसका खमियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा। निश्चित तौर पर यह एक बड़ी समस्या है।

**-पूनम राज, हजारीबाग**

# गणतंत्र की सुरक्षा में न्याय व्यवस्था हो चाक चौबंद



**मृत्युंजय प्रसाद**

**सरकार** के तीन अंग माने जाते हैं - विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका। संसदीय लोकतंत्र के अंतर्गत, शक्ति के बंटवारे के सिद्धांत के इतर, अस्थायी कार्यपालिका (मंत्रीगण आदि) विधायिका का अभिन्न अंग होती है और इस प्रकार वह संसद के प्रति सामूहिक रूप से सीधे तौर पर जिम्मेवार होती है। स्थायी कार्यपालिका (प्रशासन) अस्थायी कार्यपालिका के दिशा-निर्देश में अपना कार्य संपादित करती है और परोक्ष रूप से वह भी संसद के प्रति जवाबदेह हो जाती है । इस प्रकार कार्यपालिका- विधायिका आम जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। इस संरचनात्माक विशेषता के परिणामस्वरूप यह माना जाता है कि यह सरकार के नीति, कानून एवं कार्यक्रम को यथार्थ में लाने में अधिक कारगर होगी क्योंकि मापदंड निर्धारित करने वाली संस्था ही उसे लागू करती है। साथ ही साथ, यह जनता के प्रति जवाबदेह भी होगी। इसी वजह से संसदीय लोकतंत्र को कारगर एवं जवाबदेह प्रणाली का पर्यायवाची माना जाता है। निसंदेह सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के परिणामस्वरूप संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था भारतीय संविधान की मूलभुत विशेषता है। इसे किसी अन्य प्रणाली से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। यहाँ तक कि संसद भी अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग कर कोई अन्य प्रणाली प्रतिस्थापित नहीं कर सकती है। 60 वर्षों से अधिक के लंबे समय में भारत ने संवैधानिक उद्देश्यों के संदर्भ में बहुत क्षेत्रों मे क्षमता एवं उम्मीद से कम उपलब्धि हासील की है। संसदीय लोकतंत्र के माध्यम से हीं हमें इन उदेश्यों को प्राप्त करना था एवं है।

## सामयिक

तंत्रात्मक विष्लेषण के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला गया कि रोजमर्रा के कार्य-कलापों में यदि कानून-जनित जनभागीदारी सुनिश्चित की जाये तो, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में 5 बर्षों के पश्चात चुनाव के दौरान प्राप्त होती है, संसदीय प्रणाली कारगर हो पायेगी। इस प्रसंग में सूचना के अधिकार की स्वीकार्यता जन्म ली एवं बढ़ी।

सूचना के अधिकार से संबंधित परिकल्पना बहुत पुरानी है। स्वीडन संसार का पहला राष्ट्र है जिसने सूचना के अधिकार अधिनियम को वर्ष 1776 में अपनाया। इस अधिनियम का मूल विधायिका की पहुंच राजा के पास रखी सूचनाओं तक बनाने की थी । परंतु, आज के भारत में यह अधिकार है। यह सर्वोच्य न्यायालय कि सृजनात्मक व्याख्याा के परिणामस्वरूप न केवल संवैधानिक अधिकार है अपितु मूलभुत अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 19एक एवं अनुच्छेद 21 में इसे निहित माना। जहां तक सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 कि बात है वह इस मूलभूतअधिकार को यथार्थ में तब्दील करने का बस एक माध्यम है । यह अधिकार मुख्यत भारतीय नागरिकों को अधिकृत करता है कि वह सरकार के रोजमर्रा के नीति एवं क्रिया - कलाप के विषय में जानकारी ले सकें। यह माना जाता है कि ऐसा होने से सरकारी तन्त्र में खुलापन एवं पारर्दिशता के मूल्य जड़ जमाने लगते हैं।

इससे तन्त्र स्वत - परिष्कृत होने लगता है। साथ ही साथ, संस्थाएं एवं अधिकारी कारगर एवं उत्तरदायी होने लगते हैं ।मुख्यत यह अधिनियम अधिकतम सूचनाओं के स्वत प्रकटीकरण के सिद्धांत पर आधारित है ताकि नागरिकों को न्यूनतम इस दस्तावेज का उपयोग करना पड़े।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## जानलेवा हमला कांड के मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंची पुलिस

**झरिया।** सिंह नगर गुलगुलिया पट्टी में हुए गुटीय संघर्ष मामले छुट भैया आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जे भेजने में सफलता हासिल कर अपनी पीठ थोथपा रही है। वही प्रभावशाली आरोपी आज घटना के मुख्य आरोपी पुलिस पकड से बाहर है। गिरफ्तार चंदन धिक्कार को झरिया पुलिस जेल भेज दिया। जबकि सिंह मेंशन समर्थक पिंकू चौबे, रंजीत रवानी, धनंजय यादव व रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार सहित मामले का क ई मुख्य आरोपी पुलिस पकड से बाहर है। बताते है कि गत दिनों झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर गुलगुलिया पट्टी में सिंह मेंशन धनंजय यादव व रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार समर्थकों के बीच खुनी संघर्ष हुआ था। जिसमे दोनों पक्षों से अवैध हथियार, गोली, बम, तलवार से एक दुसरे पर हमला किया गया था। जिसमें एक धनंजय समर्थक की मौत हो गयी है। दोनों पक्षों के शिकायत पर झरिया थाना में मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद से पुलिस सभी आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है। लेकिन अभी तक कोई मुख्य आरोपी तक पुलिस नहीं पहुच सकी है।

## पेटरवारए तेनुघाट चौक पर स्थित समाधान में मनाया गया बॉस की जयंती।

**बेरमो।** तेनु चौक स्थित समाधान कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बॉस की चित्र पर माल्यार्पण कर 127 वीं जयंती मनाई गई। तुम मुझे खून दोए मैं तुम्हें आजादी दूंगा जय हिन्द दिल्ली चलोए जैस करिश्माई नारों से देश मे आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल हैं जिनसे आज के दौर का युवा वर्ग प्रेरणा मिलता है। देश के स्वाधीनता आंदोलन के नायकों में से एक नेताजी की जीवनीए उनके विचार और उनका कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। भारत सरकार नेताजी के जन्मदिन को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। मौके पर सुधीर कुमार सिन्हा एशिव शंकर सहाय एरवि शंकर जयसवाल एपंकज कुमार सिन्हा एचंदन सिन्हाए सुनम प्रसाद एललित उपाध्यायए शंकर महतो एगुड्डू खन्ना सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मंदिर उद्घाटन ऐतिहासिक होगा: उमेश मेहता

**ईचाक।** इचाक मोड़ काली मंदिर का भव्य उद्घाटन श्री श्री 1008 श्री श्री रुद्र महाचंडी यज्ञ नौ दिवसीय को लेकर इचाक मोड़ शिव मंदिर के प्रांगण में दर्जनों गांव के ग्रामीण उपस्थित हुवे। सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया जिसमें समिति अध्यक्ष जीप अध्यक्ष उमेश मेहता, सचिव कैलाश मेहता, उपाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद मेहता, भागवत मेहता, बालेश्वर मेहता, जयनारायण मेहता, सह सचिव - राजबल्लम मेहता, फुलेश्वर मेहता, परमेश्वर मेहता, तालेश्वर मेहता, सुखदेव मेहता, प्रचार प्रसार प्रभारी - रंजीत मेहता, दिगंबर मेहता, गोविंद मेहता समेत कई पूजा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

## अलौंजा में पांच दिवसीय महिला प्रशिक्षण का उद्घाटन

**इचाक।** महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के किसान महिला दीदी को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा अलौंजा खुर्द पंचायत भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका उद्घाटन मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता एवं उद्यान विभाग के सहायक निदेशिका निकिता कुमारी एवं जी टी भारत के निर्भय कुमार उत्सव कुमार राजीव एवं मनोज जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुखिया जी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत खेती एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षित किसान खेती कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। निकिता कुमारी ने कहा कि किसान प्रति बंजर भूमि पर केला अमरूद एवं फूलों की खेती कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर अंजू देवी राधा देवी इंदु कुमारी उषा देवी नीतू देवी सीमा कुमारी एवं प्रखंड की दर्जनो महिला शामिल हुए जिनमें सुमित्रा देवी सरिता देवी उषा देवी।

# क्या सिर्फ दिखावे के लिए होती है पेड़ो की रक्षाबंधन !

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** सरकार द्वारा वनों की सुरक्षा के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च किये जाते हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता के चलते हरे-भरे जंगल ठूंठ में तब्दील हो रहे हैं। वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही उनकी कार्यप्रणाली को संदेहात्मक बनाती है। जिसके चलते क्षेत्र में वनों की कटाई पर रोक नहीं लगा पाती है। दरअसल इसी लापरवाही के कारण ही वनों की कटाई पर अंकुश नहीं लग पाता है और विभाग के जिम्मेदार



अधिकारियों को बदनामी का दंश झेलना पड़ता है। एक ऐसा ही मामला टाटीझरिया क्षेत्र के डुमर, धरमपूर, बेड़म,पेनिमाको, हर्दिया, बेड़म, केसडा,घुघुलियां, झरपो, भराजो, खैरा, होलंग, डहरभंगा एंव अन्य गाँवो के जंगलो के बीट में देखने को आया है जहां बेशकीमती पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है।

### क्या कहते है वनरक्षी

वनरक्षी विद्याभूषण का कहना है कि ग्रामीण वनमहोत्सव मनाते है, पेड़ पौधे को रक्षाबंधन कर जंगल बचाने का संकल्प लेते है। वही ग्रामीण इसे भूलकर पेड़ की कटाई कर रहे है, ये चिंता की बात है। काटनेवालों को चिन्हित कर करवाई किया जाएगा।

**हर साल होता है पेड़ो का रक्षाबंधन**

प्रखंड में हर साल पेड़ो का रक्षाबंधन कार्यक्रम एक इवेंट बन गया है। इसमें अधिकारी, नेता, ग्रामीण व समाजसेवी सम्मिलित होते है। बहुत तामझाम के साथ सभी पेड़ो में रक्षासूत्र बांधकर इसे बचाने का संकल्प लेते हैं। मीडिया के माध्यम से जोर शोर से इसका प्रचार प्रसार किया जाता है। वन संरक्षण व पर्यावरण को लेकर लम्बे चौड़े भाषण दिए जाते है। इवेंट के बाद सब टाइ-टाइ फुस्स हो जाता है। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत अनेक योजनाओं में करोड़ों रुपए का पौधरोपण हो चुका है लेकिन वृक्ष की कटाई रोकने के लिए शासन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## एसडीजीएम एकेडमी में मना सुभाष चंद्र बोस जयंती

**बरही।** बरही अंतर्गत डीवीसी के समीप स्थित एसडीजीएम एकेडमी में सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के निदेशक महेश गुरनानी, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। विद्यालय निदेशक ने बच्चों को संबोधित करते हुए सुभाष चंद्र बोस को महान स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए कहा कि उनका जीवन देश के लिए समर्पित था।आजादी में उनके योगदान को सराहा और कहा की सुभाष चंद्र बोस युवाओं के लिए आज भी आदर्श हैं। ऐसे व्यक्तित्व की आवश्यकता देश को आज भी है। मौके पर सोनू कुमार सिंह संतोष कुमार हेमलाल पंडित आरती यादव बेबी शहनाज निरंजन कुमार सुमन कुमारी श्रुति सुमन नमिता कुमारी बिल्किस शहनाज आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं सुभाषचंद्र बोस : मुखिया

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत शिवा आवासीय विद्यालय में सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। मौके पर वार्डन अनिल ठाकुर और सुआ मुखिया दुलारी देवी ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुखिया ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस आज भी युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं। उन्होंने बच्चों को सुभाषचंद्र के मार्गदर्शन पर चलने की प्रेरणा दी। मौके पर वार्डेन अनिल कुमार ठाकुर ने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आवासीय विद्यालय में सभी अनाथ बच्चे रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। कहा कि देश को आजादी दिलाने में सुभाषचंद्र की भूमिका महत्वपूर्ण थी। उनका प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो मै तूम्हे आजादी दूंगा से देश को आजादी मिली। उन्होंने आजाद हिंद फोज की स्थापना कर बेहतर कार्य किये थे। मौके पर काफी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल थे।

## पलामू के 81 शिक्षकों ने एफएलएन का प्रशिक्षण प्राप्त किया

**मेदिनीनगर।** जेसीईआरटी रांची में पलामू के कुल 21 प्रखंडों से 81 शिक्षकों ने मास्टर ट्रेनर के रूप में मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। ये सभी 84 मास्टर प्रशिक्षक प्रखंड स्तर पर प्राथमिक विद्यालय के दो-दो शिक्षकों को मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान हेतु शिक्षण प्रक्रियाओं को लेकर प्रशिक्षण देंगे। पलामू में प्रखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण माह फरवरी में किया जाना है। इस बाबत राज्य स्तरीय राज्य रिसोर्स समूह के स्टेट मास्टर प्रशिक्षक दिनेश कुमार शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का एक मुख्य लक्ष्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को विकसित करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा मंत्रालय द्वारा 5 जुलाई 2021 को निपुण भारत मिशन की शुरूआत की गई है। विद्यालय स्तर पर दो शिक्षकों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रखंड स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों की चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। जेसीईआरटी रांची में संचालित राज्य मास्टर प्रशिक्षक श्वेता शर्मा, डीके शुक्ला, अशोक कुमार, विश्वजीत घोष, डॉ संगीता पाठक, मो एयू रागिब, दिव्या सिंह, चंद्रावती, विजय एक्का आदि ने प्रखंड स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को एफ एल एन का प्रशिक्षण दिया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में शिक्षक नंदकिशोर कुमार, राम उपेन्द्र पांडेय, अभिलाषा कुमारी, पूजा सिन्हा, निकहत जबीं, गोविंद प्रसाद, अर्जुन कुमार, प्रवीण रवि, वृंदा प्रसाद,शशि रंजन पांडेय, संजय कुमार सिंह, सुजाता कुमारी, निरंजन दुबे,कृष्ण कुमार, अभिषेक कुमार, शमशाद अंसारी, देवेश पांडेय, अंजू कुमारी, गौतम कुमार समेत कुल 81 शिक्षकों ने भाग लिया।

## कायस्थ महासभा ने मनाई सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने महान क्रान्तिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूम-धाम से मनाई । सदस्यो ने सुभाष चौक (सदीक मंजिल) स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। नेताजी के आदर्श एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम ीरं जिलाध्यक्ष कमल किशोर, पुर्व जिलाध्यक्ष स्नेह रंजन श्रीवास्तव, महासचिव लाल बहादुर सिंहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरूणजय नारायण सिंहा, उपाध्यक्ष सुबोध प्रसाद सिंहा, संगठन मंत्री संजय शरण, युवा अध्यक्ष राजेश कुमार सिंहा, राजनीतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशांक सुमन, युवा महासचिव चंदन सिंहा, वरिष्ठ सदस्य संजय राज, विजय कृष्ण सहित कई चित्रांश सदस्य उपस्थित थे।

## नेताजी सुभाष सेवा संघ के अवसर पन रक्तदान शिविर आयोजन

**बेरमो।** नेताजी सुभाष सेवा संघ करगली द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 127 वां जयंती एवं संघ का 13 वां स्थापना दिवस 23 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष पर हर साल की तरह इस साल भी यहां रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें दर्जनो लोगों ने रक्तदान किया। रक्त संग्रह रेड क्रॉस सोसाइटी और सदर अस्पताल बोकारो के डॉक्टर मैथिली ठाकुरए सहयोगी संजय कुमार धनंजय कुमारए कुमार हर्षवर्धन द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेयएविशिष्ठ अतिथि ढोरी महाप्रबंधक एमके अग्रवालए सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ उषा सिंहएयुवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष आर उनेशए कोषाध्यक्ष राजेश मालाकारए प्राचार्य रविंद्र कुमार सिंहए भाजपा नेता मघूसूदन प्रसाद सिंहए विनय सिंहएभाई प्रमोद सिंहए दिनेश सिंहए अशोक सिंहए नवल किशोर सिंहए कृष्ण कुमारए सुमित सिंहए अजनी सिंहए मुखिया ललन सिंहए वार्ड पार्षद भरत बर्मा व अनिल सावएमजदूर नेता शिवनंदन चौहान व गजेंद्र सिंहएइनमोसा नेता विजय कुमार सिंहए भोजपुरी समाज के लाखन सिंहएसीएमओ डॉ अरविंद कुमार सिंह एसओएक्स आर के सिंह सहित सैकड़ों लोगो ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि नेताजी के आदर्शों पर चलने से ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ढोरी महाप्रबंधक एम के अग्रवाल ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ सामाजिक दायित्व का पालन भी कर रहा है।

# अफवाहों को नजरअंदाज कर पुलिस को दें जानकारी : नाजिर अख्तर

खबर मन्त्र संवाददात

**बरही।** सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक संपन्न करने को लेकर पुलिस प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, पूजा पंडाल आयोजकों तथा गणमान्य लोगों से अपेक्षित सहयोग मांगा। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। बैठक में एसडीपीओ नाजिर अख्तर मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में बरही थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों की भौगोलिक स्थिति व समस्या को लेकर अधिकारीगण रु-ब-रु हुए। साथ ही हर हाल में शांति पूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन हो जाने पर भी प्रशासनिक अधिकारियों ने बल दिया। सभी



शांति समिति की बैठक में शामिल अधिकारी व जनप्रतिनिधि

लोगों से इसमें सहयोग मांगते हुए किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने, कोई समस्या आने पर तुरंत थाना प्रभारी समेत प्रशासनिक पदाधिकारी सहित प्रशासन को इससे अवगत कराने को कहा गया। वहीं एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने डीजे की ध्वनि क्षमता पर अंकुश लगाते हुए पूजा स्थल पर सिर्फ भक्ति गीत बजाने और इस संबंध में नियमों का पालन करने की बात पर जोर दिया। कहा गया कि छह बजे से पहले मूर्ति का विसर्जन कर लेना कमिटी के लोग सुनिश्चित करेंगे। मौके पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, इंस्पेक्टर ललित कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि सुनील साव सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वीर सुभाष की जयंती पर दारू में निकली भव्य शोभा



**दारू।** वीर सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रखंड में कई कार्यक्रम आयोजित किये है। प्रखंड के निजी व सरकारी विद्यालयों सहित अन्य कई संस्थानों में सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर सनराइज पब्लिक स्कूल पेटो और जेआरबी मेमोरियल उच्च विद्यालय के द्वारा भव्य झांकी निकाली गई। सनराइज विद्यालय की झांकी पेटो स्कूल से निकलकर हरली, झुमरा तिलैया, दारू, जबरा, इरगा होते हुए वापस पेटो में समाप्त हुई। जेआरबी स्कूल की झांकी विद्यालय से निकलकर जबरा फिर वापस दारू में समाप्त हुई। झांकी में स्कूली विद्यालय के बच्चे रानी लक्ष्मीबाई, वीर सुभाष , महात्मा गांधी और भारत माता रूप धारण कर निकले थे इस दौरान पूरे क्षेत्र में भारत माता की जय, वीर सुभाष अमर रहे, देश पे कुर्बान वीर जवान अमर रहे के नारे गूंजते रहे। झांकी जिस रास्ते से भी गुजरी लोग बड़ी ही गंभीरता से झांकी को निहारते रहे। झांकी में सनराइज विद्यालय के आशीष राउत, सीमा सिंह,सीता वर्मा, कविता सिंह, स्वेता सिंह,मनोज कुमार,सौरभ साहा, रामबिलास राउत इत्यादि उपस्थित थे।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददात

**बेरमो।** ध्जरीडीह बाजार अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य कावलजीत सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया इस अवसर पर विद्यालय के अनेक भैया बहनों ने भाषण गीत इत्यादि के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें कक्षा चतुर्थ के बने छाया और प्राची विधि व्यापम के द्वारा प्रस्तुत किया गया कक्षा सप्तम या अष्टम की



बहन रानी वर्षा मनीषा राखी और विद्या रानी के द्वारा सामूहिक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया जो जोश दिलाने वाला था कष्ट के प्रगति जिया के द्वारा भाषण दिया गया एवं कष्ट के भैया उत्कर्ष ने भाषण दिया उनकी प्रस्तुति सुभाष चंद्र बोस के रूप में हुई अपने संबोधन में सचिवअनिल अग्रवाल ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा जो आजाद हिंद फौज का गठन किया गया जो देश के आजादी का महत्वपूर्ण अंग बना वही सुरेश आचार्य यह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अचार बंधु भगिनी रुबीना जी सुभाष जी कमल जी महेंद्र मंडल शकुंतला जी सुमित जी श्वेता जी खुशबू, धीरज ,पिंकी जी अरुण जी का योगदान सराहनीय रहा।

## ज्ञानोदय विकास स्कूल में मनी सुभाष चंद्र बोस जयंती



**बड़कागांव।** प्रखंड के भगवान बागी रोड स्थित ज्ञानोदय विकास स्कूल में आजाद हिद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रियासत हसन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के महानायक थे। उन्होंने अपने कर्तव्य को निभाते हुए देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। मौके पर अरुण कुमार, सौरभ कुमार रंजन, तोहिद आलम, अनामिका कुमारी, अनिता कुमारी, अर्सला नाहिद, रूपा कुमारी, मीना कुमारी, रिंकी कुमारी, अविनाश कुमार, आशीष कुमार, मुनाजिर आलम, निकिता राज, लालदेव महतो सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया सुभाष चंद्र बोस जयंती



**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत कर्मटांड में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन पद्मा हजारीबाग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चेतलाल लाल प्रसाद एवं निदेशक रवि प्रकाश के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षकेतर कर्मचारी एम. एड. बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी । सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉक्टर चेतलाल प्रसाद ने सुभाष चंद्र बोस को भारत का सबसे बड़ा क्रांतिकारी माना उनके नेतृत्व क्षमता देश प्रेम उनके विचार तथा दर्शन से छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए। निदेशक रवि प्रकाश ने सुभाष जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे उन्होंने भारत को आजाद कराने के लिए एक बड़ी सेना आजाद हिंद फौज एकत्रित कर लिए थे। सेमिनार में व्याख्याता डॉ वीरेंद्र कुमार चौरसिया ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के एम. एड. बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंच का संचालन प्रेरणा कुमारी एवं अमित कुमार पांडे के द्वारा किया गया।

## जयंती पर याद किए गए आजाद हिद फौज के संस्थापक सुभाषचंद्र बोस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गोमिया प्रखण्ड अन्तर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवनमें तेजस्विनी परियोजना के बैनर तले आजाद हिद फौज संस्थापक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 126वीं जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजसेवी महावीर दास एवं झारखंड समृद्धि ट्रस्ट सचिव रंजीत कुमार तथा तेजस्विनी परियोजना की सीसी रेणुका कुमारीए युवा उत्प्रेरक कंचन कुमारीए राधा कुमारी व अर्चना कुमारी सहित अन्य शामिल युवतियों .किशोरियों ने संयुक्त रूप से नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के तस्वीर पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी महावीर दास व झारखंडसमृद्धि ट्रस्ट सचिव रंजीत कुमार ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस देश के महानायक थे।उन्होंने अपने कर्तव्य को निभाते हुए देश पर अपनी जान कुर्बान कर दीएवह एक मात्र ऐसे नेता थेए जिन्होंने आजाद हिद फौज की स्थापना कर भारत देश को आजाद कराने के लिए और दुनिया से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए प्रण लिया। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के विचार आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में तेजस्विनी परियोजना से जुड़े दर्जनों युवतियां व किशोरियां उपस्थित थी।

## रेन्बो स्कूल में मनी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित समस्त शिक्षकों ने नेता जी के तुल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। विद्यालय निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों के बीच कहा कि नेता जी स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी जिसे कभी देश भुला नहीं सकता। उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात बताई। उन्होंने ने कहा कि नेता जी स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक के रूप में जाने जाते है। जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए



रेनबो स्कूल में बोस जयंती मनाते

अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके संघर्षों और देश सेवा के जज्बे को देखते हुए उनके बताए मार्गों का अनुशरण करना चाहिए। बच्चों को बताया गया कि कैसे नेताजी ने जापान के सहयोग से 1943 में आजाद हिन्दी फौज का गठन कर अंग्रेजों पर आक्रमण किया। बच्चों ने नेता जी के दिए प्रसिद्ध नारे तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा का जय घोष किया।मौके पर विद्यालय के शिक्षको में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, स्वेता केशरी, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी आदि उपस्थित रहें।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास करना विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य : विनोद मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** क्रेसेंट पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उदघाटन विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार मिश्र एवं प्राचार्य संगीता सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं राष्ट्र के सच्चे सपूत सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप




प्रज्वलन किया। विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर विद्यालय की छात्रा काजल, रिया, प्रिया, अनुष्का, अदिति, आर्या, अंजलि, रंजना और लक्की के द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना गीत तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। मौके पर विनोद मिश्रा ने विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य और कुछ भावी स्वरूप की चर्चा की। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी 2004 को आरपीएम शैक्षणिक संस्था के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद मिश्र के द्वारा तत्कालीन में कम खर्च में सभी वर्गों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से अत्याधुनिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश से व्यवस्थाओं से परिपूर्ण विद्यालय की स्थापना की गई थी। विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा तथा खेल खिलौने के माध्यम से मनोवैज्ञानिक ढंग से बच्चों को शिक्षा प्रदान किया जाता रहा है। कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों को सर्वांगीण विकास तथा बौद्धिक ज्ञान से परिपूर्ण करके समाज में शिक्षा के प्रसार में विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वार्षिकोत्सव में स्कूली विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम पेश किये। विद्यालय की प्राचार्य संगीता सिंह के द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुकेश कुमार सिंह , अरुण कुमार मिश्र, रिया सिंह, करिश्मा सिंह , लवली सिंह एवं संत शरण सब ने विद्यालय विकास हेतु अपनी मंगल कामना किया। छात्र आर्यन, अंकुश, आयुष दुबे एवं सुशील ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवनी पर प्रकाश डाला।

# लायंस क्लब का मोतियाबिंद शिविर संपन्न, 19 मरीजों का हुआ नेत्र ऑपरेशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित दो दिवसीय लैंस प्रत्यारोपण सह निशुल्क मोतियाबिंद शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। शिविर में कुल 29 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें 19 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया। जिसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर मरीजों के बीच दवा व चश्मा का वितरण किया गया। मरीजों का ऑपरेशन रांची के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर नवल, सहायक नेत्र चिकित्सक सदानंद महतो, संदीप, संजय और मंगल ने संपन्न किया। शिविर के आयोजन में अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, पीआरओ मुरली मनोहर प्रसाद, पवन कुमार अग्रवाल, विशाल कुमार बिट्टू, शशिकिरण जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अगला शिविर 19 फरवरी 2023 को होगा।


शिविर में मरीजों के साथ लायंस क्लब के सदस्य।

## स्पीड न्यूज

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

**गुमला।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुमला के स्कूली बच्चों ने सोमवार को रैली निकाला और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताए हुए राह पर चलकर अंग्रेजों से छीनी हुई आजादी को बरकरार रखने और देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। स्कूली छात्रों ने परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में एकत्र होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन के द्वारा नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

### शहर में स्थापित की जायेगी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा

**गुमला।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर परिषद की ओर से निर्णय लिया गया कि शहर के किसी सार्वजनिक स्थल पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित कर वहां उनका स्मारक स्थल विकसित किया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के प्रस्ताव पर अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, उपाध्यक्ष कलीम अख्तर तथा कई वार्ड पार्षद के सहमति के बाद उक्त योजना बनाई गई। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि आगामी बोर्ड बैठक में इस योजना को मूर्त रूप देकर यथाशीघ्र अमल में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के करिश्माई व्यक्तित्व से आज के युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेना है। उनकी जयंती के अवसर पर उनके लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद क्षेत्र में कई महापुरुषों और क्रांतिकारियों के स्मारक बने हुए हैं। इसी क्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा युक्त स्मारक की प्रासंगिकता प्रतीत होने पर निकाय के जनप्रतिनिधियों से सम्यक विमर्श कर उक्त निर्णय लिया गया। जल्द ही उक्त निर्माण कार्य की दिशा में आवश्यक प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

### विद्यालय में हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 126 वां जयंती मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक और सचिव अंकिता श्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा सृष्टि यादव ने प्रथम, नेहा कुमारी व निधि कुमारी संयुक्त रूप से द्वितीय एवं तेजस कुमार तृतीय स्थान पर रहे। मौके पर प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता - संग्राम में योगदान तथा आजाद हिंद फौज के गठन की जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को आत्मसात करने के बारे में बतलाया। आगे उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा का नारा दिया है वह सिर्फ नारा ही नहीं बल्कि युवाओं के समक्ष स्वतंत्रता की खातिर लड़ने का आह्वान है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के इस जयंती समारोह सह भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 1 से 10 तक के सभी छात्र - छात्रा एवं शिक्षक- शिक्षिका उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने दो खिलाड़ी रवाना

**गुमला।** तमिलनाडु के तिरुचपाली में 26 से 30 जनवरी 2023 तक आयोजित अंडर 20 राष्ट्रीय बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड राज्य की टीम में जिले के दो हैंडबाल खिलाड़ी मोहम्मद सद्दाम अंसारी व नीरज महतो का चयन हुआ है। चयनित दोनों खिलाड़ी सोमवार को स्थानीय टॉवर चौक गुमला से जमशेदपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए। पुरी टीम टाटा से तमिलनाडु के लिए 24 जनवरी को प्रस्थान करेगी। खिलाड़ियों को विदाई देते हुए स्पोर्ट अकादमी के सैयद जुन्नु रैन ने कहा की जीत कर आने पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर हाफिज उर रहम्मान, मोहम्मद फिरोज ने मौके पर मौजूद थे ।

## नवनिर्मित श्री दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बैंक कॉलोनी दुंदुरिया में नव निर्मित श्री दुर्गा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में बहनें व महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा दुन्दुरिया से आरंभ होकर खटवा नदी पहुंची। जहां आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चा के बीच कलश में जल उठाया गया। वहां से पूरे भक्ति भाव व जयकारे के साथ कलश में जल लेकर महिलाएं वापस मंदिर परिसर पहुंची। महिलाओं के जयकारे से पूरा वातावरण भक्ति व आस्था में तब्दील हो गई। नव निर्मित श्री दुर्गा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 6 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पहला दिन कलश यात्रा निकाला गया।

दूसरा व तीसरा दिन मंदिर का पूजन होगा और चौथे दिन मां की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण निकाला जाएगा। जिसके बाद प्रतिमा का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। अंतिम दिन 28 जनवरी को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से अध्यक्ष श्री राधा मोहन मिस्त्री ,मुन्ना सिंह, राजीव कुमार, अखिलेश्वर साहू, पंकज कुमार, राहुल बैठा, गणेश साहू, रामसिंह लोहरा, अजीत मिस्त्री, अंकित सिंह, नीरज सिंह, रोहन कुमार, प्रदीप शर्मा, अनिल लोहरा, अजीत मिस्त्री एवं मुहल्ले वासी उपस्थित थे।

### शाकद्वीपीय समाज के मुख्य सरंक्षक मंडली के सदस्य के निधन पर शोक की लहर

**गुमला।** शाकद्वीपीय समाज के मुख्य सरंक्षक मंडली के सदस्य वयोवृद्ध डॉ गुप्तेश्वर पाठक के आकस्मिक निधन से पूरा समाज मर्माहत है। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया। ब्राह्मण समाज उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट करती है। जिन्होंने आजीवन संघर्ष करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा को अपनाकर गरीबों-दीनदुखियों की सेवा की। साथ ही चेटर सूर्य मंदिर निर्माण में महती भूमिका निभाई थी। समाज उनके कार्यों का ऋणी रहेगा। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में आचार्य पंडित यमुना पाठक, प्रोफेसर बीएन पांडे, मुकुंदमणि पाठक, अवधमनी पाठक, धनुर्धर मिश्र, अजय किशोर पांडेय, रामपति पाठक, लक्ष्मीकांत शर्मा, सीताराम मिश्र, सच्चिदानंद शर्मा, किशोर मिश्रा, त्रिभुवन शर्मा, उदय मिश्रा, अभय मिश्र, बालमुकुंद पांडेय, अरुणंजय पाठक, विक्की पाठक, नंदकिशोर मिश्रा, धरणीधर पाठक, पंकज कुमार मिश्रा, गौरी शंकर मिश्रा, सुधाकर मणि पाठक, पुनीत शर्मा, प्रतीक शर्मा, राजबल्लभ मिश्र, भगवान पाठक, शंभू नाथ पांडे, श्रीधर पांडे, किशोर पांडे, विनोद कुमार पांडे, प्रदीप मणि पाठक, नवल किशोर पाठक, बलदेव शर्मा, पंकज कुमार मिश्रा, शशिभूषण शर्मा आदि शामिल हैं।

## महारुद्राभिषेक व भंडारे का 17 फरवरी को होगा आयोजन


बैठक में शामिल सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** श्री चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक स्थानीय देवी मंडप परिसर गुमला में अध्यक्ष श्री संजीव उर्वशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं आगामी 17 फरवरी 2023 महाशिवरात्रि से एक दिन पहले को महा रुद्राभिषेक का आयोजन भव्य रूप से करने का निर्णय लिया गया। साथ ही महा रुद्राभिषेक के आयोजन के उपरांत भव्य भंडारे का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष श्री संजीव उर्वशी ने कहा कि अब हम सभी देशवासी कोरोना के दंश को झेलते हुए इससे उबर चुके हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से यह आग्रह किया कि आप सभी समय से बैठक में उपस्थित हो ताकि आगामी आयोजन को भव्यतम रूप देने के लिए एक ठोस निर्णय लिया जा सके। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को समिति की बैठक आहूत की जाएगी। चैती दुर्गा पूजा समिति की आगामी बैठक 28 जनवरी 2023 को होना तय हुआ है। बैठक में अध्यक्ष श्री संजीव उर्वशी, सचिव श्री सरजू प्रसाद साहू, श्री गुप्ता, संजय कुमार, मोहित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने किया रक्तदान

**गुमला।** कांग्रेस के गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने सोमवार को सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की जीवन रक्षा के लिए रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में सुरेश उरांव नामक मरीज भर्ती है। जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने परिजनों को बल्ड चढ़ाने की बात कही। तब परिजन कांग्रेस नेता से बल्ड देने की अपील की। गुलाम सरवर ने बिना देर किये मरीज की जीवन रक्षा हेतु रक्तदान किया। इस दौरान जिला कॉंग्रेस कमिटी के रामनिवास प्रसाद उपस्थित थे।

## एक नजर में

### निःशुल्क कुश्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ


कुश्ती खेल का उद्घाटन करते डीसी, एसपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा जिला में डीएमएफटी मद से बालक व बालिका वर्ग के लिए कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीएस कॉलेज स्टेडियम में किया गया।कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में जब मैं अपने पैतृक गांव में था तो वहां के लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखने जाया करते थे। वहां घर-घर के बच्चे कुश्ती के लिए इकट्ठा होते थे। उपायुक्त ने कहा कि जिला में आपलोगों के लिए इसे निःशुल्क रूप में शुरू कराया गया है। इसका प्रशिक्षण आप पूरे ध्यान से लें और इसमें बेहतर करने की सोचें। इसे आनेवाले समय में जारी रखना आपका काम है। अगर इसमें बेहतर करेंगे तो निश्चित रूप से ओलंपिक तक सफर तय करेंगे और वहां भी सफल होंगे। जो भी लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखना चाहते हैं वे यहां आएं और कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण लें। साथ ही, अपने उन दोस्तों को भी यहां लाएं जो कुश्ती का प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। आपको सिर्फ अपने घर से निकल कर यहां तक आना है, बाकी सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही हैं, वो भी पूरी तरह निःशुल्क। जिला प्रशासन की ओर से पूरी सुविधाएं आपको दी जाएंगी जो इसमें कॅरियर बनाना चाहते हैं।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप इस सुविधा का इस्तेमाल कर अपने जीवन में आगे बढ़ें।

### लोहरदगा एकादश ने कुडू एकादश को हराया



खिलाड़ियों के साथ डीसी, एसपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर युवा सद्भावना मंच द्वारा बीएस कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। मैच का उदघाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा किया गया। मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। इस मैच में लोहरदगा एकादश ने कुडू एकादश को 49 रनों हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहरदगा एकादश ने 15 ओवरों में 112 रन बनाया। टीम को ओर से बल्लेबाजी में शिवा ने 45 और शमशाद ने 30 रन बनाये। कुडू एकादश की ओर से गेंदबाजी में आर्यन ने 3 और सुंदर ने 3 विकेट हासिल किये। जवाबी पारी में कुडू एकादश की टीम 15 ओवरों में मात्र 61 रन ही बना सकी। इसमें अनमोल के सर्वाधिक 10 रन शामिल हैं। गेंदबाजी में लोहरदगा एकादश की ओर से शिवा ने 4 और आकाश ने 2 विकेट हासिल किए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, क्रिकेट प्रशिक्षक अमित कुमार व बड़ी संख्या में खेल-प्रेमी उपस्थित थे।

### कुएं से मिला अज्ञात युवक का शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के बीआईडी में एक कुआं से अज्ञात युवक का शव मिला। शहरी क्षेत्र में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक युवक की उम्र करीब 25 से 30 साल के आस पास बताई जा रही है। शव को देख कर लग रहा है की काफी दिन से कुंआ में रहने के कारण चेहरा पहचान में नहीं आ पा रहा है। वही कई लोग कयास लगा रहे है की शव में कई चोट के निसान है साथ ही पहचान छुपाने के लिए चेहरा में कैमिकल डालकर चेहरा को काला कर दिया गया है। शहरी क्षेत्र के बीआईडी में एक झाड़ीनुमा कुंवा से शव मिलते ही मौके पर सदर थाना पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही शव की पहचानी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। युवक की पहचान हो जाए तो पुलिस हत्या की गुत्थी जल्द सुलझा लेगी।

### नशीला लड्डू खिलाकर युवक के पैसे व बैग लेकर व्यक्ति फरार

**गुमला।** नशीला लड्डू खिलाकर हैदराबाद से गुमला अपने घर लौट रहे डुमरी प्रखंड निवासी 23 वर्षीय युवक मनीष केरकेट्टा का बैग व पैसा निकालकर एक व्यक्ति भाग निकला। परिजनों को मनीष बेहोशी की हालत में गुमला के ललित उरांव बस पड़ाव में मिला। जहां से उसे ले जाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनीष केरकेट्टा हैदराबाद से सोमवार की सुबह ट्रेन से रांची पहुंचा। इस दौरान एक व्यक्ति ने उसे पूछा कि कहां जा रहे हो। उसने गुमला आने की बात बतायी। वह व्यक्ति भी उसके साथ टेम्पू से बस पकड़ने रांची आईटीआई आने लगा।

## मिशन बदलाव ने मनायी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम के द्वारा इंडोर स्टेडियम गुमला में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गई। मौके पर मिशन बदलाव के जिला सचिव साय्यदा खातुन ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका थी। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। जिसमें स्त्रियों का एक रेजिमेंट बनाने का निश्चय किया था। 22 अक्टूबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज में द रानी ऑफ झांसी रेजिमेंट का औपचारिक रूप से उदघाटन किया था। भारतीय महिला-योद्धाओं की यह लड़ाकू यूनिट पुरुषों और महिलाओं की समानता में नेताजी के विश्वास की पक्की अभिव्यक्ति थी। बसिया प्रखंड अध्यक्ष सह भारतीय थल सेना सेवानिवृत्त लखन गोप ने कहा कि नेताजी ने भारतीय युवाओं में देशभक्ति की लौ जगायी और उनके भीतर राष्ट्र प्रेम और उसके लिए बलिदान का भाव जगाया। उन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया। यह नारा अपने समय में युवाओं के लिए इंकलाब नारा था। इसी ने विदेशी जमीन में देश की आजादी की लड़ाई के लिए एक सेना तैयार की।


नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते मिशन बदलाव के सदस्य।

### उप समाहर्ता परीक्षा में चयनित प्रमोद गुप्ता किये गये सम्मानित

**गुमला।** सेव योर लाइफ संस्था द्वारा दुंदुरिया निवासी श्री प्रमोद गुप्ता को उप समाहर्ता परीक्षा (सीमित) में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नवीन झा उप समाहर्ता रनिया खूंटी ने कहा की परीक्षा के बाद इतना दिन तक परीक्षा के परीक्षा फल हेतु इंतजार करना बहुत ही धैर्य रखने का काम है। प्रमोद जी एक प्रतिष्ठित शिक्षक के रूप में गुमला शहर में जाने जाते हैं। कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित वकील शशि रंजन अखौरी, श्री नरसरिया, शम्मी जी एवं समाजसेवी योगेंद्र साहू उपस्थित थे।

### चोरी के फरार अभियुक्त की गिरफ्तार नहीं होने से कांग्रेस नेता ने व्यक्त की नाराजगी

**गुमला।** कांग्रेस नेता रमेश कुमार ने अपने घर हुए चोरी मामले में एक फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पुलिस को अभियुक्त का नाम व पता मिलने के बाद भी उसे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के बिरकेरा गांव निवासी 62 वर्षीय पलटू चीक बड़ाईक की मौत सड़क हादसे में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रंगोला डुमरटोली निवासी 25 वर्षीय युवक आलोक टोप्पो बाईक से मांझाटोली की ओर आ रहा था। इस दौरान कोंडरा मुख्य पथ पर उसने सड़क पर पैदल चल रहे पलटू चीक बड़ाईक को बाईक से धक्का मार दिया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनायी गयी जयंती, भारत माता की जय का हुआ उद्घोष

### विद्यार्थियों ने किया दंड संचालन का प्रदर्शन


दंड संचालन करती छात्राएं।

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई । कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों से सीखना चाहिए कि कैसे देश को आगे बढ़ा सकते हैं और भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

### नेताजी की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** आजाद हिंद फौज के संस्थापक सह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों के द्वारा पावरगंज चौक स्थित स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो के नेतृत्व में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं द्वारा कहा गया की आज पूरे भारत के लिए विशेष दिवस है।



माल्यार्पण करते भाजपाई।

**उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया माल्यार्पण**

**लोहरदगा।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती पर सोमवार को शहर के पावरगंज चौक में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल,सहित जिले के विभिन्न सामाजिक, राजनीति संगठन के लोगो द्वारा माल्यार्पण किया गया।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस और शिव प्रसाद साहू को कांग्रेसियों ने किया याद

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती एवं रांची के पूर्व सांसद सह छोटानागपुर के कद्दावर नेता स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम दोनों महापुरुष के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर रहकर देश और कांग्रेस पार्टी का सेवा कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



माल्यार्पण के मौके पर कांग्रेसी।

### नेताजी आज भी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं : रोहित साहू

**लोहरदगा।** सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर जय श्री राम समिति के द्वारा सुभाष चंद्र बोस चौक में नेताजी का माल्यार्पण किया गया।मौके पर नेताजी अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पूरा चौक गूंज उठा। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू ने कहा आज भी पूरे भारतीयों के कानों में एक ही आवाज गूंजती है तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा।

## हाथियों ने मचाया उत्पात, एक घर को किया क्षतिग्रस्त, रौंदे फसल


जंगल से निकलता हाथियों का झुंड।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का झुंड जमकर उत्पात मचा रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय के झड़गांव रामपुर, कोनकेल व बेहराटोली के सीमावर्ती क्षेत्र में घरों एवं फसलों को नुकसान पंहुचा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों की संख्या 17 है। जिसमें कुछ हाथियों के बच्चे भी शामिल हैं। वहीं एक हाथी जो अपने झुंड से अलग हो गया है। उसके द्वारा रामपुर गांव के जब्बार खान के घर को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं उसी गांव के विजय खलखो के खेत में लगे सब्जी को रौंद कर बर्बाद कर दिया। पीड़ितो ने बताया कि रात में अचानक एक हाथी घर के पास आया और घर के दिवार को गिरा दिया। हमलोग किसी प्रकार जान बचा कर भागे। फिर पास में ही खेत में लगे सब्जी को रौंदने लगा। जिसके बाद सभी ग्रामीण एकजुट होकर हाथी को खदेड़ने लगे।

स्पीड न्यूज

## समारोहपूर्वक मनी नेता जी की जयंती

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक पर मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और जयकारे लगाए गए। मौके पर मौजूद प्रमुख रोहन साव ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बीडीओ नीतू सिंह सीओ छुटेश्वर दास इंस्पेक्टर केपी चौधरी थाना प्रभारी विवेक कुमार प्रमुख रोहन साव उपप्रमुख दामोदर गोप मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद महतो मुखिया अनीता देवी, शकुंतला देवी जेएमएम प्रखंड सचिव भूपेन्द्र ठाकुर आदि ने सम्मान पूर्वक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस बीच नेता जी के सम्मान में नारे बुलंद किए गए।समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नेताजी राष्ट्र के एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान दिया।उन्हीं के बदौलत आज देशवासी आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। मौके पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## डीसी ने प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम में प्रतापुर प्रखंड के जोगियाडीह पंचांत में संचालित आवास योजना के प्रगति का जायजा लिया। वही मौके पर उन्होंने मध्य विद्यालय डुमरी पहुंच छात्र छात्राओं को पठन पाठन से संबंधित मिलने वाली सामग्री एवं पठन पाठन की गुणवत्ता की जानकारी भी छात्र छात्राओं से ली।साथ ही उपायुक्त ने चल रहे क्लास रूम में घुस छात्र छात्राओं के जीवन के लक्ष्य की जानकारी लेते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रतापपुर पहुंच प्रखंड सह अंचल कार्यालय का जायजा लिए एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात प्रतापपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत स्थित बड़ा तालाब का निरीक्षण कर तालाब के सौंदर्यकरण करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर को निर्देशित किया।

## डीसी ने नेताजी की जयंती पर किया नमन

**चतरा।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने प्रतापपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के फोटो पर माल्यार्पण करते हुए उनको श्रद्धाजंली दे कर शत शत नमन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि देश के आजादी की संघर्ष में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की कठिन त्याग,संघर्ष,वीरता जैसे जीवन मूल्यों से हमे सीख लेने की आवश्यकता है।सम्पूर्ण देश उनके शहादत की ऋणी रहेगा।

## पेंटिंग प्रतियोगिता को लेकर केवीएस की टीम हजारीबाग रवाना

**चतरा।** परीक्षा पर चर्चा 2023 विषय पर आयोजित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर चतरा केवीएस की टीम हजारीबाग रवाना हुई। यह प्रतियोगिता केंद्रीय विद्यालय बीएसएफ, हजारीबाग में आयोजित है। टीम रवानगी के पूर्व विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी खलको ने प्रतिभागियों का हौसला आफजाई किया और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाए दी। वहीं टीम का नेतृत्व शिक्षिका मनीषा कुमारी, टीजीटी (गणित) कर रही हैं। जबकि जाने वाले दल में छात्रा नीतू नंदनी, हिमांशी नायक, शारदा कुमारी,श्वेता कुमारी, छात्र पीयूष कुमार, निशांत राज, रितेश मालाकार व आदर्श कुमार मालाकार का नाम शामिल है। टीम रवानगी के मौके पर शिक्षक भरत टांगरी, पुष्प गौरव सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## नाई समाज ने मंत्री के प्रति जताया आभार

**गढ़वा।** शहर के चिनियां मोड़ पर पुलिस कंट्रोल रूम के समीप जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापित किये जाने पर नाई समाज के लोगों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, कई राउंड चलीं गोलियां

### नक्सली कैंप ध्वस्त, भारी मात्रा में सामान बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा और पलामू जिले के सीमा पर स्थित कुटिल-जोबिया जंगल में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई।इस दौरान दोनों ओर से सैंकड़ो राउंड गोलीबारी हुई। हालांकि, इसमें दोनों ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खुद पर सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के द्वारा सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भा०क०पा० माओवादी संगठन के सैक सदस्य गौतम पासवान, रिजनल कमाण्डर नवीन यादव एवं जोनल कमाण्डर मनोहर गंझु (10 लाख ईनामी) के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु 20-25 की संख्या में कुन्दा एवं लावालौंग थाना के जंगली क्षेत्र में एकत्रित हुये है।इस सूचना का सत्यापन हेतु एक टीम का गठन किया गया, जिसमें चतरा पुलिस, कोबरा 203 सी०आर०पी०एफ० 190 / 22 बटा0 को शामिल किया गया था। उक्त अभियान दल अभियान के क्रम में जैसे ही ग्राम- मरगड़हा के जंगली क्षेत्रों में पहुँचे तो अचानक पुलिस को अपनी ओर आता देख नक्सलियों के द्वारा पुलिस पार्टी को लक्षित कर फायरिंग की जाने लगी। पुलिस बल द्वारा जवाबी कार्रवाई करते हुए नियंत्रित फायरिंग की गई। उसके उपरांत भा०क०पा० माओवादी उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की जाने वाली दिशा में चेकिंग एवं तलाशी किया गया, जिसमें माओवादी कैम्प को सुरक्षाबलों के द्वारा नष्ट किया गया तथा 6 स्लीपिंग बैग, 10 तिरपाल, बहुत मात्रा में दवाइयां और इंजेक्शन सिरिंज, पिट्ठू बैग, रेडियो और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि नक्सली सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा किसी न किसी दिन मुठभेड़ में गोली का सामना करना पड़ेगा।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में एग्जाम वॉरियर्स चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# 21वीं शताब्दी कौशल की शताब्दी होगी : एसपी




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत एग्जाम वॉरियर्स चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित किया। वहीं सरकारी एवं निजी विद्यालयों के नवीं से 11वीं कक्षा के करीब 130 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में एसपी कुमार गौरव के अलावे सेक्रेड हार्ट विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार, विवेकानंद कॉन्वेंट विद्यालय के निर्देशक सह प्राचार्य अनिल कुमार अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रुप में आए एसपी कुमार गौरव को मेमेंटो एवं शॉल देकर विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया, तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर सुमधुर स्वागत गीत छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं एसपी ने बच्चों से कहा कि परीक्षा के पहले चिंता करनी चाहिए, परीक्षा के समय नहीं, जो भी पढा है अपने परीक्षा के लिए उसे परीक्षा के दौरान पूरी तरह उतार देना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आज की पढाई के साथ-साथ कौशल के विकास पर जोर दिया जाना चाहिए, क्योंकि 21वीं शताब्दी कौशल की शताब्दी है। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने भी इस प्रकार की प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि छात्र चिंता मुक्त होकर परीक्षा में भाग लें व निरंतर आगे बढ़ते रहें। वहीं प्रिंसिपल नवीन कुमार ने छात्रों को सुभाष चंद्र बोस जयंती की बधाइयां देते हुए छात्रों से निरंतर आगे बढ़ते रहने और इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने को कहा। इसके बाद मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्राओं द्वारा शानदार कालबेलिया नृत्य एवं धुनुची नृत्य प्रस्तुत की गई। बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई। निर्णायक मंडल के रूप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गझंडी के शिक्षक उदय कुमार, चित्रकला शिक्षक चंदन कुमार एवं झारखंड टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर रोहित राजवंश मौजूद थे।

# जीएस पब्लिक स्कूल में मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती




**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस.पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विद्यालय परिवार ने पराक्रम दिवस मनाया। साथ ही बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति व श्लोगन प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज सिंह, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यापर्ण कर उन्हें याद किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा सुभाष चंद्र बोस एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं, जो अपनी वकालत और समाजवादी नीतियों के लिए जाने जाते थे। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एक व्यक्ति एक विचार के लिए मर सकता है, मगर वह विचार, उसकी मृत्यु के बाद एक हजार जन्मों में अवतरित होता है। वहीं उपनिदेशक नीरज सिंह ने नेताजी के महान उपदेश को याद दिलाते हुए कहा हमारा सफर कितना ही भयानक, कष्टदायी और बदतर हो, लेकिन हमें आगे बढ़ते रहना है। मौके पर सोनी चंदन, गुलाब चंद सहा, आशीष कुमार, शिवपूजन मोदी, जितेंद्र कुमार, मो. इलियास, रत्नाकार मिश्रा, राजीव मिश्रा, निरंजन कुमार, शुभम कुमार, सुनील शर्मा, द्विंबर पांडे, ललित मेहता, रामलखन पासवान, रूबी कुमारी आदि मौजूद थे।

# अफीम की खेती करने के मामले में बिहार से एक गिरफ्तार



जानकारी देते थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** गढ़वा जिला अंतर्गत धुरकी थाना क्षेत्र के खाला गांव में अफीम की खेती करने के मामले में पुलिस ने बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत सलेया थाना क्षेत्र के पथरा ग्राम निवासी जमालुदीन साह के पुत्र फेकू साह उर्फ अनवर हुसैन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि गत 20 जनवरी को पुलिस अधीक्षक गढ़वा को गुप्त सूचना मिली थी कि धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला ग्राम में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के आलोक में श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी की गई।

वहां जैनुल अंसारी के घर के पास केरवा पहाड़ के समीप बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की गई थी। उक्त अफीम की फसल को पुलिस ने नष्ट कर दिया था। इस संबंध में धुरकी थाना एक नामजद एवं अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त फेकू साह उर्फ अनवर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया।

# नीलांबर-पितांबर स्कूल ने धूमधाम से मनाया आठवां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के निकट स्थित नीलांबर पितांबर पब्लिक स्कूल का आठवां वर्षगांठ सह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती सोमवार को मनाया गया। यह वर्षगांठ काफी हर्ष एवं उल्लास के साथ और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों ने विशेष कर बाल मजदूरी पर रोक तथा कोरोना थीम पर नाट्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इस वर्षगांठ के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में चतरा पुलिस कप्तान राकेश रंजन उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा नीलांबर पितांबर तथा सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुमताज आलम ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सचिव श्री जगदीश भोक्ता ने किया। इस अवसर मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित व्यक्ति के अभाव में सभ्य समाज की कल्पना नहीं किया जा सकता है। जब तक समाज में शिक्षा का स्तर नहीं सुधरेगा तब तक समाज का विकास नहीं हो सकेगा। शिक्षित लोगों के द्वारा ही अच्छे समाज का निर्माण होता है। चतरा जैसे क्षेत्र में इस तरह की विद्यालय की शिक्षा का दीप जलाने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आगे कहा कि चतरा में अब शैक्षणिक संस्थानों की कमी धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। विद्यार्थियों को हर स्तर की शिक्षा पाने का अवसर मिल रहा है। इसके बाद विशिष्ट अतिथि बिरजू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे बड़ा साधन है। शिक्षा के क्षेत्र में यह जिला बहुत ही पिछड़ा है। गांव स्तर पर अगर अच्छी शिक्षा का माहौल बन जाए तो उग्रवाद जैसी समस्याओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। शिक्षा से ही क्षेत्र का विकास संभव है। अतः दो रोटी कम खाए लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद् सदस्य निशा भारती, प्रधानाचार्य मोहम्मद मुमताज आलम,राजेश कुमार, बच्चन पांडे, राजेश सिंह चंद्रशेखर पांडे, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अफसर, शीश नैयर, मोहम्मद जसीम थे।

# कब्रिस्तान के चहारदीवारी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग, कार्य बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



घटिया सामग्री दिखाते ग्रामीण।

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच स्थित कोयल नदी के किनारे लगभग 16 लाख 50 हजार प्राक्कलन की राशि से निर्माण हो रहे कब्रिस्तान के चहारदीवारी में घटिया सामग्री उपयोग का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। उसके पश्चात निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। इस संबंध में विरोध कर रहे सदर मंसूर खान, रुस्तम खान, अरशद खान, बाबू खान, पिंटू खान, गुड्डू खान, कलामुद्दीन अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी सहित लगभग चार दर्जन ग्रामीणों ने कहा कि हम सब मुस्लिम समुदाय के लोगों का आखिरी घर कब्रिस्तान होता है। कब्रिस्तान के चहारदीवारी का निर्माण कार्य करवा रहे शुक्ला कंस्ट्रक्शन के संवेदक सौरव शुक्ला के द्वारा निर्माण कार्य में घटिया किस्म का सीमेंट, छड़ एवं तीन नंबर का ईट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इतना ही नहीं ईट के बीच का गैप (जैन) भी तरीके से नहीं भरा गया है, जिसके कारण निर्माण हो रहे दीवार में आर पार दिखता है। यहां तक कि दीवार जोड़ने के बाद पानी का तराई भी नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण के लिए हम लोग पिछले 10 वर्षों से प्रयासरत थे। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी के अथक प्रयास से चाहरदीवारी निर्माण कार्य की स्वीति मिली है। ग्रामीणों के द्वारा संवेदक सौरव शुक्ला से शिकायत करने के बाद उनके द्वारा कहा जाता है कि मेरा काम सिर्फ दीवार जोड़ना है, पानी की तराई करना नहीं। आप लोग अपने से आकर पानी पटाए। इस दौरान कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण स्थल पर पहुंची निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने भी तीन नंबर ईट की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने नाराजगी जताते हुए संवेदक को प्राक्कलन के हिसाब से निर्माण कार्य करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष शुक्ला कंस्ट्रक्शन के संवेदक सौरव शुक्ला के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के बाईपास सड़क में पीसीसी पथ का निर्माण करवाया गया है। जो आज जगह-जगह पर उखड़ कर जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। इनकी घटिया निर्माण कार्य को देखते हुए उस समय भी ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। साथ ही उन्होंने उपायुक्त से ऐसे संवेदक को चिन्हित कर इनके कागजातों को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की है। इस संबंध में निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे नगर पंचायत के कनीय अभियंता पंकज कुमार से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने बार-बार मोबाइल का कनेक्शन काट दिए। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला ने कहा कि उक्त निर्माण कार्य को जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया

**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा बीएड सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक चतरा कॉलेज चतरा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक बीएड संभाग के द्वारा सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जला कर किया गया। इस कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रो.अमित कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में चतरा कॉलेज चतरा के प्राचार्य डॉ आर पी राय, बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनीष दयाल , मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार झा के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

## ज्ञान निकेतन में मनी नेताजी की जयंती

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट (10+2) स्कूल में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर राष्ट्रभक्त सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कह गई। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमसबों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके भारत की आजादी के लिए निरंतर संघर्ष की कहानी हमें सदियों तक प्रेरित करती रहेगी। वो स्वदेशानुराग और जोशपूर्ण देशभक्ति के एक अनूठा प्रतीक और अद्भुत उदाहरण थे।

## भाजयुमो ने मनायी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**गढ़वा।** भाजयुमो जिला कार्यालय गढ़वा में सोमवार को जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अयक्षता में स्वतंत्रता के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। मौके पर भाजपा महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने देश को आजाद कराने के लिए अपना पूरा जीवन राष्ट्र को न्योछावर कर दिया था। नेताजी ने 1942 में युवाओं को संगठित कर दक्षिण एशिया में आजाद हिन्द फौज का गठन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि नेताजी देश के महानायक थे। उन्होंने देश के युवाओं से दिल्ली चलो का नारा दिया था और क्रांति का बिगुल फुंक दिया था। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के लिए युवाओं ने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था।

## कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड बना उपविजेता

**गढ़वा।** महाराष्ट्र के शिरडी में 19 से 22 जनवरी तक आयोजित 10वीं राष्ट्रीय ट्रेडिशनल स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2022-23 में झारखंड के महिला, पुरुष पहलवानों ने अपना दमखम दिखाते हुए राज्य को उपविजेता बनने का गौरव प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में मणिपुर ने प्रथम, झारखंड ने द्वितीय तथा मय प्रदेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**गढ़वा।** नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा से संबंधता प्राप्त सहेली महिला मंडल गढ़वा के तत्वावधान में पराक्रम दिवस पर सामुदायिक हल सह वार्ड विकास केंद्र में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेवी संतोष केशरी, नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी मोहसिन हाशमी, सहेली महिला मंडल की प्रशिक्षिका उषा देवी, जनक विकास धारा ऑर्गेनाइजेशन के सचिव रामाशंकर चौबे, महिला मंडल की सदस्य यासमीन परवीण व पूनम मिश्रा ने संयुक्त रूप से भारत के महान विभूति सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित एवं माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया।

## अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से एक युवक घायल

**मरकच्चो।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित चंचालनी गेट के समीप सोमवार की शाम 5 बजे अज्ञात हाइवा वाहन के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र के डगरनवां पंचायत के कटियो निवासी 28 वर्षीय पंकु सिंह पिता केदार राय के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने ससुराल अरखांगो से अपने घर कटियो अपनी मोटरसाइकिल डीएन09डी/6303 से जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात हाइवा अपने चपेट में ले लिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एएसआई कृष्णा राम अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर युवक को पुलिस वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया।

## एसपी ने किया मरकच्चो थाना का औचक निरीक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सोमवार को मरकच्चो थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में दर्ज मामलों के निष्पादन एवं कांड के आरोपी बनाए गए लोगों पर अब तक की गई कारवाई के संबंध में थाना प्रभारी से जानकारी ली। साथ ही अभिलेखों का निरीक्षण कर कांड के निष्पादन के हकीकत हो जाना। वहीं उन्होने थाना प्रभारी को गंभीर मामलों में दर्ज कराए गए कांडों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ससमय आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के अलावा नामजद लोगों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने थाना में आने जाने वाले फरीयादों से मित्रता पूर्वक बर्ताव करते हुए उनके मामलों को गंभीरता से लेने की बात कही। इस दौरान उन्होंने आगामी सरस्वती पूजा में विधि व्यवस्था को कायम रखने को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिये। मौके पर एसआई उत्तम कुमार बैध, एएसआई उमेश सिंह, दयाराम सिंह आदि मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** आगामी सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में बीडीओ पप्पु रज्जक, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, सीओ रामसुमन प्रसाद, पुलिस अंचल निरीक्षक डोमचांच अवधेश सिंह, एसआई उत्तम कुमार बैध समेत कई लोग उपस्थित हुए। बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तथा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि सरस्वती विद्या की देवी है, वह हमें अनुशासन में रहने की सीख देती है, इसलिए हमें पूजा पाठ अनुशासन में रहकर ही करना चाहिए। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। वहीं सीओ रामसुमन प्रसाद ने कहा कि मरकच्चो बराबर से कौमी एकता का मिसाल पेश करता आया है और हमें आशा है कि यह मिसाल आगे भी जारी रहेगा।

## अभाविप का विराट जिला छात्र सम्मलेन संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सोमवार को रॉयल सेलिब्रेशन झुमरीतिलैया में अभाविप के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जिला छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, विशिष्ट अतिथि आरएसएस के जिला कार्यवाह दिलीप सिंह, स्वागत समिति अध्यक्ष विहिप के अरविंद कुमार सिंह, स्वागत समिति मंत्री लेमांशु कुमार व अभाविप के विनोवा भावे विश्वविद्यालय संयोजक प्रवीण कुमार सिंह, प्रमुख रामस्वरूप यादव, जिला संयोजक वीरेंद्र कराटे, नगर मंत्री मिथिलेश कुमार ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती और विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन ने जिला छात्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 75 वर्षों की अपनी स्वर्णिम यात्रा में अभाविप ने देश के लाखों छात्र युवाओं को संगठित एवं संस्कारित करते हुए समाज के अन्य क्षेत्रों में कार्य करने वाला नेतृत्व प्रदान किया जा रहा है। स्वागत समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो, छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद् के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। विद्यार्थी परिषद् का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। स्वागत मंत्री लेमांशू ने कहा कि स्थापना काल से ही संगठन ने छात्र हित और राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में समोवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के संघ चालक जानकी नंदन राणा, विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार मिश्र विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष पवन प्रसाद प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने मां शारदे, ओउम, भारत माता एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उपस्थित अतिथियों का कक्षा सप्तम अष्टम के बहनों ने स्वागत गीत, एकल गीत के साथ स्वागत किया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम, विषय प्रवेश आचार्य लक्ष्मण राम के द्वारा किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि जानकी नंदन राणा ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए बताया की नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे भाव लेकर राष्ट्र हित में समाज हित में अपना योगदान देना चाहिए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना करके युवाओं के बल पर अंग्रेजों को भारत से भगाने का कार्य किए थे। भारत माता की रक्षा के लिए अपने आप को कुर्बान कर दिए थे। नेताजी के अंदर आदम्य साहस व पराक्रम था जिसके बदौलत युवाओं को संगठित करके भारत वासियों को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराएं। भैया बहनों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के कार्यशैली से प्रेरणा लेने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश वीरों का देश है। यहां पर जब जब धर्म की हानि हुआ उसकी रक्षा के लिए एक से बढ़कर एक महापुरुषों ने जन्म लिया और उसकी रक्षा के लिए अपने आप को समर्पित कर दिया। बड़ा आदमी बनने के लिए भैया बहनों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जैसा कार्य करना होगा। साथ ही कहा कि आप सभी को अभी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस अपने समय के तेज विद्यार्थी थे। उनके अंदर नेतृत्व क्षमता अधिक था। नेताजी ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा की जोशीले नारे से देशभक्ति से लोग ओतप्रोत हो जाते थे। इससे देश की आजादी के लिए हर गांव टोले मोहल्ले से युवाओं की एक फौज निकल पड़ी। विषय प्रवेश कराते हुए आचार्य लक्ष्मण राम ने भैया बहनों को बताया कि विद्या भारती की योजना है की भैया बहने के अंदर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार मिले तथा देश भक्ति का बोध हो भैया बहने एक सभ्य नागरिक बने भैया बहनों महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलें इसी उद्देश्य से विद्यालय में महापुरुषों की जन्म जयंती मनाई जाती है। कार्यक्रम का समापन बंदे मातरम के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य लवकेश उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम को सफल संचालन में सभी आचार्य व दीदी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।



सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

## सिविक एक्शन प्लान कार्यक्रमों से गारू के क्षेत्र में लोगों का बदला जीवन

# समस्याओं को सुलझाने में मदद करते हैं सीआरपीएफ : केडी जोशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** आम जन से मित्रता व सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने के मकसद से सीआरपीएफ बटालियन द्वारा समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में जिले के गारू प्रखंड के सीमाखास ग्राम में मंगलवार को सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ 214 बटालियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान आम जनों की समस्या को सुनने के साथ उनके समाधान करने का भी प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीआरपीएफ कमानडेंट केडी जोशी ने बताया कि हमारे जवान ग्रामीणों के साथ हमेशा सम्पर्क में रहते है, उनके सुख-दुख से रूबरू होने की कोशिश करते हैं और जरूरत का सामान भी मुहैया कराते हैं। सीआरपीएफ के आने के बाद से पहाड़-जंगल में जीवन काफी बदल गया है। बच्चे अब शाम में पढ़ते नजर आते हैं। भविष्य बेहतर होने की उम्मीद जगी है। आज सीमाखास कई छात्राएं को साइकिल का वितरण किया गया। बताते चले कि यहां की कई छात्रायें बारीबांध, हेंदेहास, कोटाम, गारू आदि विद्यालय में पढने जाते जाते है, ऐस में साइकिल सभी छात्रों का काफी सुविधा प्रदान करेगा।

**सीआरपीएफ के जवान ग्रमीणों के सुख-दुःख से होते है रूबरू :** कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि सिविक एक्शन प्लान के तहत लोगों की जरुरतों को पूरा करने का प्रसास किया जाता है। जरूरत की चीजें पाकर लोग काफी खुश होते हैं। सिविक एक्शन प्लान का मुख्य उद्देश्य भटके हुए लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना है। नक्सलियों से मेरी अपील है कि वे मुख्य धारा में शामिल होकर देश समाज के विकास में अपना योगदान दें। अतिरिक्त समय मिल पायेगा जिससे उनके जीवन में मूलभूत परिवर्तन होगा। मौके पर कार्यक्रम में कम्पनी कमाण्डर मंगला प्रसाद सिंह (सहा0कमा०), निरीक्षक जीडी विनोद कुमार तिवारी, निरीक्षक सह जीडी चन्द्रकेश यादव के साथ अधिकारी, जवान एवं ग्रामीणों के साथ लाभार्थी के अभिभावक भी उपस्थित रहे।



साइकिल वितरण करते कमांडेंट।

## एक नजर में

### सुभाष चंद्र बोस की मनायी गयी जयंती

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सुभाष चंद्र बोस की जयंती कई संस्थानों में मनाई गई एंजल पब्लिक स्कूल के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक झांकी निकाली गई जो विद्यालय परिसर से आरंभ होकर मुरपा मोड, वन विभाग, थाना चौक, होते हुए विद्यालय परिसर पहुंचा। विद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी ने भारत माता बनकर एवं कई छात्र-छात्राओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस बनकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। झांकी में शामिल बच्चों ने बैंड बाजे के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, भारत माता की जय, समेत कई नारा लगा रहे थे। इस मौके पर विद्यालय की छात्रा मानवी शर्मा, काजल कुमारी, तेजस्वी, राज श्री, स्नेहा, सुमन, अंशु ,रविंदर, रोली, सुकृति, श्रुति व शिक्षक रवि कुमार, रविंद्र कुमार, राजू कुमार, अनुराग सिंह, मनोज सिंह समेत कई लोग शामिल थे। वहीं दून पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। वहीं विद्यालय के शिक्षक अभिषेक कुमार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च फास्ट निकाला। बालूमाथ थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, अंचलाधिकारी आफताब आलम व कई पुलिस पदाधिकारियों ने नेता जी के चित्र पर पुष्प समर्पित कर उनकी जयंती मनाई।



झांकी निकालते शिक्षक।

### नेताजी ने द्वितीय विश्वयुद्ध में किया था आजाद हिंद फौज का गठन : सागर वर्मा

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा आजाद हिद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बरवाडीह रेलवे कॉलोनी में स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर मंत्री सागर कु.वर्मा ने बताया कि सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। वही आज भी भारत में जब भी आजादी के लिए अपना अमूल्य योगदान और क्रांतिकारियों का नाम आता है। वहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम सबसे ऊपर आता है। सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया।इस वजह से संपूर्ण भारत वासी उन्हें नेताजी के नाम से संबोधित करते हैं।



सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते अभाविप कार्यकर्ता।

### महुआडांड़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मनाया गया पराक्रम दिवस

**महुआडांड़।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद महुआडाँड़ के सदस्यों ने सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों संग नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाया एवं उनके पराक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में दीप जलाकर एवं राष्ट्रनायक सुभाष चन्द्र बोस जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर अभाविप नगर अध्यक्ष सह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन बेसरा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धणुष एवं भुषण जायसवाल ने किया। उसके बाद अपने वक्तव्य में श्री बेसरा ने कहा की माँ भारती की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं उनका जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। वहीं उज्जवल धणुष ने कहा की भारत के रोम रोम में आजाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता के प्राण फूंकने वाले आजादी के देवता के कहने पर लाखों भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अपना सब कुछ बलिदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन बेसरा, सहायक शिक्षक शैलेंद्र सिंह, अभाविप के लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धणुष, पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अंकित कुमार जायसवाल, नगर सोशल मीडिया प्रमुख दिपक गुप्ता, भुषण जायसवाल, पवन गुप्ता समेत अन्य शिक्षक एवं दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अनु. जन जाति आवासीय उच्च विद्यालय में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी

**महुआडांड़।** राजकीय अनु.जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय महुआडांड़ में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती से मनाई गई, विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक गिरजाराम के नेतृत्व में में उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। फिर नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया, प्रधानाध्यापक ने कहा वे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक में हुआ था।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर किया माल्यार्पण

**लातेहार।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस महान स्वतंत्रता सेनानी थे। हमें उनके जीवन एवं संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमण्डल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार समेत जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड के अभिकर्ता बद्री प्रसाद सिंगापुर में होंगे सम्मानित



**लातेहार।** जिले के निवासी भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड के अभिकर्ता बद्री प्रसाद सिंगापुर में आयोजित सम्मान समारोह में गुरुवार को सम्मानित होंगे। मालूम हो कि श्री प्रसाद वर्ष 2014 से सीओटी 2017 से कॉरपोरेट क्लब सदस्य है। पूर्व में उन्हें ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एमडीआरटी कन्वेंशन एवं ग्रीस में आयोजित कॉरपोरेट क्लब कन्वेंशन में सम्मानित किया जा चुका है। श्री प्रसाद झारखंड से सम्मानित होने वाले कुल 5 अभिकताओं में एक है। जो पलामू प्रमंडल के एकलौता हैं। उनके इस चयन पर निगम के शाखा प्रबंधक प्रवीण तिर्की, डीओ देबजीत बनर्जी, अभिकर्ता देवाशीष टैगोर, सतीश पांडे, अधिवक्ता सुनील कुमार, रंगकर्मी आशीष टैगोर, समाजसेवी अमरजीत सिंह, प्रदीप अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, तैलिक साहू समाज के उपेंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, विशाल चंद्र साहू, रामप्यारे प्रसाद आदि ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। श्री प्रसाद सिंगापुर के लिए रवाना हो चुके हैं।

## गांव-गांव में खेल के आयोजन से छिपी प्रतिभा आयेगी सामने : बैद्यनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। सदर प्रखंड के सेमरी गांव में हो रहे क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित हुए। जहां उन्होंने फाइनल मैच का शुभारंभ नारियल फोड़ कर किया। वहीं इस दौरान विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि इस तरह गांव-गांव में खेल के आयोजन से गांव में छुपी प्रतिभा सामने आयेगी।

उन्होंने आगे बताया कि खेल खेल भावना से ही खेलनी चाहिए। खेल से शरीरिक व मानसिक दुरूस्त रहता है। वहीं फाइनल मैच मोंगर बाबा टीम और पोलपोल के साथ खेला गया जिसमें पोलपोल कि टिम विजय रही। इस मौके पे जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व जिला परिषद् सदस्य रामदेव सिंह, समिति के संरक्षक राकेश सिंह, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, युवा नेता अंकित पाण्डेय, राकेश साहू, दयानंद पांडेय, दीपक कुमार, बीरेंद्र पाठक, सोनू पाठक, मोनू सिंह, शैलेश कुमार, मोना सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।



बल्ला चलाकर मैच का शुभारंभ करते विधायक बैद्यनाथ राम ।

## एनटीपीसी ने बरवाडीह गांव में 200 लोगों के बीच किया कंबल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** पतरातू विधुत उत्पादन निगम लिमिटेड बनहरदी के द्वारा सोमवार को बनहरदी कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव में कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया। जहां कंपनी के अधिकारियों ने बरवाडीह समेत आसपास के क्षेत्रों के लगभग 200 की संख्या में गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा व मूलभूत सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने को लेकर संकल्पित है। आपसभी सहयोग करें तो क्षेत्र का विकास होगा। मौके पर पीवीयूएनएल की तरफ से एम चंद्रशेखर, एजीएम आरबी सिंह, अमरेश चंद्र रावत, विनेश कुमार, स्वपिनल सर समेत ग्राम प्रधान निरंजन यादव सुरेश महतो योगेंद्र यादव एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में लगभग 200 कंबल वितरण किया गया।



कंबल का वितरण करते अधिकारी।

## सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को ले एसडीपीओ ने की बैठक

**बारियातू।** थाना परिसर मे सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने को लेकर एसडीपीओ अजित कुमार सिंह की अध्यक्षता मे सोमवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक मे उपस्थित जन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधियों व सभी समुदाय के गणमान्य लोगों को एसडीपीओ अजित ने संबोधित करते हुए कहा की पूजा को पूजा की तरह सभ्यता संस्कृति के साथ शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाना चाहिए। पूजा मे डीजे व अश्लील गाना नहीं बजाना चाहिए। मयार्दा को उल्लंघन करते पाए जाने पर डीजे साउंड जब्त कर लिया जायेगा। सरस्वती माता की प्रतिमा विसर्जन जुलुस मे शराब पीकर माहौल खराब करने वाले व्यक्ति के सम्बंध मे प्रशासन को तुरंत जानकारी दें वैसे व्यक्ति पर उचित कार्रवाई की जायगी। मौके पर इंस्पेक्टर शशि रंजन,थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, एसआई रवि कुमार, जिप सदस्य रमेश राम, बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, सेवानिवृत शिक्षक जानकी नंदन राणा, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, मुखिया रानो देवी,पंसस राजेश मोची, समाजसेवी गौतम सिंह, यमुना साव, महेंद्र गंझु, सोमनाथ, महेंद्र उरांव, लाल आशीष नाथ शाहदेव, महाबीर उरांव सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## ग्रीन फील्ड विद्यालय में हुआ वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

### चंदवा में मनायी गयी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सुभाष चौंक स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा स्थल पर सोमवार को नेताजी की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बीस एक महान और राष्ट्र के प्रतिक थे, उनकी प्रेरणा दायक बातें आज भी रग-रग में है, उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए लड़े थे। उनके आदर्श और बलिदान हर भारतीय को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। जयंती के मौके पर रामयश पाठक, महेंद्र प्रसाद साहू, निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद, सुनील ठाकुर, प्रकाश जायसवाल, बालजी उराव, अजीत बनारसी, जुल्फान खान, जीतु साव, दिलीप बैठा, विजय भारती, तबरेज खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।



माल्यार्पण करते लोग

**ग्रीन फील्ड विद्यालय में हुआ वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन :** सुभाष चंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर एंबीशन कंप्यूटर और सांस्कृतिक क्लब के द्वारा ग्रीन फील्ड स्कूल में छात्र छात्राओं के द्वारा दीवाल में पेंटिंग का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के दर्जनों की संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। बेहतर वॉल पेंटिंग बनाने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर ग्रीन फील्ड स्कूल विद्यालय की प्राचार्या आनंदी सोरेंग, संचालक अरविंद सिंह, सौरभ कुमार, मोहिनीश , दीपक कुमार, वेदांत के अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम के साथ मनायी गयी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**लातेहार।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती दिन सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी व कपिल देव प्रमाणिक के द्वारा सरस्वती माता, ओम, भारत माता व सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण तथा देशभक्ति आधारित गीत पर नृत्य ने कार्यक्रम को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। आचार्य कपिल देव प्रमाणिक के द्वारा सुभाष चंद्र बोस जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वही प्रधानाचार्य श्री चौधरी ने बताया कि हमें सुभाष चंद्र बोस जी के संघर्ष भरी जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए साथ ही खेल एवं कला में भी अपनी रूचि बनाए रखनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थे।

### जंगली हाथियों के उत्पात से बेघर हुए परिवार आपदा राहत कोष से दिया गया अनाज

**महुआडांड़।** महुआडांड़ वन क्षेत्र शाहपुर पीएफ दुधारवा गांव में जंगली हाथियों के उत्पात से आठ परिवार बेघर हो गये है। मनोज कुजूर, महेंद्र कुजूर, फिलिप मुंडा, ईलाक मुंडा, दीपक मुंडा, सुरेश मुंडा, केशवर मुंडा, राफेल टोप्पो गांव को छोड़ बच्चो को लेकर शाहपुर के सरकारी विद्यालय में पनाह लिये हुए है। जहां उनके पास खाने को आनाज भी नही है एवं जंगली हाथियों द्वारा इनके घरों को धवस्त करने के बाद इनके पास रहने को घर नही है। जहां सोमवार को परहाटोली पंचायत के मुखिया एवं सेवक भिखू प्रसाद द्वारा आपदा राहत कोष से पीडित परिवारो को 10 किलो चावल साथ आलू, दाल, तेल दिया गया। इस संबंध में सुरेश मुंडा ने कहा वन विभाग की ओर से कुछ नही दिया गया है, हालांकि हमसे आवेदन वन विभाग द्वारा लिया गया है।

### आवारा मवेशियों से राहगीरों की जान जोखिम में

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के बस स्टेंड बाजार, सुभाष चौक, बाबा चौक और सब्जी मार्केट सहित अन्य व्यस्त जगहों में आवारा पशु लोगों, राहगीरों और दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या बने हुए हैं। आवारा पशु व्यस्त सडकों, चौराहों व गलियों में घूमते रहते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।? पशुओं के झुंड जिस मार्ग से निकलते हैं, वहां गंदगी तो फैलती ही है, साथ ही साथ वहां के सब्जी, किराना व फल दुकानदारों को भी परेशान करते हैं, वही वाहन चालकों के दुर्घटना ग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों से राहगीरों की जान जोखिम में रहती है। इससे शहर वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार के जिम्मेदारों को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। लोगों ने शासन प्रशासन से आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है।

### चंदवा में चला वाहन चेकिंग अभियान, 1 लाख 6 हजार रुपये राजस्व की हुई वसूली

**चंदवा।** जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में सोमवार को चंदवा की इंदिरा गांधी चौक पर परिवहन विभाग की टीम के द्वारा दर्जनों की संख्या में ट्रकों एवं भारी वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहन चालकों के लाइसेंस के साथ इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन आदि कागजातों की जांच की गई। जांच के क्रम में पांच वाहनों को परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया। जिनसे 1 लाख 6 हजार रुपये राजस्व की वसूली की गई। बता दे कि परिवहन विभाग के द्वारा गणतंत्र दिवस के दौरान होने वाले परेड व झांकी को लेकर वाहन को जमा किया जा रहा था। इसी दौरान कई वाहनों के दस्तावेजों की जांच भी की गई। अभियान में परिवहन विभाग के तनवीर आलम समेत चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### टी12 क्रिकेट टूर्नामेंट में लोहरदगा ने बरछिया को 72 रन से हराया

**बालूमाथ।** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे चरण का टूनार्मेंट सोमवार को आरंभ की गई। जिसमें लोहरदगा व बरक्षियां क्रिकेट क्लब के टीम के बीच खेला गया। जिसमें लोहरदगा की टीम 12 ओवर में 119 रन बना कर आउट हो गई। इसके जवाब में बरक्षीया की टीम ने 9 ओवर में 45 रन पर ही ऑल आउट हो गई। टी12 का सुपर क्रिकेट टूनार्मेंट का तीसरा मैच बजरंग क्लब बारियातू एवं मुस्तफा क्लब बालूमाथ के बीच खेला गया। ज्ञात हो कि यह टूनार्मेंट 8 जनवरी से आरंभ किया गया था। जिसमें 48 टीम भाग ली है। इस टूनार्मेंट में खलारी, पिपरवर, बिहार बक्सर, लोहरदगा, चतरा, समेत कई जिला व प्रखंड की टीम शामिल हुई हैं। मैच के आयोजक मोहम्मद जफर मोहम्मद, अफरोज मोहम्मद, इमरान, ऋषि कुमार समेत कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### पुलिस ने अवैध शराब की खेप को पकड़ा, दो गिरफ्तार

**चंदवा।** लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने एनएच-75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के कठपुलिया के पास से एक ऑटो में गुप्त तहखाना बनाकर बिहार ले जाये जा रहे भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप के साथ दो तस्करों को पकड़ने में सफलता पाई है। शराब की तस्करी करते पकड़े गए मोइन अंसारी और हलीम अंसारी (दोनों कांके रोड रांची) को अग्रतर कार्रवाई के बाद सोमवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

# छात्र-छात्राओं ने लिया नेताजी के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प

## 126वीं जयंती पर याद किये गये सुभाष चंद्र बोस

खर मन्त्र संवाददाता



**तीसरा।** एनएससीबी पब्लिक स्कूल एमओसीपी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का आज 126 वां जयंती मनाया गया इस दौरान नेताजी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई। नेता जी के जयंती के अवसर पर स्कूल की तरफ से दो दिवसीय स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग चतुर्थ से लेकर दशम वर्ग तक का छात्र भाग लिया है। वही इस दौरान सभी लोगों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। एनएससीबी पब्लिक स्कूल एमओसीपी के प्रधानाध्यापक संजय मजूमदार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के कार्यशैली और उनके विचारों से प्रेरित होकर स्कूल का नाम भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है। नेताजी महान स्वतंत्रता सेनानियों के नामों में उनकी गिनती होती है। सुभाष चंद्र बोस का जयंती पराक्रम दिवस के रूप में हम लोग मनाते हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस 1920 में इंग्लैंड में सिविल परीक्षा पास कर लिए थे लेकिन भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में हिस्सा लेने के लिए जॉब छोड़ दिए थे और हमारे देश को आजादी दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही है जो हमारे लिए और हमारे स्कूल के छात्रो के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वही इस कार्यकर्म में मुख्य रूप से संजय मजूमदार प्रधानाध्यापक, चंदन कुमार रवानी उपप्रधानाध्यापक, उपप्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश राम, सुनील कुमार ठाकुर एग्जाम कंट्रोलर, निशा श्रीवास्तव, विभा देवी ,रितिका श्रीवास्तव ,मांडवी कुमारी मनोज श्रीवास्तव, पूजा कुमारी, अनादिता बेनार्जी , नेहा महतो, नेहा मोदक, गोपीनाथ मोदक, मृत्युंजय मोदक, विजय मल्ल्हा ,अमर निषाद , सन्तलाल प्रमाणिक , सतेंद्र गुप्ता, एस एस विश्वकर्मा ,मंटू रवानी, बद्री रवानी , सपन कुमार, उत्तम मजूमदार उपस्थित रहे।

### बोकारो में हर्षोल्लास से मनी नेताजी की जयंती

**बोकारो।** चास के सुभाष चौक पर झारखण्ड अलग राज्य के झारखंडध्‍ वनांचल आंदोलनकारियों की ओर से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी का 125 वीं जयंती पर आन्दोलनकारियों ने कहा है कि आज उनकी दशा बहुत ही दयनीय है।अपना मान.सम्मानएपहचान और अधिकार पाने के लिएएनेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के बताए रास्ते में चलते हुएएउग्र आंदोलन करने के लिए वे कृतसंकल्पित हैं।मौके पर राजदेव माहथाएभूतनाथ माहथाएहाबुलाल गोराईए संतोष कुमार सिंहएराजेश राय आदि उपस्थित रहे। बोकारो जिला राजद कार्यालय सेक्टर 09 में राजद जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव के नेतृत्व में आयोजित समारोह में श्री यादव सहित सभी वक्ताओं ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में नेताजी जी ने अहम भूमिका निभाई थी।समारोह में कमलेश यादवए उमेश तिवारीए मनोज यादवए अनिल कुमारए परशुराम यादवए राजदेव पालए बोढ़न यादवए भाई प्रमोद सिंहए सीताराम यादवए कुंदन गुप्ताए चंद्र भूषण गुप्ता आदि शामिल थे। जन संघर्ष मोर्चा के चास कार्यालय में विक्रम महतो के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नेताजी के आदर्शों को आत्मसात करने का निर्णय लिया।

## स्पीड न्यूज

### गोमो स्टेशन पर ट्रेन से कटकर हेड कांस्टेबल की मौत

**गोमो।** गोमो यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन पर रविवार की रात एक हृदय विदारक घटना घटी। हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार की रन ओवर होने से मौत हो गई। उनका शव कई टुकड़ो में मिला है। जितेंद्र कुमार आरपीएफ पोस्ट में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। सोमवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर शव देखने के बाद तो इलाके में कोहराम मच गया। अधिकारी भागे भागे रेलवे लाइन पर पहुंचे। कम से कम 100 मीटर तक ट्रेन उन्हें खींचकर ले गई थी: लाश पूरी तरह से क्षत-विक्षत दिख रही थी। जितेंद्र कुमार बिहार के नवादा के मूल रूप से रहने वाले थे।

### कमरे में सिगरेट पीते पीते सो गया युवक आग लगने से मौत

**धनबाद।** रविवार देर रात सराय ढेला थाना क्षेत्र के एक घर में आग लग गई। जिसके कारण एक युवक की जलकर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार युवक सिगरेट पीता था सिगरेट पीते पीते युवक को नींद लग गई और जलती हुई सिगरेट बिछावन पर गिर गया। इससे कमरे में आग लग गई। पड़ोसी जब तक पहुंचते तब तक युवक गंभीर रूप से झुलस चुका था। युवक सराय ढेला के कुसुम बिहार में किराए के मकान में रहता था युवक का नाम सौरव कुमार है सौरव के कमरे में देर रात आग लग गई बताया जा रहा है कि कुसुम विहार फेस 2 में भोगेंद्र झा के 3 मंजिला मकान में टॉप फ्लोर पर सौरव अकेले रहता था। देर रात उस कमरे में आग लग गई।

### छापमारी में पांच टन अवैध कोयला जब्त

**तीसरा।** तीसरा पुलिस ने गुप्त सूचना पर तीसरा थाना क्षेत्र के खास कुइयां 10 नंबर तालाब के समीप अलग अलग जगह के झाड़ियों में से लगभग 5 टन अवैध कोयला छापेमारी कर जप्त किया। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी से आसपास के छूटवाइया कोयला चोरों में ने भय व्याप्त है। पिछले कई दिनों से झाड़ियों में कोयला छिपाकर साइकिल और मोटरसाइकिल के माध्यम से यह अवैध कोयला बलियापुर की ओर खापाया जा रहा था जिसकी सूचना मिलते ही तीसरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर 5 टन कोयला जाकर कोयला चोरों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। जप्त कोयला को तीसरा पुलिस ने ट्रैक्टर को तीसरा थाना ले आयी है।

### बबीता ने किसानों को बिचौलियों से बचने की दी सलाह

**बोकारो।** कसमार। कसमार प्रखंड अन्तर्गत हिसीम पैक्स धान अधिप्राप्ति केन्द्र का जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारीए प्रमुख नियोती कुमारीए प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन के साथ ही धान खरीदारी शुरू हो गई।मौके पर जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि किसान बिचौलियों के चंगुल में न फंसे। प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि किसान अपने धान को बिचौलियों को न देकर धान की बिक्री पैक्स में कर उचित मूल्य प्राप्त करें । मौके पर पैक्स अध्यक्ष लालू महतोए संजय महतो एआनंद महतोए फणीन्द्र मुंडा आदि।समेत दर्जनों किसान तथा गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### झारखंड नवयुवक संघ ने मनायी नेताजी की जयंती

**बेरमो।** झारखंड क्रांतिकारी नवयुवक संघ ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और संघ का 18 वा स्थापना दिवस घूमघाम से मनाई गई। बीएंडके महप्रबंधक एम के रावए ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवालए गिरिजाशंकर पांडेय आदि ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन सलीम जावेद उर्फ मोती ने किया। समारोह में फुसरो नगर परिषद के उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, पूर्व मुखिया ललन सिंह, ओम शंकर सिंह, आबिद हुसैन, ओम शंकर सिंह, लाखन सिंह, रवि सिंह मौजूद थे।

## हर्ल चेयरमैन व एमडी ने किया हेल्थ सेंटर का उद्घाटन

खर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** हर्ल चेयरमैन देबाशीष नंदा व प्रबंध निदेशक (एमडी) एस सी मुदगेरिकर ने संयुक्त रूप से रोहड़ाबाँध पानी टंकी के निचले भाग में बने हर्ल हेल्थ सेंटर का उद्घाटन सोमवार को फीता काटकर किया। इस मौके पर हर्ल चेयरमैन व एमडी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हर्ल खाद कारखाने का दौरा कर इसकी प्रगति की जानकारी प्राप्त की। हर्ल चेयरमैन, एमडी, एच आर हेड इन्दुबाला कृष्णा व हर्ल सिन्दरी सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने हेल्थ सेंटर में प्रवेश कर दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर हर्ल पदाधिकारियों ने हेल्थ सेंटर का जायजा लिया और चिकित्सक डॉ जे एस प्रसाद से बीपी मशीन के द्वारा बल्ड प्रेशर भी चेक कराया। हर्ल एमडी ने कहा कि हर्ल की प्रगति के साथ सिन्दरीवासियों को भी हर्ल की ओर से सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। इसकी शुरूआत हर्ल खाद कारखाना व हेल्थ सेंटर से किया जा रहा है। हर्ल सिनियर वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि फिलहाल हेल्थ सेंटर में हर्ल खिद कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों को लिए एक महीने तक ट्रायल रुप से चलाया जाएगा। इसके बाद इसे आमलोगों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक केन्द्रीय खाद्य सचिव अरुण सिंघाल हर्ल सिन्दरी पहुँच गए थे। इस मौके पर हर्ल वाइस प्रेसिडेंट गौतम माजी, एच आर विक्रांत कुमार, एच आर नीरज कुमार डॉक्टर जे एस प्रसाद, डॉक्टर ए एन सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नेताजी जयंती : डीएवी सिंदरी में मनाया गया पराक्रम दिवस

खर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** सिन्दरी के विभिन्न विद्यालयों में नेताजी की 129 वीं जयंती पर सोमवार को प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल व मदर टेरेसा स्कूल सिन्दरी के द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। डीएवी स्कूल में इस मौके पर जूनियर विंग के आनंद स्वामी क्रीड़ा उद्यान में पराक्रम दिवस मनाया गया। सरस्वती विद्या मंदिर सिन्दरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एफसीआई सिन्दरी यूनिट प्रभारी व संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने कहा कि मुझे बच्चों में अपना बचपन दिखता है। आप देश के भविष्य हैं। मदर टेरेसा स्कूल द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी बिरसा मुंडा व नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त हुई। प्रभातफेरी में शामिल लगभग 700 स्कूली बच्चों ने नशामुक्ति व युवा जागरण के संदेश के साथ तख्तियाँ लेकर व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जनता को संदेश दिया। प्रधानाचार्य राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि दशम वर्ग की छात्रा कृतिका कुमारी भारत माता के रूप में, षष्ठम वर्ग के राजीव कुमार सुभाषचंद्र बोस के परिधान में, अमन दूबे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पीयूष दुबे चाचा नेहरू के परिधान में शामिल हुए थे। कार्यक्रम में प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि नेताजी प्रखर राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी मौजूद थे।

## बिजली समस्या : सात सूत्री मांगों को लेकर वार्ता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में बिजली की सात सूत्री मांगो को लेकर राजद युवा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बीट्टू मिश्रा द्वारा 25 जनवरी से अनिश्चितकालिन धरना देने की चेतावनी के बाद अंततः विद्धुत विभाग के सहायक अभियंता सोमेस कुमार ने सोमवार को वार्ता के लिए बुलाया। मांगो को लेकर विभाग के सहायक अभियंता से सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई जिसमे पार्टी की सात सूत्री मांगे मानी गई व लिखित भी दिया। इसकी जानकारी देते हुए बिट्टू मिश्रा ने बताया कि विद्युत विभाग चिरकुंडा कार्यालय मे सहायक विद्युत अभियंता सोमेश कुमार से वार्ता हुई।

## लोगों के बीच रक्तदान की भ्रांतियां दूर हों : मथुरा प्रसाद

खर मन्त्र संवाददाता



**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया के रंगुनी पंचायत में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के 126वी जयंती नेताजी स्पोर्टिंग क्लब व वोलेंटियर ब्लड डोनर ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाया गया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिसमें टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अनंत नाथ सिंह, राजू हाड़ी, संजीत सिंह, जिनेन्द्र सिंह, सरयू सिंह ने नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व नेताजी को नमन किया। नेताजी स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद महतो व अनंत नाथ सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों को शॉल व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि रक्त की जरूरत पड़ने पर लोग रक्त मांगते हैं लेकिन कई भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से डरते हैं। भ्रांति को दूर किया जाना चाहिए और रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाना चाहिए। जिससे लोगों को रक्त की कमी न हो। मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि नेताजी स्पोर्टिंग क्लब रक्तदान को लेकर जो पहल कर रही वह सराहनीय है।राजू प्रसाद हाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी को आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने के बाद भी वह सम्मान नही मिला जो आजादी के लड़ाई में नरमपंथी नेताओ को मिला। आज भी गरम दल के नेता के रूप में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती भव्ययता के तौर पर नही मनाया जाता।

### टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनी नेताजी की जयंती

**जामाडोभा।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा विशेष प्रार्थना सभा में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य पी.के. मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रार्थना सभा में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी पुष्प अर्पित कर नेताजी को श्रद्धांजलि दी।

## नेताजी प्रतिमा पर माल्यार्पण को लगा तांता

खर मन्त्र संवाददाता



**गोमो।** गोमो में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा जीएम पब्लिक स्कूल, सुभाष हाई स्कूल, डीबी एच स्कूल, सरस्वती स्कूल द्वारा प्रभातफेरी व झाकी निकली गई। वहीं गोमो रेलवे के चीफ यार्ड मास्टर बी सी मंडल के नेतृत्व में रेलवे पदाधिकारी व कर्मचारियों ने भी नेताजी की प्रतिमा को नमन किया। इस अवसर पर कई संगठनों ने प्रभात फेरी निकाली. प्रभातफेरी में शामिल बच्चों के बीच बीसी मंडल के द्वारा चॉकलेट, केक एवं मिठाई बांटी गई. जयंती पर गोमो में चारों ओर उल्लास का वातावरण रहा। विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एंड गाइड के ड्रम की धुन पर बच्चों की प्रभात फेरी आकर्षण का केन्द्र बना रहा कई जगहों पर रंगारंग कार्यक्रम भी हुआ। माल्यार्पण करने वालों में चीफ यार्ड मास्टर बीसी मंडल, पूर्व जिप सदस्य हीरामन नायक, जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह, डेकोरेटर्स एसोसिएशन से धनबाद जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, गोमो शाखा अध्यक्ष हराधान दा, तफजुल आजाद, गुलाम हैदर, द चेंबर ऑफ कामर्स से अध्यक्ष धीरज कुमारआदि शामिल हैं।

## झरिया : असामाजिक तत्व डाल रहे जलापूर्ति में खलल : अभियंता

खर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** पाइप लाइन ज्वाइंट में राजनीति के तहत छः नवंबर पंप में असामाजिक तत्वों द्वारा लकड़ी का बीट व दुसरे स्थान पर चार नबंर पंप में प्लास्टिक का बोरा डाल दिया गया था। जिसके कारण जलापूर्ति समस्या उत्पन्न हुई ।काफी मश्कत के बाद झमाडा टीम जांच पड़ताल के दौरान दोनों स्थान से लकड़ी व बोरा निकाल कर पानी सप्लाई शुरू किया। मंगलवार को सुबह मिलेगा झरिया को पानी। झरिया कोयलांचल में जलापूर्ति ठप होने की सूचना पर भडकी झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह । प्रतिनिधि सूरज कुमार सिंह सहित अपने सहयोगियों को झमाडा प्लांट जामाडोबा भेजा। जहां कि कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार झा से मि लकर प्रतिनिधि जलापूर्ति में बाधा होने का कारण पूछा। जिसपर अभियंता ने बताया की कुछ लोगों द्वारा सोची समझी साजिश के तहत पाइप में लकडी व बोरा डाल दिया गया था। जिसकारण जलापूर्ति बाधित हुआ ।साथ जहां पाइप में जाम लगा था। उक्त स्थान का निरीक्षण किया ।

# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे नेताजी : सुनील

खर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा तीलाटांड़, कतरास से अंबेडकरनगर, भट्ठ मुड़ना चार नंबर तक विद्यालय के भैया- बहनों द्वारा घोष दल के साथ पथ संचलन किया गया, जिसमें विद्यालय के भैया - बहनों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक और आम नागरिक भी शामिल हुए। पथ संचलन के पश्चात अंबेडकर नगर के मध्य विद्यालय में विद्यालय के भैया- बहनों के द्वारा योग, नियुद्ध,पिरामिड निर्माण, भैया उदय के द्वारा साहसिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंबेडकर नगर के विद्यालय में ही सरस्वती वंदना का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अंबेडकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं उनके शिक्षक भी शामिल हुए। वंदना के पश्चात पुनः कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें अपने विद्यालय की बहनों द्वारा लघु नाटिकाश्नेताजी का सपना-एवं आजाद हिंद फौज का गठनश्का मंचन किया गया। इसी क्रम में विद्यालय की बहन प्राची के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला गया एवं बहन श्रेयांशी द्वारा एकल राष्ट्रभक्ति गीत भी प्रस्तुत किए। गए। छोटे भैया आनय लाला एवं तनय मोदी द्वारा नेताजी पर आधारित उनके जीवन वृत्त को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसकी सराहना सबों ने की। अंबेडकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी भाव नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की संचालिका प्रियंका बागची ने भी नेता जी को नमन करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को आज की युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बताया और उस पर चलने की सलाह दी।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य श्री मुरारी प्रसाद, विधान चंद्र झा, आचार्या नमिता कुमारी, अशोक कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह अनूप कुमार पांडे, विश्वनाथ दास, गौतम मुखर्जी, मदन मोहन राय के साथ-साथ सभी आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर में

### मासस का नौ फरवरी से जोन स्तरीय सम्मेलन

**चंदनकियारी/बोकारो।** चंदनकियारी टाउन हॉल में मासस प्रखंड कमेटी कि प्रखंड अध्यक्ष लाल मोहन रजवार के अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को मजबूत करते हुए जनमुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। जनता को गोलबंद करने हेतु जोन स्तरीय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया जिसकी शुरूआत 9ध्2ध्2023 को सियालजोरीए देवग्रामए महाल पश्चिमी पंचायत से किया जायेगा।स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आदर्शों की चर्चा करते हुए बैठक में जिला सचिव गयाराम शर्माएचंदनकियारी प्रखंड सचिव साधु चरण महतोए कोषाध्यक्ष जानकी महतोए मायुमो सचिव सागर रजवारए चीनीवास रवानीए नईम अंसारीए भवेश रजवारए काली पद रजवारए भोला रजवारए अघणु महतोए अरुण कुम्भकारए सुभाष मुखर्जीए गंगाधर महथाए मधु रवानीए मनी कुम्भकारएसमेत अन्य उपस्थित रहे।

### सेल स्वर्ण जयंती पर हाफ मैराथन

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्रबंधन की ओर से आयोजित हाफ मैराथन दौड़ में हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने शहर की सड़कों पर दौड़ लगायी। खेल एवं स्वास्थ्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए देश के एकमात्र ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी बोकारो में पहली बार आयोजित इस दौड़ में शामिल होने के लिए 4600 धावकों ने अपने पंजीयन करवाये थे। दौड़ का शुभारंभ बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने झंडी दिखाकर किया। इस दौड़ में एशियन मैराथन चैंपियन और स्वर्ण पदक विजेता सुनीता गोदाराए बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम बीएस पोपली, संचार प्रमुख मणिकांत धानए जीएम अविनाश कुमारए जयदीप सरकार सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।तीन श्रेणियों के सर्वश्रेष्ठ धावकों को नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। दो किलोमीटर दौड़ में प्रथम दिव्यांगजन जावेद द्वितीय त्रिपुरारी व तृतीय विक्रांत रहे। 5 किलोमीटर में 40 वर्षीय श्रेणी में सलमान प्रथमए मन्नू कुमार महतो द्वितीय तथा नेहाल तृतीय रहे।

### देश की आजादी में नेताजी की अग्रणी भूमिका : अनिल

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित झंडा चौक के समीप शहीद पार्क में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जन्मदिन मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदुमन सोनी ने किया वही संचालन विनोद साव ने किया उपस्थित झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता संघर्ष में हमारे देश को जितने महानायक दिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस उनमें से सबसे अलग थे और वह उनका नारा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर अंग्रेजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था और आज के युवा पीढ़ी को उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है मौके पर प्रदुमन सोनी अनूप कुमार रॉबिन कसेरा राजू श्रीवास्तव अरुण प्रजापति पंकज शाह विवेक कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सिल्ली की स्वास्थ्य सहिया हड़ताल पर



**सिल्ली।** सिल्ली स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सहिया अपने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को सिल्ली अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठे। इस संबंध में सिल्ली स्वास्थ्य सहिया संघ के अध्यक्ष माधुरी देवी ने बताया कि झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के बैनर तले सिल्ली में कार्यरत सहिया आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमलोगों को मात्र दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।हम सभी टीकाकरण से लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाते हैं। तथा अपने कामों को ईमानदारी से कर रहे हैं। प्रोत्साहन राशि भी समय से नहीं मिलती है। जिससे सहिया आर्थिक तंगी से जूझ रही है। हमारी मांगों में प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 18 हजार रुपये मासिक मानदेयक, ईपीएफ भुगतान तथा नियमावली लागू कर सरकारी कर्मी का दर्जा देने आदि शामिल है। इस मौके पर निशा देवी, वीणा देवी, राधा देवी, आरती देवी, सुलोचना देवी, विभा देवी, मंजू देवी, विशोखा देवी, सुनीता देवी, कौसर खातून सरला देवी, आरती देवी, विमला देवी समेत सहिया उपस्थित थे।

### हेसलपीरी गांव में मनी नेताजी की जयंती

**ठाकुरगांव।** झारखंड युवा विकास मंच संस्था द्वारा सोमवार को बुढ़मू प्रखंड के हेसलपीरी गांव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, रणधीर चौधरी, मंच के अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने किया। मौके पर अतिथियों ने क्षेत्र के 325 गरीबों तथा असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया। पूर्व सांसद ने कहा कि संस्था समाजसेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि नेताजी के बताए मार्गों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व सांसद ने उपस्थित ग्रामीणों से सामाजिक कुरीतियों बालविवाह, दहेजप्रथा, नशापान, जुआ आदि से भी दूर रहने की अपील किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामदयाल महतो, राजकुमार महतो, ललित महतो, मुखिया कुशेन्द्र पाहन, सोनालाल महतो शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### हजारीबाग में हादसा ...

उनके साथ विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया इस्मत आरा, जिप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम,पंसस प्रतिनिधि इरफान खान, विधानसभा महासचिव आनंद मेहता, विद्युत विभाग एसडीओ राजेश निरंजन टोप्पो, एक्सक्यूटिव इंजीनियर महादेव मुर्मू, सदर मो.अमानत अली, सेक्रेटरी मोहम्मद अजहर उप मुखिया मनोज कुमार, वार्ड खुर्शीद आलम, अफताब अलम, मुखिया प्रतिनिधि आसिम अरशद समेत कई लोग मौजूद थे।

### झारखंडी ही चलायेंगे...

यह सरकार उनके मंसूबे को सफल नहीं होने देगी। झारखंड वीर शहीदों की धरती है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। समारोह में श्रममंत्री सत्यानंद भोक्ता,सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और गुमला विधायक भूषण तिर्की ने माला पहना कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया।

**20 सालों में केवल मजदूर पैदा हुए :** राज्य की पूववर्ती भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए सीएम ने कहा कि पिछले बीस सालों में राज्य में केवल मजदूर ही पैदा हुए। सरकारों ने इसकी चिंता नहीं की। आज जब हमने काम करना शुरू किया तो विपक्ष के पेट में दर्द शुरू हो गया। आज सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी पंचायत में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनकर उसका निवारण कर रही। कोरोना काल हमारे लिए एक बड़ी चुनौती बनकर हमारे सामने आया। संकट की उस घड़ी में सरकार ने कोरोना काल में भी पूरी संवेदनशीलता के साथ काम किया। लाखों मजदूरों को ट्रेन,हवाई जहाज से उनके घर तक लाया गया।

**बाहरी पर साधा निशाना :** कोर्ट से नियोजन नीति रद्द होने पर सोरेन ने बाहरी पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपी-बिहार के लोग कोर्ट में जाकर नियोजन नीति को रद्द करा दिया है। उन्होंने सिमडेगा का भी उदाहरण देते हुए कहा की आज सिमडेगा क्षेत्र में आदिवासी नहीं मिलेंगे। बाहरी लोगों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा वे अभी शहर पर कब्जा किये हैं, बाद में गांव में भी कब्जा कर लेंगे।

## स्पीड न्यूज

### महाराष्ट्र के गवर्नर का पद छोड़ेंगे कोश्यारी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने इस्तीफा देने की पेशकश की है। गवर्नर कोश्यारी पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे की सरकार के साथ टकराव के कारण सुर्खियों में रह चुके हैं। बता दें कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इससे पहले भी पद छोड़ने की बात कह चुके हैं। वहीं इस संबंध में गवर्नर कोश्यारी ने संकेत दिया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस संबंध में अपनी इच्छा से अवगत कराते हुए सभी पदों से मुक्ति की इच्छा जताई है।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन को राहत

**नयी दिल्ली।** ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने जैकलीन को अदालत में निजी तौर पर कोर्ट में उपस्थिति से छूट की अनुमति दे दी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने जैकलीन की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अभिनेत्री को यह राहत दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने 200 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की सुनवाई को भी स्थगित कर दिया है।

### अनिल देशमुख को राहत

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआइ द्वारा दर्ज मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को जमानत देने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। कोर्ट ने अनिल को 100 करोड़ की कथित वसूली का मामले में हाईकोर्ट से मिली जमानत बरकरार रखी है। कोर्ट ने जमानत के खिलाफ सीबीआइ की अपील खारिज कर दी है। अनिल देशमुख जेल से पहले ही बाहर आ चुके हैं।

### सीवान में जहरीली शराब पीने से 4 की मौत

**सीवान।** बिहार के सीवान में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई है। कई लोग अभी भी बीमार हैं, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अधिकारी का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा कि उन लोगों की मौत की वजह क्या है।

### सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

**मुंबई।** सोमवार को सेंसेक्स 319.90 अंकों की मजबूती साथ 60,941.67 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी भी 90.90 अंकों की बढ़त के साथ 18,118.55 अंकों के लेवल पर बंद हुआ।

## सुभाष चंद्र बोस को समर्पित स्मारक मॉडल के उद्घाटन पर बोले पीएम

# नेताजी को आजादी के बाद भुला देने का प्रयास हुआ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को आजादी के बाद भुला देने का प्रयास हुआ लेकिन अब देश उन्हें हर पल याद कर रहा है।

मोदी ने स्वाधीनता की लड़ाई में नेता जी के योगदान,उपलब्धियों और बलिदान की याद को सदैव ताजा रखने के लिए पिछले आठ साल में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा, 'आज नेताजी सुभाष की जन्म जयंती है, देश 'पराक्रम दिवस' के रूप में इस प्रेरणा दिवस को मनाता है।' मोदी ने नेताजीकी जयतंती पर अंडमान निकोबार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा के जरिए भाग लेते हुए 'परमवीर चक्र' विजेताओं के नाम पर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण किया। पीएम ने कहा कि आज 21वीं सदी का ये समय देख रहा है कि कैसे जिन नेताजी सुभाष को आजादी के बाद भुला देने का प्रयास हुआ, आज देश उन्हीं नेताजी को पल-पल याद कर रहा है। अंडमान में जिस जगह नेताजी ने सबसे पहले तिरंगा फहराया था, वहां आज गगन-चुंबी तिरंगा आजाद हिन्द फौज के पराक्रम का गुणगान कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीते 8-9 वर्षों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़े ऐसे कितने ही काम देश में हुये हैं, जिन्हें आजादी के तुरंत बाद से हो जाना चाहिए था। लेकिन उस समय नहीं हुआ।

मोदी ने कहा कि नेताजी का ये स्मारक, शहीदों और वीर जवानों के नाम पर ये द्वीप, हमारे युवाओं के लिए, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक चिरंतर प्रेरणा का स्थल बनेंगे। उन्होंने अंडमान निकोबार द्वीप समूह के लोगों को और सभी देशवासियों को इस अवसर पर बधाई दी तथा नेताजी सुभाष और परमवीर चक्र विजेता योद्धाओं को श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिन 21 द्वीपों को आज नया नाम मिला है, उनके इस नामकरण में भी गंभीर संदेश छिपे हैं। ये संदेश है- 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना । ये संदेश है- 'देश के लिए दिये गए बलिदान की अमरता का संदेश'। वयम् अमृतस्य पुत्रा। और, ये संदेश है- भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम का संदेश। कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित भाई शाह, अंडमान निकोबार के उप-राज्यपाल एडमिरल सेवानिवृत्त डीके जोशी, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख तथा परम वीर चक्र विजेता वीर जवानों के परिवारों के सदस्य उपस्थित थे।

### अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण



अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण मेजर सोमनाथ शर्मा, सूबेदार और कैप्टन (तत्कालीन लांस नायक) करम सिंह, पीरू सिंह, द्वितीय लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणे, नायक जदुनाथ सिंह, मेजर शैतान सिंह, कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हामिद, लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर, लांस नायक अल्बर्ट एक्का, मेजर होशियार सिंह, सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, नायब सूबेदार बाना सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडेय , सूबेदार मेजर संजय कुमार और सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह यादव (सेवानिवृत्त)जैसे पराक्रमी वीर सैनिकों के नाम पर किया।

करगिल युद्ध में ये दिल मांगे मोर का विजयघोष करने वाले कैप्टन बत्रा के नाम पर अंडमान में एक पहाड़ी भी समर्पित की गयी। मोदी ने नेताजी को समर्पित द्वीप पर बनने वाले स्मारक के मॉडल का भी अनावरण किया। उन्होंने जिन द्वीप पर नेताजी थे, वहां उनके जीवन और योगदानों को समर्पित एक प्रेरणास्थली स्मारक का भी शिलान्यास किया।

## समंदर की खतरनाक शिकारी पनडुब्बी 'वागीर' नौसेना में शामिल



एजेंसी

**मुंबई।** भारत समुद्र में लगातार अपनी ताकत बढ़ाने में जुटा है। इसी क्रम में पिछले महीने विनाशक मारमुगाओ के बाद अब पनडुब्बी वागीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है।

पनडुब्बी वागीर कलवरी क्लास की पांचवी पनडुब्बी है और इसका निर्माण मुंबई के मझगांव डॉक में किया गया है।

## एक-दूजे के हुए अथिया-केएल राहुल



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी और भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल आखिरकार सोमवार को शादी के बंधन में बंध गए हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों की शादी पूरे रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई। शादी के बाद सामने आई पहली तस्वीरों में अथिया शेट्टी और केएल राहुल दोनों काफी खुश दिख रहे हैं। दोनों के चेहरों पर प्यार की चमक साफ दिखाई दे रही है।

## कुश्ती महासंघ का कामकाज के लिए सरकार ने बनायी ओवरसाइट समिति

### मैरी कॉम होंगी प्रमुख

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ और उसके अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के धरने के बाद एक ओवरसाइट समिति बनाई है। यह समिति कुश्ती महासंघ के कामकाज को देखेगी। इसकी प्रमुख विश्व चैंपियन मुक्केबाज मैरी कॉम होंगी। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि डब्लयूएफ आइ के अध्यक्ष अपने पद पर काम नहीं करेंगे। हम विश्व चैंपियन मैरी कॉम की अध्यक्षता में ओवरसाइट कमेटी बना रहे हैं जिसमें ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, तृप्ति मुरगुंडे, राजगोपालन, राधा श्रीमन इसके सदस्य होंगे। इससे पहले मैरी कॉम को आईओए ने भी अपनी जांच समिति का प्रमुख बनाया था। आईओए सात सदस्यीय समिति का गठन किया था। आईओए पदाधिकारियों ने पहलवानों के आरोपों को गंभीर मानते हुए सात सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया, जिसमें मैरी कॉम को समिति का चेयरपर्सन चुना गया था।

## अग्निवीर योजना भारतीय सेना को कर रही है कमजोर : राहुल

**जम्मू।** राहुल गांधी ने कहा है कि अग्निवीर योजना भारतीय सेना को कमजोर कर रही है और देशभर में बेरोजगारी कई गुना बढ़ गयी है इसकी दर जम्मू में सबसे अधिक है। राहुल सोमवार को जम्मू कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू जिले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनसभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी जम्मू कश्मीर में राज्य के विशेष दर्जे की बहाली के लिए लड़ेगी। ज्यादातर लोगों ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया और कहा कि जम्मू में बेरोजगारी की दर देश में सबसे ज्यादा है।

## जजों को चुनाव का सामना नहीं करना पड़ता : कानून मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कॉलेजियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन जजों की नियुक्ति को लेकर कानून मंत्री किरेन रिजिजू के बयान सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि आप चुनाव का सामना नहीं करते लेकिन सोशल मीडिया के इस दौर में कुछ भी नहीं छुपाया जा सकता। केंद्र और न्यायपालिका के बीच मतभेद बढ़ता ही जा रहा है। किरेन रिजिजू ने कहा कि जजों को चुनाव का सामना नहीं करना पड़ता, लेकिन फिर भी वह जनता की नजर में हैं। उन्होंने कहा कि 'जनता आपको देख रही है' जो भी फैसले आप देते हैं, आप काम कैसे करते हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में, आप कुछ भी नहीं छुपा सकते। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'जज बनने के बाद, उन्हें चुनाव या जनता की जांच का सामना नहीं करना पड़ता। जनता जजों, उनके फैसलों और जिस तरह से वे न्याय देते हैं, और अपना आकलन करते हैं, उसे जनता देख रही है। कुछ भी छिपा नहीं है।' दिल्ली में एक कार्यक्रम में कानून मंत्री ने कहा, सीजेआइ ने मुझसे कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ प्रतिबंध होने चाहिए। सीजेआइ ने हमें जजों पर टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ कुछ सख्त कदम उठाने को कहा। मैंने उनका सुझाव लिया है और हम इस पर विचार कर रहे हैं, लेकिन जब लोग बड़े पैमाने पर आलोचना कर रहे हैं तो हम क्या कर सकते हैं?।

### रिटायर्ड जज के विचार का किया समर्थन



कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के विचारों का समर्थन करने की कोशिश की, जिन्होंने कहा था कि उच्चतम न्यायालय ने खुद न्यायाधीशों की नियुक्ति का फैसला कर संविधान का अपहरण किया है। हालिया समय में उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच गतिरोध बढ़ा है।

## बीपीएससी 68वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 12 फरवरी को

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 68वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा 2022 की परीक्षा तिथि जारी कर दी है। आयोग की ओर से बीपीएससी 68वीं परीक्षा का आयोजन 12 फरवरी, 2023 को किया जाएगा। बीपीएससी की संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित की जाएगी। बिहार लोक सेवा आयोग ने परीक्षा के लिए 38 जिलों में 805 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में फिर मंदिर में तोड़फोड़

**विक्टोरिया।** ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर खालिस्तानी समर्थकों ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। यहां के विक्टोरिया राज्य में एक मंदिर में खालिस्तानी समर्थकों ने कथित तौर पर तोड़फोड़ की है। इतना ही नहीं, मंदिर में भारत विरोधी कलाकृतियों को भी बनाया गया है। सोमवार को मीडिया रिपोर्ट्स में इसके बारे में बताया गया है। गौरतलब है कि एक पखवाड़े में तीसरी ऐसी घटना है जब ऑस्ट्रेलिया में किसी हिंदू मंदिर पर हमला किया गया है।

## पाकिस्तान के इस्लामाबाद से लेकर कराची तक बिजली गुल

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। सोमवार सुबह से पाकिस्तान का एक बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबा हुआ है। इसका कारण क्वेटा और गुड्डू के बीच हाई-टेंशन ट्रांसमिशन लाइनों में खराबी बताया जा रहा है। इसकी वजह से पाकिस्तान के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई। मालूम हो कि पाकिस्तान पहले से बिजली की किल्लत और लंबी कटौती का सामना कर रहा है। सरकार बिजली बचाने के लिए बाजारों को 8 बजे ही बंद करवा रही है। पाकिस्तान में पहले आटा खत्म हुआ, फिर गैस और पेट्रोल का संकट गहराया और अब बिजली भी गुल हो गई है। पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ ने कहा है कि देश में मौजूदा संकट के लिए पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख जिम्मेदार हैं, जिन्होंने 2018 के आम चुनाव में धांधली कर इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता में बैठाया।

**नेशनल ग्रिड में हुई गड़बड़ी**

पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि नेशनल ग्रिड में सुबह 7 बजकर 34 मिनट पर गड़बड़ी दर्ज की गई। बिजली सप्लाई बहाल करने के प्रयास जारी हैं। बिजली न होने से मेट्रो सेवा भी प्रभावित हुई है।

## अमेरिका के दबाव में कीव कर रहा शांति वार्ता को खारिज : रूस

**प्रिटोरिया।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन शांति वार्ता को खारिज कर रहा है। यह संघर्ष जितना अधिक समय तक जारी रहेगा, इसे हल करना उतना ही कठिन होगा। रूस ने बार-बार कहा है कि वह वार्ता के लिए तैयार है लेकिन यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका का कहना है कि उन्हें मॉस्को से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है। लावरोव ने कहा कि रूस बातचीत के बारे में गंभीर है। वे (यूक्रेनियन) जितनी देर मना करेंगे, इस संघर्ष को खत्म करना उतना ही कठिन होगा। प्रिटोरिया की यात्रा पर गए रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि मास्को कोई घोटाले नहीं चाहता। वही दूसरी तरफ यूक्रेन को संघर्ष जारी रखने के लिए मिल रहें अन्य देशों के सहयोग में भी बढ़ोतरी हो रही हैं। जर्मनी ने कहा वह यूक्रेन का समर्थन जारी रखेगा। यह बात जर्मनी के चांसलर ओलफ शुल्ज ने कही है। लेकिन यूक्रेनी सेना के लिए जर्मन लेपर्ड टू टैंक भेजने के विषय में उन्होंने कुछ नहीं कहा है। ब्रिटेन, लातविया, लिथुआनिया और एस्टोनिया ने जर्मनी से यूक्रेन को टैंक भेजने का अनुरोध किया है।

## फ्रंटलाइन वर्कर की भूमिका में नजर आयेंगी ऋचा चड्ढा



बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अपनी आने वाली फिल्म में कोविड संकट की दूसरी लहर के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। जी स्टूडियोज के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक आचार्य ने किया है ऋचा का कहना है कि यह 'वास्तविक घटनाओं' पर आधारित है। उन्होंने कहा, यह फिल्म उन वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, जिन्हें हम सभी ने कोविड की दूसरी लहर के दौरान देखा था। ऋचा का कहना है कि यह फिल्म महामारी के दौरान हमारे पूरे जीवन पर एक नजर डालती है, जहां हम इंसान होने से डरते थे, वहां अनिवार्य दूरी लागू थी। यह उन डॉक्टरों और नर्सों के बारे में बात करती है जो निस्वार्थ भाव से अपना काम कर रहे थे। मैं ऐसी ही एक नर्स की भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।







## फ्रांस को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में जर्मनी




एजेंसी

**भुवनेश्वर।** जर्मनी ने सोमवार को पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के क्रॉसओवर मुकाबले में फ्रांस को 4-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में मार्को मिल्टकॉ (14वां), निकलस वेलेन (18वां), मैट्स ग्रैम्बुश (23वां), मॉरिट्ज ट्रोम्पर्ट्ज (24वां) और गोंजालो पीलट (59वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये। फ्रांस का सांत्वना गोल फ्रांसिस गोयेट ने 57वें मिनट में किया। दो बार की चैंपियन जर्मनी गोल संख्या के आधार पर बेल्जियम से पिछड़कर पूल-बी से क्वार्टरफाइनल में नहीं पहुंच सका था। क्रॉसओवर मुकाबले में भी उसे अपने पहले गोल के लिये इंतजार करना पड़ा, हालांकि 14वें मिनट में मार्को के गोल ने गतिरोध तोड़ दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने आक्रामकता के साथ खेलते हुए तीन गोल दागे और हाफ टाइम से पहले ही फ्रांस पर विशाल बढ़त बना ली। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले फ्रांसिस ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। फ्रांस ने इस गोल से आत्मविश्वास लेकर अंतिम क्षणों में जर्मनी पर दबाव बनाना चाहा लेकिन 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोंजालो के गोल ने उसकी सभी उम्मीदें समाप्त कर दीं। जर्मनी अब 25 जनवरी को होने वाले क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। फ्रांस को नौंवे से 16वें स्थान के मुकाबलों में 26 जनवरी को वेल्स का सामना करना है।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन रुबलेव, जोकोविच क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न।** सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और आंद्रे रुबलेव ने सोमवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जबकि फ्रांस की कैरोलीना गार्सिया उलटफेर का शिकार होकर टूनामेंट से बाहर हो गयीं। रॉड लेवर एरीना पर खेले गये प्री-क्वार्टरफाइनल में जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-1, 6-2 से हरा कर आसानी से शीर्ष-8 में कदम रखा। दूसरी ओर, रुबलेव को क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन अंततः वह डेनमार्क के होल्गर रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 4-6, 7-6(11-9) से हराने में कामयाब रहे। अविश्वसनीय पांचवें सेट में, रुबलेव ने 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी की। इसके बाद उन्होंने 5-6 की सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। फिर निर्णायक टाई-ब्रेकर में भी रुबलेव ने 0-5 से पिछड़कर वापसी की।

## विराट आइसीसी टी20 टीम 2022 का हिस्सा बने पुरुष और महिला दोनों टीमों में 3-3 खिलाड़ी



**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए साल 2022 की टी20कटीम ऑफ द ईयर का एलान कर दिया। इस टीम में दुनियाभर के वह खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल गेंद और बल्ले के साथ अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। आइसीसी ने पुरुष और महिला दोनों टीमों में 11 खिलाड़ियों को चुना है और दोनों टीमों में भारत के तीन-तीन खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहे हैं। पुरुषों की टी20 टीम में भारत से तीन, इंग्लैंड और पाकिस्तान से दो-दो और न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, श्रीलंका और आयरलैंड से एक-एक खिलाड़ी शामिल है। जोस बटलर, जिन्होंने पिछले नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में इंग्लैंड की टीम को चैंपियन बनाया था, उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया है।

**2022 के लिए आईसीसी की पुरुषों की टीम**

जोस बटलर (कप्तान-विकेटकीपर), मोहम्मद रिजवान, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ग्लेन फिलिप्स, सिकंदर रजा, हार्दिक पांड्या, सैम करन, वनिन्दू हसरंगा, हारिस रऊफ, जोशुआ लिटिल।

**2022 के लिए आईसीसी की महिलाओं की टीम**

स्मृति मंधाना, बेथ मूनी, सोफी डिवाइन (कप्तान), ऐश गार्डनर, ताहलिया मैक्ग्राथ, निदा डार, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), सोफी एक्लेस्टोन, इनोका राणावीरा, रेणुका सिंह।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !